य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी, संवत् 2081

वर्ष : 19 | अंक : 338 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित



'जो हो गया उसे छोड़ो...गलतियों से सीखो, मजबूत होकर वापसी करो'

@स्पोर्ट्स&गेमिंग



भारतीय हर माह विदेश में खर्च रहे 12.5 अरब रुपए

@इंडिया&वर्ल्ड



अब 6 माह से कम सेवा वाले कर्मचारी भी पेंशन फंड से पैसे निकाल सकेंगे

@बिजनेस&वेल्थ

## शरीर की भी प्रकृति होती है

गुलाब कोठारी

शरीर कोई साधारण मशीन नहीं, ब्रह्माण्ड की प्रतिकृति है। उसके बाद भी कोई दो शरीर एक जैसे नहीं होते। विज्ञान भले ही ठोस दावे ठोकता रहे, आज भी हमारे तीन शरीर (कारण-सूक्ष्म-स्थूल), पंचकोश, सप्तगुण जैसे सिद्धान्तों को स्पष्ट नहीं कर पाया। तीन मन, तीन श्रेणी के प्राण और प्रकृति के सांवत्सरिक चक्र के समन्वय की अवधारणा को चिकित्सा से नहीं जोड़ पाया। यही कारण है कि कई बीमारियों की जड़ तक नहीं पहुंच पाया। शरीर (स्थूल) में होने वाली अभिव्यक्ति (सिम्टम्स) की ही चिकित्सा हो पा रही है। दवा बन्द कैसे हो, जब रोग का कारण, कारण-शरीर में उपस्थित हो। मरते दम तक दवा बन्द नहीं कर सकते-भले ही उसके साइड इफेक्ट होते रहें। चिकित्सा की लागत का अनुमान भी लगा सकते हैं।

दूसरी बात है शरीर निर्माण की प्रक्रिया के ज्ञान में विरोधाभास। शरीर में परिवर्तन की प्रक्रिया की एक प्राकृतिक गति होती है। इससे तेज परिवर्तन का प्रयास इस प्राकृतिक प्रणाली को ध्वस्त कर देता है। हर शरीर में रोग भी पनपने में कई वर्ष लेता है। उसे पुन: स्वस्थ होने में भी उतना ही समय चाहिए। यही तो आयुर्वेद चिकित्सा का आधार है। कौन रोगी आज के युग में इतना समय चिकित्सा में लगाने को तैयार होगा! उसे तो तुरन्त स्वस्थ होना है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए ही मेडिकल साइन्स नए-नए प्रयोग करता है। मानव जीवन एक प्रयोगशाला बन गया है। कभी सल्फा ड्रग्स रामबाण थी- विष बन गई। पेनिसिलिन अगले चरण में विषैली साबित हो गई। एंटीबायोटिक के आगे भी कई दवा-प्रणालियां बाजार में हैं। एक से बढ़कर एक साइड इफेक्ट से समाज त्रस्त है। क्योंकि इन औषधियों की प्रहारात्मक गति शरीर की प्राकृतिक परिवर्तन गति से कई गुणा तेज है। शरीर का रोग निरोधक तंत्र समर्पण कर देता है। रोग पर नियंत्रण छूट जाता है। कैंसर इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।

आपने मधुमेह की दवा ली। शरीर को इन्सुलिन मिल गया। शुगर कम हो गई। पेन्क्रियाज (अग्नाशय ग्रन्थि) को सन्देश गया-'इन्सुलिन नहीं बनाना है'। फैक्ट्री बन्द हो गई। आप 15-20 वर्ष तक दवा खाते रहेंगे, तो इस काल में पेन्क्रियाज काम ही नहीं करेगी। धीरे-धीरे सदा के लिए बन्द हो जाएगी। दवा की मात्रा सब तय करेंगी। दवा बन्द करने की सलाह भी कोई डाक्टर नहीं देगा। समय के साथ डायबिटीज के कारण कितने दूसरे अवयवों पर दुष्प्रभाव पड़ता है, यह तो आज सर्वविदित है। यही हाल और भी कुछ असाध्य रोगों का है।

शरीर में जो अन्न या दवा पेट में जाएगी, उनका पहले रस बनता है। रस निर्माण के जो रसायन हैं, वे सब अन्त:स्रावी ग्रन्थियों (endocrine glands) से निकलते हैं। इन रसायनों का निर्माण हमारे विचार तंत्र से होता है।

पहला सुख निरोगी काया@पेज09

gulabkothari@epatrika.com

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा :** पीएम मोदी आज लोकसभा में देंगे जवाब

# संसद ने कराया जीवंत लोकतंत्र का अहसास, हंगामों के बीच तीखी चर्चा

### भाजपा ने की राहुल के बयानों का सत्यापन कराने की मांग

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** संसद के दोनों सदनों ने सोमवार को जीवंत लोकतंत्र का अहसास कराया। दिनभर बहस चली, कोई बायकॉट नहीं हुआ। हंगामा तो खूब हुआ पर पक्ष-प्रतिपक्ष दोनों ने संयम दिखाया। प्रतिपक्ष ने तीखे हमले किए तो सत्तापक्ष ने हस्तक्षेप कर आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन बहस चलती रही। यहां तक की नेता प्रतिपक्ष ने आसन पर भी सवाल उठाए, फिर भी सदन पटरी पर ही रहा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तो राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर तीखे वार किए और चुनाव के दौरान विपक्ष पर लगे आरोपों का जवाब दिया। बाद में भाजपा नेताओं ने स्पीकर से राहुल के बयानों का सत्यापन कराने की मांग की और कहा कि आरोप साबित नहीं हुए तो स्पीकर उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी ने सदन में अपने पहले भाषण में सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में हर वर्ग और व्यक्ति को डराते हैं, जबकि कांग्रेस अभय मुद्रा में है। शेष@पेज09

'जवानों में डाली जा रही है फूट, एक को पेंशन, दूसरे को नहीं'@पेज02

**लोकसभा लाइव** | पहली बार सदन में टकराए

## अपने को हिंदू कहते हैं, फैलाते हैं हिंसा : राहुल
## पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गलत : मोदी



**लोकसभा** में चर्चा के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाते राहुल गांधी।



**राहुल** की हिंदुओं पर टिप्पणी के बाद हस्तक्षेप करते पीएम मोदी।

- **राहुल:** मोदीजी ने एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। उसका कारण है, हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। हमारे महापुरुषों ने अहिंसा, डरो मत, डराओ मत की बात कही है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत, अभय मुद्रा को दिखाते हैं, त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत... (सदन में हंगामा) आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है, सत्य के साथ खड़े होना चाहिए। हिंदू डर नहीं फैला सकता।
- **नरेन्द्र मोदी (खड़े होकर):** ये विषय बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गलत है।
- **राहुल:** नहीं...नहीं... नरेंद्र मोदी जी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। भाजपा, आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये ठेका नहीं है भाजपा का।
- **अमित शाह :** नेता प्रतिपक्ष इस्लाम में अभय मुद्रा पर एक बार वो इस्लामिक विद्वानों का मत ले लें।
- **राहुल:** भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या ने भाजपा को संदेश दिया। अयोध्या की जनता के दिल में नरेंद्र मोदी जी ने भय पैदा कर दिया। उनकी जमीन ले ली, घर गिरा दिए। ... मोदी अयोध्या से लड़ते तो हार जाते। ...राजनाथ और नितिन गडकरी इनके सामने नमस्ते तक नहीं करते।
- **पीएम मोदी (खड़े हुए):** मुझे लोकतंत्र ने सिखाया है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

शेष@पेज09



### शिव की तस्वीर पर बिरला ने टोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान शिवजी की तस्वीर के साथ कुछ अन्य तस्वीरें दिखाई, जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने राहुल को टोका। बिरला ने कहा कि आपके सदस्य 353 का नियम बता रहे थे। सदन नियम प्रक्रिया से चलना चाहिए। नियम के अनुसार, किसी भी चिह्न या प्लेकार्ड को सदन में नहीं दिखाना चाहिए। इस पर राहुल ने कहा कि क्या हाउस में भगवान शिव की तस्वीर दिखाना मना है?

**नए कानून :** पुलिसराज के आरोप किए खारिज

# अब मामला दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल जाएगा इंसाफ : शाह

**पोस्टर के जरिए नए कानूनों की जानकारी**



**नई दिल्ली.** पोस्टर में नई आपराधिक कानूनों के बारे में पढ़ता राहगीर।

### पीड़ित को मिला सूचना का अधिकार

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के उठाए सवालों का सिलसिलेवार जवाब दिया। उन्होंने नए कानूनों से पुलिसराज स्थापित होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि ये कानून पीड़ितों के हितों की रक्षा करने वाले हैं। एफआइआर दर्ज होने के दिन से तीन साल के अंदर पीड़ितों को न्याय मिलेगा। फरियादियों को अदालतों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी। मुकदमों का बोझ भी कम होगा। 90% केस में दोष सिद्धि हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अब दंड की जगह न्याय लेगा, देरी की जगह स्पीडी ट्रायल और स्पीडी जस्टिस मिलेगा। शेष@पेज09

### पहले किसी कानून पर इतनी चर्चा नहीं

**क्या** कानून जल्दबाजी में पारित हुआ? शाह ने इस सवाल पर कहा, आजादी के बाद किसी भी कानून को पारित कराने के लिए इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई। लोकसभा में 34 सदस्यों ने 9 घंटा 34 मिनट और राज्यसभा में 40 सदस्यों ने 7 घंटा 10 मिनट चर्चा में भाग लिया। चार साल तक कानून पर विचार हुआ। शाह ने विपक्ष से कहा, आपको अब भी कुछ कहना है तो जरूर आइए, मैं सुनने को तैयार हूं। जो मूल बिल आया था, उसे स्थाई कमेटी के पास भेजा गया। इसकी अनुशंसा आने के बाद मूल बिल में 93 बदलाव किए गए।

नए दंड कानून के तहत भोपाल में दर्ज हुआ पहला मामला@पेज02

## न्यूज विंडो

### केजरीवाल ने लगाई याचिका

**नई दिल्ली@पत्रिका.** आबकारी घोटाले में सीबीआइ की गिरफ्तारी और 14 दिन की न्यायिक हिरासत के फैसले के खिलाफ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें ट्रायल कोर्ट की ओर से गिरफ्तारी को लीगल बताए जाने को भी चुनौती दी गई है। इसी मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### बैडमिंटन खिलाड़ी की कोर्ट पर मौत

**जकार्ता@ पत्रिका.** इंडोनेशिया के योग्याकार्टा में एशिया जूनियर चैंपियनशिप टूर्नामेंट के दौरान रविवार देर रात कोर्ट पर गिरने से चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी (17) की मौत हो गई। पहले गेम में झांग फर्श पर गिर पड़े। मौत के कारण का पता नहीं चला है।

### सिविल सेवा परीक्षा (प्री) का परिणाम जारी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** संघ लोक सेवा आयोग ने सोमवार को सिविल सेवा परीक्षा 2024 (प्रारंभिक) का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षार्थी वेबसाइट upsc. gov. in और upsconline. nic. in पर परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा 16 जून को दो पारियों में हुई थी।

**नारी शक्ति की जीत :** स्नेहा ने झटके आठ विकेट

# अब हमारी बेटियों ने टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराया



**चेन्नई@पत्रिका.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को चेन्नई के एम. चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए टेस्ट मैच में 10 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी छह विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित कर दी थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 266 रन ही बना सकी। फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में उसने 373 रन बनाए। भारत ने 37 रन का लक्ष्य बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में 77 रन देकर आठ विकेट हासिल किए। वह टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में आठ विकेट हासिल करने वाली तीसरी महिला क्रिकेटर बन गई हैं। विस्तृत@ स्पोर्ट्स&गेमिंग

**मेघ मल्हार :** देश में जून में हुई सामान्य से 11 फीसदी कम बारिश– आइएमडी

# अगले पांच दिन मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों में झमाझम की संभावना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** इस बार मानसून समय से पहले आने के बावजूद जून में सामान्य से कम बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने सोमवार को बताया कि देश के कई हिस्सों में बारिश हो रही है, लेकिन जून के मध्य में इसकी रफ्तार धीमी रही। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन मध्यप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं। आइएमडी के मुताबिक जून में दक्षिण को छोड़कर सभी क्षेत्रों में सामान्य से 11 % कम बारिश हुई। मध्य भारत के इलाकों में औसत से 14 फीसदी, उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में 33 फीसदी और उत्तर-पूर्वी इलाकों में 13 फीसदी कम बारिश हुई। जबकि दक्षिण में औसत से 14% ज्यादा बारिश हुई।



**राजस्थान** के अलवर में सोमवार सुबह हुई बारिश के दौरान दाउदपुर फाटक से स्टेशन रोड के बीच भरा पानी। जिलेभर में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई।

### जून में कहां कितनी बारिश




### महीने के आखिर में खूब बरसे बादल

**मौसम** विभाग के मुताबिक असम, मेघालय, अरुणाचल, बिहार, बंगाल, सिक्किम, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, यूपी, ओडिशा, एमपी, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण, गोवा, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र के कई इलाकों में 29 जून को भारी बारिश हुई।

**हिमाचल हाईकोर्ट :** ड्राइवर के खिलाफ मामला रद्द

# पुलिस के एक्शन की स्ट्रीमिंग सरकारी ड्यूटी में बाधा नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शिमला.** एक महत्त्वपूर्ण फैसले में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग किसी लोक सेवक को उसके कर्त्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालना नहीं है। कोर्ट ने एक ड्राइवर के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया, जिस पर ट्रैफिक स्टॉप के दौरान फेसबुक पर लाइव होने के कारण मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस संदीप शर्मा ने कहा कि फेसबुक पोस्ट के जरिए उसने यह बताने की कोशिश की कि उसे परेशान किया जा रहा है।

याचिकाकर्ता सीताराम शर्मा 24 अगस्त, 2019 को कथित तौर पर बिना सीट बेल्ट कार चला रहा था। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन शर्मा ने गाड़ी आगे ले जाकर पार्क की। जब दस्तावेज मांगे तो शर्मा ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और फेसबुक पर लाइव हो गया, जिसमें उसने कहा कि उसे गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। अदालत के समक्ष मुख्य मुद्दा यह था कि क्या शर्मा का फेसबुक लाइव होना आइपीसी की धारा 186 के तहत अपराध है, जो किसी लोक सेवक को कार्यों के निर्वहन में बाधा डालता हो?

### 'बाधा' की परिभाषा

**कोर्ट** ने कहा, फेसबुक पर लाइव होना और टिप्पणी करना राजकार्य में बाधा नहीं है। याचिकाकर्ता ने ऐसा कोई आचरण नहीं किया, जिसे राजकार्य में बाधा माना जाए। जस्टिस शर्मा ने स्पष्ट किया कि धारा 186 के तहत 'बाधा' उसे माना जाएगा, जब बल के प्रदर्शन या धमकी से लोक सेवक को कर्त्तव्य पूरा करने से रोका जाए। इस मामले में ऐसा कुछ नहीं हुआ।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**राहत**

### कमर्शियल गैस सिलेंडर 30 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली@पत्रिका.** तेल कंपनियों ने जुलाई के पहले दिन 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 30 रुपए घटा दी। दिल्ली में इसकी कीमत 1,676 से घटकर 1,646 रुपए हो गई। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया।



**मानहानि की सजा**

### मेधा पाटकर को पांच माह की जेल

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने सोमवार को मानहानि मामले में नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को पांच माह की जेल की साधारण जेल की सजा सुनाई। उनके खिलाफ 24 साल पहले वी.के. सक्सेना ने मामला दर्ज कराया था, जो अभी दिल्ली के एलजी हैं।

**हरियाणा**

### कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़@पत्रिका.** कांग्रेस के नेता कुणाल भड़ाना (32) की रविवार देर रात हरियाणा के फरीदाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके बड़े भाई ज्योतिंद्र भड़ाना ने मामला दर्ज कराया है। उनका कहना है कि हत्या आपसी रंजिश को लेकर की गई। पुलिस जांच कर रही है।

**चलो चलें मितवा** | अमरीकी स्पेस एक्सप्लोरेशन एंड रिसर्च एजेंसी के मिशन में भारत शामिल

# सिर्फ 209 रुपए में अंतरिक्ष की सैर कर सकेंगे आम भारतीय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आम भारतीय भी जल्द अंतरिक्ष की सैर कर सकेंगे। उन्हें इसके लिए सिर्फ 2.5 डॉलर (करीब 209 रुपए) देने होंगे। अमरीका की स्पेस एक्सप्लोरेशन एंड रिसर्च एजेंसी (सेरा) ने भारत को अपने स्पेस मिशन में शामिल किया है। मिशन दिग्गज उद्योगपति जेफ बेजोस की कंपनी ब्ल्यू ऑरिजिन के न्यू शेफर्ड रॉकेट से पूरा होगा। सेरा दुनियाभर के लोगों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए काम कर रही है। वह ब्ल्यू ऑरिजिन के साथ मिलकर उन देशों को मौका दे रही है, जिनके पास अंतरिक्ष में जाने के लिए ज्यादा संसाधन नहीं हैं।

न्यू शेफर्ड रॉकेट दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। मिशन के तहत यह लोगों को अंतरिक्ष की सीमा पार कराएगा, जहां से धरती का नजारा देखने लायक होगा। शेष@पेज09

शारीरिक मानकों पर खरा उतरना होगा, तीन दिन की ट्रेनिंग भी दी जाएगी



### वोटिंग के जरिए चुने जाएंगे छह लोग

**मिशन** के लिए कोई भी भारतीय आवेदन कर सकता है। आवेदन के लिए 2.5 डॉलर देने होंगे। लोगों को वोटिंग के जरिए चुना जाएगा। वोटिंग तीन चरणों में होगी। हर चरण में कुछ लोग बाहर होते जाएंगे। पांच सीटों के लिए देश और क्षेत्र के हिसाब से वोटिंग होगी, जबकि छठी सीट के लिए दुनियाभर के लोग वोट कर सकेंगे।

### 150 से ज्यादा देशों को मिलेगा मौका

**सेरा** का मकसद 150 से ज्यादा देशों के लोगों को अंतरिक्ष की सैर कराना है। स्कुर्ला का कहना है कि हमारी कोशिश है कि अंतरिक्ष को सभी के लिए सुलभ बनाएं। दुनिया का हर व्यक्ति अंतरिक्ष की खोज में भूमिका निभा सके। मिशन में जाने के लिए लोगों को कुछ शारीरिक मानकों पर खरा उतरना होगा। जो लोग चुने जाएंगे, उन्हें ब्ल्यू ऑरिजिन की साइट पर तीन दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी।

**अचानक मशीन फेल :** ग्राउंड टेस्ट से पहले तकनीकी गड़बड़ी से हुआ हादसा

# चीनी माल... अपने आप लॉन्च हो गया रॉकेट, तेज धमाके के साथ पहाड़ियों के बीच क्रैश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीजिंग.** चीन की एक निजी अंतरिक्ष फर्म का रॉकेट अपने आप लॉन्च हो गया। कंपनी का कहना है कि रॉकेट में तकनीकी गड़बड़ी आ गई थी। तियानलोंग-3 नाम के रॉकेट का ग्राउंड टेस्ट होना था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ट के दौरान रॉकेट का पहला स्टेज जल उठा। ढांचागत गड़बड़ी के कारण यह बेंच से अलग हो गया और करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गोंगयी इलाके की पहाड़ियों में क्रैश हो गया। शुरुआती जांच में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कंपनी का कहना है कि टेस्ट के मद्देनजर इलाके को पहले ही खाली करा लिया गया था। हालांकि रॉकेट क्रैश होने से पहाड़ी जंगल में आग लग गई।

### बिखर गए टुकड़े

**रॉकेट** के टुकड़े आसपास के इलाके में फैल गए। हालांकि आग को कुछ देर में बुझा लिया गया। चीन में रॉकेट के मलबों का गिरना आम बात है, लेकिन इस तरह टेस्ट के दौरान रॉकेट का अचानक उड़ना व क्रैश होना दुर्लभ घटना है। कंपनी का दावा है कि वह साल में 30 से ज्यादा बार ऐसे रॉकेट लॉन्च कर सकती है।

### फाल्कन-9 से की जा रही थी तुलना

**रॉकेट** स्पेस पायनियर कंपनी का था। पिछले साल तियानलोंग-2 रॉकेट को लॉन्च कर यह स्पेस में लिक्विड कैरियर रॉकेट भेजने वाली चीन की पहली कंपनी बन गई थी। तियानलोंग-3 भी इसी तकनीक पर आधारित रॉकेट था। इसकी तुलना स्पेसएक्स के फाल्कन-9 से की जा रही थी।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

## न्यूज विंडो

### सरिस्का : जमीन मिलते ही होंगे होटल-रिसॉर्ट जमींदोज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अलवर/नई दिल्ली.** सरिस्का टाइगर रिजर्व को एक बड़ा फायदा होने जा रहा है। क्रिटिकल टाइगर हैबीटेट (सीटीएच) की 41 हजार हेक्टेयर जमीन का नोटिफिकेशन प्रशासन कभी भी कर सकता है। इसकी तैयारियां चल रही हैं। इस कदम को एनजीटी में दायर याचिका के खौफ के रूप में देखा जा रहा है। चार जुलाई को होने वाली सुनवाई में प्रशासन को इस प्रकरण को लेकर अपना पक्ष रखना है।

वर्ष 2007-08 में सरिस्का टाइगर रिजर्व के सीटीएच एरिया का नोटिफिकेशन किया गया। यह एरिया 88 हजार 111 हेक्टेयर था। नियमों के मुताबिक जिला प्रशासन को यह जमीन सीटीएच में दर्ज करके इसे वन विभाग को सौंपना था, लेकिन विभाग के नाम महज 18 हजार 425 हेक्टेयर ही रकबा आ पाया। बचा रकबा वन विभाग के नाम इसलिए नहीं दर्ज हो पाया, क्योंकि इसका रिकॉर्ड ही नहीं मिल पा रहा है।

**भाजपा ने कहा- नेता प्रतिपक्ष ने सदन की गरिमा गिराई**

# राहुल आरोपों को साबित करें, भाजपा ने स्पीकर से की मांग


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते किरेन रिजिजू और अश्विनी वैष्णव।

### लोकसभा में हिंदुओं के हिंसक होने, अग्निवीर, अयोध्या मुआवजा पर गलत बयानी के भाजपा ने लगाए आरोप

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी के मंगलवार को लोकसभा में दिए बयानों पर भाजपा हमलावर है। भाजपा ने अग्निवीर, हिंदू और हिंसा के साथ अयोध्या में एयरपोर्ट आदि के लिए जमीन देने वालों को मुआवजा न मिलने जैसे बयानों का सत्यापन कराने की मांग लोकसभा स्पीकर से की है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लोकसभा स्पीकर ने सत्यापन का आश्वासन दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को बयानों को साबित करना होगा, अन्यथा उनके खिलाफ लोकसभा स्पीकर नियमों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष होने के कारण तथ्य के साथ ही उन्हें बोलने का हक है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में अति गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर के शहीद होने पर उनके परिवार को कोई मुआवजा नहीं दिया जाता है। इससे बड़ा झूठ नहीं हो सकता। रक्षामंत्री ने सदन में ही स्पष्ट रूप से कहा कि अग्निवीर के शहीद होने पर उनके परिवार को एक करोड़ रु. का मुआवजा दिया जाता है।

#### कांग्रेस करती है हिंदुओं को अपमानित: वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि राहुल गांधी ने अयोध्या में मुआवजे के बारे में भी भ्रम फैलाया, जबकि राज्य सरकार मुआवजे की जानकारी दे चुकी है। राहुल गांधी ने आज संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहा है। उन्होंने हिंदू समाज को अपमानित करने का काम किया है। कांग्रेस की यह पुरानी पद्धति है। 2010 में तत्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम ने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था तो 2012 में तत्कालीन गृहमंत्री सुशील शिंदे ने भी यही बात दोहराई थी। 2021 में राहुल ने कहा था कि हिंदुत्ववादियों को देश से निकाल देना चाहिए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को गिरा दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसदीय इतिहास में स्टैंडर्ड प्रैक्टिस है, जब राष्ट्रपति संयुक्त सत्र संबोधित करते हैं तो बाद में उनके अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होता है। राहुल ने राष्ट्रपति को धन्यवाद तक नहीं दिया। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने जो आज सदन में बोला है, वो कांग्रेस की फितरत बन चुकी है।

# डॉक्टरों ने मरीजों से सीखा...मौत को हराना व दुख-दर्द में भी मुस्कुराना

*जयपुर@पत्रिका. मरीज के लिए डॉक्टर भगवान के समान होते हैं, क्योंकि अमूमन वही उसे स्वास्थ्य लाभ या जीवनदान देते हैं, लेकिन ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब डॉक्टरों ने अपने मरीजों से जीवन के सबक लिए हैं। इसके साथ ही वे मर्ज और मौत से असंभव लगने वाली लड़ाई लड़ने के लिए भी प्रोत्साहित हुए हैं। इस संबंध में पत्रिका ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के कुछ विशेषज्ञ चिकित्सकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कैसे मरीजों से मिली सीख को उन्होंने जीवन में उतारा है...*

### आइसक्रीम स्टिक से बनाया मुंह खोलने का उपकरण

**सीख:** जीवन में कभी हार न मानें, समस्या का हल निकालने की कोशिश करें


-डॉ. सुरेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट

**कैंसर** का पता चलने के बाद कई मरीज तनावग्रस्त हो जाते हैं तो कुछ इससे छुटकारा पाने की जद्दोजहद में पूरी तरह से जुट जाते हैं। ऐसा ही उदाहरण है 45 वर्षीय मरीज कैलाश शर्मा का। वह मुंह के कैंसर से ग्रस्त था। सर्जरी के बाद उसका मुंह नहीं खुल रहा था। इससे राहत के लिए कसरत व कुछ उपकरण सुझाए गए, जो काफी महंगे थे। मरीज कैलाश की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह इन्हें खरीद सके। लेकिन उसने हार नहीं मानी और अपनी इस समस्या का समाधान महज 50 रुपए में निकाल लिया। उसने आइसक्रीम स्टिक से मुंह खोलने के लिए इम्प्लांट (अस्थायी) बना दिया। जब उसने दिखाया तो हम हैरत में पड़ गए। अब उसके इस इनोवेशन को हम दूसरे मरीजों को बता रहे हैं। कैलाश जैसे मरीजों के हौसले देखकर मुझे हार न मानने का बड़ा सबक मिलता है।

### जिंदा रहने के लिए किया मौत से संघर्ष


-डॉ. विनय मल्होत्रा, अधीक्षक, एसएमएस सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक

32 वर्षीय मरीज राहुल (परिवर्तित नाम) मरीज बचपन से ही किडनी की बीमारी से जूझ रहा है। उसने बचपन से लेकर जवानी तक हर स्टेज और उम्र में जिंदा रहने की जिद लिए मौत से संघर्ष किया है लेकिन हमें कभी उसके चेहरे पर मायूसी नहीं दिखी। हमेशा मुस्कुराता रहता था। उसे बचपन में ही डायबिटीज हो गई थी और तीन साल की उम्र में ही उसकी किडनी खराब हो गई थी और उसे डायलिसिस पर लेना पड़ा। इसके बाद उसका ट्रांसप्लांट हुआ। वह कई बार गंभीर अवस्था में पहुंचा लेकिन उसने खुद को हारने नहीं दिया। वह परिवार को भी संबल देता था। ऐसे में मामलों में कई बार हम हार मान जाते हैं लेकिन वह अपनी जिजीविषा से जीवित है और बच्चों के साथ दवा लेने आता है।

**राजस्थान बजट सत्र कल से**

### भजनलाल कैबिनेट की बैठक आज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर** . भजनलाल कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में होगी। जानकारी के मुताबिक पहले दोपहर 12:30 बजे कैबिनेट की बैठक होगी। उसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय ने बैठक का एजेंडा जारी नहीं किया, लेकिन माना जा रहा है कि 3 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में रखे जाने वाले विधेयकों पर चर्चा कर उन पर मुहर लगेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में नई तबादला नीति को लेकर भी चर्चा होनी है। इस नीति को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल सकती है। लोकतंत्र सेनानी विधेयक पर भी कैबिनेट की मुहर लग सकती है। सरकार लोकतंत्र सेनानी विधेयक को बजट सत्र में पेश करने की तैयारी कर रही है। इनके अलावा कुछ नीतिगत फैसले लिए जा सकते हैं।

**77 साल बाद स्वदेशी कानून : कोलकाता में धोखाधड़ी की धारा 318 में एफआइआर दर्ज**

## नए दंड कानून के तहत भोपाल में दर्ज हुआ पहला मामला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.भोपाल.** अंग्रेजों के जमाने के 162 साल पुराने दंड कानूनों (भारतीय दंड संहिता, भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम) की जगह आजादी के 77 साल बाद देश में रविवार रात 12 बजे से लागू हुए नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता' (बीएनएस)के तहत पहला मामला भोपाल के हनुमानगंज थाने में 12.16 बजे दर्ज हुआ। रात 12.05 बजे की घटना का यह मामला प्रफुल्ल चौहान ने दर्ज कराया जिसमें उन्होंने अभियुक्त पर गाली गलौज का आरोप लगाया। बीएनएस की धारा 296 के तहत यह मामला दर्ज हुआ जिसमें तीन माह के कारावास या 1000 रुपए जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान है। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस वार्ता में कहा कि पहला मामला ग्वालियर में मोटरसाइकिल चोरी से संबंधित दर्ज हुआ। बीएनएस सहित तीनों नए कानून लागू होने के बाद रात 12.10 बजे एक मामला दिल्ली में रेहड़ी वाले के खिलाफ बीच सड़क पर पानी-गुटखा बेचने का आया था लेकिन पुलिस ने एफआइआर समीक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए यह मामला रद्द कर दिया।

राजस्थान में पाली जिले के सादड़ी थाने में बीएनएस की धारा 115 (2), 126 (2), 324 (4) व 324 (5) के तहत सोमवार सुबह पहला मामला हमला कर ट्रेक्टर ले जाने और रुपए छीनने का दर्ज हुआ। कर्नाटक में बेंगलूरु के एचएसआर ले-आउट थाने में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में थाउजेंड लाइट थाने में लूटपाट का मामला दर्ज हुआ जिसमें एक जने को गिरफ्तार भी किया गया। पश्चिम बंगाल में पहली एफआइआर कोलकाता के बांसद्रोणी थाने में धोखाधड़ी की धारा 318 (4) के तहत एक महिला ने दर्ज करवाई। गुजरात में गांधीनगर के चिलोड़ा थाने में बीएनएएस के तहत पहली एफआईआर एक बाइक चालक के विरुद्ध गलत पार्किंग की धारा में दर्ज की गई।

**थल सेना : कई कमानों के आर्मी कमांडर बदल**

## जनरल एनएस राजासुब्रमणि ने संभाला उप सेना प्रमुख का पद

सुरेश व्यास
patrika.com

**नई दिल्ली.** साउथ ब्लॉक में नए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के कार्यभार सम्भालने के साथ ही सैन्य नेतृत्व का चेहरा भी बदल गया है। सेनाध्यक्ष के बाद उप सेना प्रमुख बनाए गए थल सेना की लखनऊ स्थित सेंट्रल कमान के आर्मी कमांडर पद से स्थानांतरित होकर आए लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने भी सोमवार को नया पदभार ग्रहण कर लिया। उनके अलावा जयपुर स्थित दक्षिण-पश्चिम कमान (सप्तशक्ति) समेत सेना की कई कमानों के आर्मी कमांडर भी बदल गए हैं। जनरल सुब्रमणि दिसम्बर 1985 में सेना की गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हुए थे। निवर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे को 30 दिन का सेवा विस्तार दिए जाने के बाद उठी अटकलों में उनका नाम भी नए सेनाध्यक्ष के रूप में चला था।


नए सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि।

### थल सेना सभी चुनौतियों के लिए तैयार : जनरल द्विवेदी


चार्ज लेने के बाद अपने भाई का पैर छूकर आर्शीवाद लेते जन. द्विवेदी।

नव नियुक्त थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि सेना बदलते सामरिक परिवेश में हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। जनरल द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेनाध्यक्ष के रूप में कमान संभाली। उन्होंने सोमवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे साउथ ब्लॉक स्थित सेना मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में मीडिया के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सेना आज विशेष सामरिक चुनौतियों का सामना कर रही है और किसी भी स्थिति का मुकाबला करने के लिए हर वक्त तैयार है।

**धन्यवाद प्रस्ताव : विपक्ष ने हर मुद्दे पर घेरा**

## 'जवानों में डाली जा रही है फूट, एक को पेंशन, दूसरे को नहीं'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को अग्निवीर मामले में आरोप लगाया कि जवानों में फूट डाली जा रही है, एक को पेंशन और शहीद का दर्जा और दूसरे को नहीं और फिर ये (सरकार) अपने आप को देशभक्त कहते हैं। इस पर गलत बयानी कर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि शहीद होने पर अग्निवीर को एक करोड़ रुपए की धनराशि सहायता में दी जाती है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा कि सदन झूठ बोलने की जगह नहीं। तथ्यात्कम बात रखनी चाहिए। अगर नेता प्रतिपक्ष अपने स्टेटमेंट का सत्यापन नहीं करते तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### 10 साल 4 महीने 10 दिन बाद लोकसभा में विपक्ष

एक जुलाई 2024: प्रतिपक्ष को नेता मिलने के लिए 10 साल 4 माह 10 दिन का इंतजार करना पड़ा। इतने सालों में सिर्फ प्रतिपक्ष ही नहीं बदला बल्कि प्रतिपक्ष की पूरी तस्वीर भी बदल गई। सत्ता पर राज करने वाले नेता विपक्ष में बैठे दिखाई दिए और विपक्ष के नेता सत्तासीन। राष्ट्रपति अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के तौर पर करीब पौने दो घंटे तक अपनी बात रखी। इससे पहले 21 फरवरी 2014 को विपक्ष की नेता के तौर भाजपा की दिग्गज नेता सुषमा स्वराज ने 21 फरवरी 2014 विपक्ष के नेता के रूप में अपना भाषण दिया था। इसके बाद बनी दो बार भाजपा सरकार इतनी बहुमत से बनी कि प्रतिपक्ष के पास नेता प्रतिपक्ष बनने तक के लिए मूलभूत नंबर तक हासिल न कर पाई।

#### मेरा संस्कार बड़ों के सामने झुकने का : बिरला

**राहुल गांधी** ने कहा कि स्पीकर बनने के बाद बिरला ने जब मुझसे हाथ मिलाया, तब वो सीधे रहे, लेकिन पीएम से हाथ मिलाने पर झुक गए। इस पर सदन में सत्ता पक्ष के सांसदों ने इसे स्पीकर का अपमान बताते हुए हंगामा किया। बिरला ने राहुल से कहा कि प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं। मुझे व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन के साथ आसन पर बड़ों का सम्मान झुक कर नमस्कार करने के संस्कार मिले हैं। यही हमारी संस्कृति भी है। बिरला ने कहा कि आवश्यक होने पर बड़ों का पैर छूकर भी सम्मान किया जा सकता है। जबकि, अपने बराबर वालों और छोटों से बराबरी का व्यवहार करने के संस्कार मिले हैं।

**राजस्थान हाईकोर्ट ने लिया स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया**

## खाने की चीजों में मिलावट से फैल रहा कैंसर, कानून बनाकर सरकार इसे रोके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान हाईकोर्ट ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण कैंसर सहित कई जानलेवा बीमारियां होने पर चिंता जताई है। कोर्ट ने स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर केन्द्र व राजस्थान सरकार को सख्त कानून बनाकर मिलावट रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही, केन्द्र सरकार के गृह, स्वास्थ्य, कृषि व खाद्य आपूर्ति मंत्रालय, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण तथा राजस्थान के मुख्य सचिव, गृह, खाद्य सुरक्षा व स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिवों सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड ने सोमवार को मिलावट को लेकर स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया। मिलावट के कारण किडनी, हृदय व लीवर आदि अंगों पर प्रभाव के साथ ही कुपोषण का भी शिकार हो रहे हैं। मिलावटी व घटिया खाना एक बड़ी चुनौती है। देश ही नहीं दुनिया में कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद व्यापारी कम लागत के लिए 20 फीसदी खाद्य पदार्थ मिलावटी या असुरक्षित बेच रहे हैं। 70 फीसदी दूध में पानी मिला होता है। दूध में डिटर्जेंट मिला होने के प्रमाण भी हैं।

**ठंडे बस्ते में पड़ा है विधेयक:** खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2006 पर्याप्त नहीं है, यह असंगठित क्षेत्र, हॉकर्स पर लागू न होकर सिर्फ प्रोसेसिंग यूनिट पर लागू होता है। सैंपल जांचने की लैब कम हैं और तकनीक के अभाव में खाद्य प्राधिकारी निगरानी नहीं रख पाते। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2020 में खाद्य सुरक्षा मानक बिल तैयार किया, लेकिन ठंडे बस्ते में डाल दिया।

#### हाईकोर्ट ने यह दिए निर्देश

- शुद्ध के लिए युद्ध अभियान को त्यौहार या शादियों के सीजन तक सीमित नहीं रखें।
- सीएस की अध्यक्षता में राज्य और कलक्टरों की अध्यक्षता में जिला कमेटियां बनें।
- खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 को पुख्ता बनाएं।
- प्रयोगशालाओं को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराएं।
- केन्द्र व राज्य सरकार की वेबसाइट पर जिम्मेदार अधिकारियों के नंबर और टोल फ्री नंबर जारी किए जाएं।

### ट्रक-कार भिड़ंत में 9 जनों की मौत

**करौली@पत्रिका.** कैलादेवी से दर्शन कर मंडरायल के खिरकन गांव लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी कार की ससेड़ी मोड़ के पास ट्रक से सोमवार शाम भिड़ंत हो गई। जिससे कार सवार 8 जनों की मौके पर ही मौत हो गई और 5 घायलों को सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान एक घायल ने दम तोड़ दिया। चार घायलों का उपचार चल रहा है। मृतकों में 5 महिलाएं व 1 बच्चा शामिल हैं। श्रद्धालुओं से भरी कार खिरकन गांव लौट रही थी। भिड़ंत के बाद ग्रामीणों की सहायता से घायलों को सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया। जहां 2 घायलों की सीटी स्कैन कर एक महिला हेमा को जयपुर रेफर किया गया जबकि करीब ढाई साल की बालिका, किशोरी व एक युवक का उपचार चल रहा है।

**परिणाम घोषित : कई जगह निर्दलीयों ने प्रमुख दलों को पछाड़ा**

## पंचायत व शहरी निकाय उपचुनाव में भाजपा ने बाजी मारी, कांग्रेस दूसरे नंबर पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर/नई दिल्ली.** राजस्थान के 47 जिलों में 4 जिला परिषद सदस्यों, 16 पंचायत समिति सदस्यों, 40 ग्राम पंचायतों में सरपंचों एवं 325 वार्ड पंचों और 11 शहरी निकाय के 11 पार्षदों के लिए 30 जून को उपचुनाव करवाए गए।

इनका सोमवार को परिणाम जारी किया, जिनमें भाजपा ने बाजी मारी। सरपंच और वार्ड पंच के लिए राजनीतिक दल का चिन्ह प्रयोग नहीं होता। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, सीकर एवं सिरोही जिला परिषद के लिए एक-एक सदस्य का चुनाव हुआ।

इनमें से प्रतापगढ़, सीकर व सिरोही जिला परिषद सदस्य के लिए भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की, वहीं बांसवाड़ा जिला परिषद सदस्य के एक पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा। जिला परिषद के विजयी रहे 4 सदस्यों में एक महिला शामिल है।

#### निकाय : भाजपा के 6, कांग्रेस के 4 विजयी

13 जिलों की 16 पंचायत समितियों के 16 सदस्यों में से 6 भाजपा, 6 कांग्रेस एवं 4 निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए। इनमें से फलोदी की घंटियाली में सदस्य निर्विरोध चुना गया, जीतने वालों में 6 महिलाएं हैं। उधर, 11 नगर निकायों के 11 पार्षदों में से भाजपा के 6, कांग्रेस के 4 एवं एक निर्दलीय प्रत्याशी निर्वाचित हुए।

**उपलब्धि** — पहली बार 1 लाख से अधिक प्रजातियों को किया गया शामिल

## जीव-जंतु प्रजातियों की सूची तैयार, हम अव्वल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत अपने संपूर्ण जीव-जंतुओं की चेकलिस्ट तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 109वें स्थापना दिवस के अवसर पर 1,04,561 प्रजातियों को शामिल करते हुए भारत के जीवों की एक सूची जारी की है। 'फौना ऑफ इंडिया' चेकलिस्ट पोर्टल के जरिए जारी की गई रिपोर्ट जीव प्रजातियों पर पहला व्यापक दस्तावेज है। इसमें 36 फाइला को कवर करने वाले सभी ज्ञात टैक्सा की 121 चेकलिस्ट शामिल हैं। सूची में स्थानिक, संकटग्रस्त और अनुसूचित प्रजातियों को शामिल किया गया है।

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एनिमल टैक्सोनॉमी समिट-2024 के उद्घाटन के दौरान कहा कि अच्छी बात यह है कि भारत जैव विविधता संरक्षण में वैश्विक चैंपियन है। हमारी परंपरा, लोकाचार और मूल्य प्रकृति का सम्मान करते हैं और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। जीवों की सूची वर्गीकरण वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, संरक्षण प्रबंधकों और नीति निर्माताओं के लिए एक अमूल्य संदर्भ होगी।

- 'फौना ऑफ इंडिया' चेकलिस्ट पोर्टल के जरिए जारी की गई रिपोर्ट जीव प्रजातियों पर पहला व्यापक दस्तावेज है। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण स्थापना दिवस पर जारी हुई रिपोर्ट।



#### देश ने की कई पहल

**पर्यावरण** मंत्री यादव ने कहा कि हमारे मिशन लाइफ ने दुनिया के सामने सतत उपभोग और संरक्षण की थीम रखी। यादव ने जैव विविधता और प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस जैसी पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की 'एनिमल डिस्कवरीज - 2023' का विमोचन किया, जिसमें 641 नई पशु प्रजातियां शामिल हैं। इसी तरह बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया की 'प्लांट डिस्कवरीज - 2023' में 339 पौधों की प्रजातियां हैं।

**मानहानि मामला : दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

## लक्ष्मी पुरी को ₹50 लाख देंगे टीएमसी सांसद गोखले

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली** . दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले को संयुक्त राष्ट्र में भारत की पूर्व सहायक महासचिव और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की पत्नी लक्ष्मी पुरी द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में 50 लाख रुपए हर्जाना देने सहित माफी मांगने का आदेश दिया।

जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कहा कि वादी की प्रतिष्ठा को गोखले के अपमानजनक बयानों के कारण अपूरणीय क्षति हुई है। अदालत ने गोखले को अंग्रेजी के एक समाचार पत्र में माफीनामा प्रकाशित करवाने और अपने ट्विटर हैंडल पर भी माफीनामा पोस्ट करने का निर्देश दिया है, जिसे 6 महीने तक डिलीट नहीं किया जाना चाहिए।

गोखले ने अपने ट्वीट में लक्ष्मी पुरी द्वारा स्विटजरलैंड में खरीदी गई संपत्ति का जिक्र किया था और उनकी तथा उनके पति की संपत्तियों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने ट्वीट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी टैंग किया था और ईडी जांच की मांग की थी।

#### यह था मामला

**लक्ष्मी** पुरी ने यह मुकदमा गोखले द्वारा अपमानजनक पोस्ट के बाद दायर किया था। याचिका में कहा गया था कि गोखले ने 13 और 23 जून, 2021 को उनके और उनके पति हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ ट्वीट करते हुए झूठे और अपमानजनक आरोप लगाते हुए कहा था कि दंपती ने वर्ष 2006 में जिनेवा में काले धन से एक घर खरीदा है।

पोलमपोल भायो

'अँगरेजी' कानून सूँ, मिली करारी सीख।
आस करो रोड़ा मिटैं, 'तारिख पर तारीख'!!

## गुलाब कोठारी का उदयपुर में 'संवाद सेतु' कार्यक्रम आज



**उदयपुर @ पत्रिका.** पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी मंगलवार को उदयपुर में अपने संवाद सेतु कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख मुद्दों व विकास की संभावनाओं को लेकर गणमान्य लोगों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गणमान्य लोग शामिल होंगे। कोठारी देश के विभिन्न हिस्सों में इस तरह के संवाद कार्यक्रमों के तहत समाज के हर वर्ग के लोगों से बातचीत करते रहे हैं। यह कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच संवाद का सेतु बनने का प्रयास है।

### ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

राजस्थान में तीन जुलाई से भारी बारिश

2. 

संसद में आमने-सामने हुए राहुल गांधी व राजनाथ सिंह

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### न्यूज शॉर्ट्स

#### पुरालेखपाल प्रतियोगी परीक्षा 3 अगस्त से

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के लिए पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, रसायनज्ञ एवं शोध अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 3 से 5 अगस्त तक किया जाएगा। परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षाओं का आयोजन अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। इसमें पुरालेखपाल एवं सहायक पुरालेखपाल के पदों की परीक्षा 3 अगस्त तथा शोध अध्येता तथा शोध अधिकारी के पदों की परीक्षा 4 अगस्त को होगी। इसी प्रकार रसायनज्ञ की परीक्षा 5 अगस्त को होगी।

#### सात विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी पर आपत्ति कल से

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रतियोगी परीक्षा-2023 के तहत सैट विषय की मॉडल उत्तरकुंजी जारी की है । अभ्यर्थी 3 से 5 जुलाई तक आपत्ति दे सकेंगे। मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आयोग ने एबीएसटी, इंग्लिश, राजस्थानी, एप्लाइड आर्ट, लाइब्रेरियन, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तथा होम साइंस विषय की मॉडल उत्तरकुंजियां वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। अभ्यर्थी इन उत्तर कुंजियों पर आपत्ति निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्रों के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**रात 12:07 बजे बयाना में नए कानून के अंतर्गत दर्ज हुई एफआइआर**

# नए कानून में सुबह 7:30 बजे पाली के सादड़ी थाने में दर्ज हुआ पहला अपराध

### जयपुर में मोबाइल छीनने पर दर्ज हुआ स्नैचिंग का पहला मामला, अन्य जिलों में भी दर्ज हुए प्रकरण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्रदेश में सोमवार को मामले दर्ज होना शुरू हो गए। बीएनएसएस की धारा 173 के तहत पहली एफआइआर भरतपुर जिले के बयाना थाने में रविवार रात 12.07 बजे दर्ज हुई, जबकि पिछले 24 घंटों में हुए अपराध को लेकर दर्ज हुई पहली एफआइआर सुबह 10.22 बजे पाली के सादड़ी थाने में दर्ज हुई। स्नैचिंग को लेकर प्रदेश की पहली एफआइआर राजधानी में मोबाइल छीनकर ले जाने को लेकर दर्ज हुई।

पुलिस के अनुसार बयाना में दर्ज हुआ मामला जमीन विवाद को लेकर कनपटी पर हथियार लगाकर जाति सूचक शब्द कहने से संबंधित हैं, जो इस्तगासे पर पिछले दिनों आए अदालत के आदेश के आधार पर दर्ज किया गया। घटना पिछले माह की होने के कारण यह मामला पुराने कानून आइपीसी की धाराओं में ही दर्ज किया गया है, वहीं आइपीसी की जगह लेने वाले बीएनएस की धाराओं में मोरखा निवासी मदन लाल ने पहला मामला पाली जिले के सादड़ी थाने में दर्ज कराया।

#### स्नैचिंग की धारा में पहला मामला

**जयपुर** के आदर्श नगर थाने में एक जुलाई की शाम 5:10 बजे स्नैचिंग के अपराध में पहली एफआइआर दर्ज की गई। प्रताप नगर निवासी शिब्बू सैनी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार सुबह साढ़े दस बजे मॉल के बाहर बैठा था, एक बाइक सवार मोबाइल छीनकर ले गया।

*- बीएनएस की धारा 304 (2) में मामला दर्ज किया।*

**नए आपराधिक कानूनों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक**

## अपराध मुक्त राजस्थान के निर्माण के लिए नवीन कानून साबित होंगे मील का पत्थर: मुख्यमंत्री

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 1 जुलाई से लागू हुए नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम से संविधान की मूल भावना को बल मिला है। पुराने कानूनों में केवल सजा का प्रावधान था, लेकिन अब इन नए कानूनों में न्याय पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधमुक्त राजस्थान बनाने तथा शीघ्र एवं सुलभ न्याय के लिए ये कानून मील का पत्थर साबित होंगे।

सीएम शर्मा सोमवार को नवीन आपराधिक कानूनों को आमजन तक पहुंचाने को लेकर गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक ले रहे थे। बैठक में सभी 50 जिलों से पुलिस



गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए सीएम

विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, ग्राम रक्षक और पुलिस मित्र तथा आमजन वर्चुअल रूप से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1860 में बने भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा 1872 में बने एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने से कानून में भारतीयता की आत्मा को दुबारा स्थापित किया गया है। इन नए कानूनों में न्याय की अवधारणा, पीड़ित केंद्रित सोच तथा त्वरित न्याय के सिद्धांत पर बल दिया गया है। नए कानूनों का अब तक प्रदेश के 50 हजार से अधिक पुलिस कर्मी प्रशिक्षण ले चुके हैं।

#### हर पुलिस थाने में डेशबोर्ड लगाकर दी जाएगी जानकारी

**सीएम** ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक थाने पर कानूनों की जानकारी के संबंध में डेशबोर्ड लगाया जाए। नवीन आपराधिक विधियों का प्रचार-प्रसार करें। बैठक में बताया कि पुलिसकर्मियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 51 हजार से अधिक पुलिसकर्मी नए कानूनों का प्रशिक्षण ले चुके हैं। आमजन को सरलतम शब्दों में जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। बैठक में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने भी विचार व्यक्त किए।

#### बीएनएस की धाराओं में पहला मामला

**पाली** के सादड़ी थाने में बीएनएस की धाराओं में दर्ज पहले मामले में रोककर मारपीट करने एवं सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की शिकायत है। एफआइआर में बताया कि पड़ोसी खेत वाले ने सुबह खेत से ट्रैक्टर ले जाने की बात पर हमला कर दिया तथा रुपए छीन लिए। पुलिस ने मामला 10:22 बजे दर्ज किया गया।

***मामला बीएनएस की धारा 115 (2), 126 (2), 324 (4) व 324 (5) के अंतर्गत दर्ज किया।***

#### यहां भी दर्ज हुए मामले

**पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर (पूर्वी जिला):** बीएनएस के तहत पहली एफआइआर मथानिया थाने में धारा 331 (4), 305 ( ड्) के तहत दर्ज की गई।

**बारां:** सीआरपीसी के स्थान पर लागू बीएनएसएस की धारा 151 के तहत शहर में कोतवाली थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को पाबंद किया है।

**झुंझुनूं:** नए कानूनों के अंतर्गत पहला मामला दोपहर 12 बजकर 26 मिनट पर झुंझुनूं शहर में कोतवाली थाने में मारपीट का दर्ज हुआ। इसमें सलीम पुत्र खादिम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके बहनोई जगसेन, बहन समीम, नसरीन, भांजे व अन्य ने घर में घुसकर उसके व उसकी पत्नी रोशनी के साथ मारपीट की। पुलिस ने बीनएस की धारा 189 (2), 115 (2) व 126 (2) में मामला दर्ज किया

#### ये मामले भी दर्ज हुए नए कानून में

- चित्तौड़गढ़ में सदर थाने में धारा 126 व 170 के तहत दर्ज मामले में ओछड़ी गांव के शंभूलाल को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले शांति भंग के मामले में पुराने कानून के तहत गिरफ्तारी होती थी।
- जोधपुर ग्रामीण के थाना खेडापा में पहली एफआइआर दर्ज की गई। इसमें बीएनएस की धारा 303(2) व खान एवं खनिन (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 में दर्ज किया गया।

**फोटो स्टोरी**

## लुभा रही नन्हे घड़ियालों की अठखेलियां



**धौलपुर.** अंडवा पुरैनी स्थित कटरा घाट पर इन दिनों अंडों से निकले सैकड़ों नन्हे घड़ियालों की अठखेलियां प्रकृति प्रेमियों को लुभा रही हैं, लेकिन मानसून का सीजन शुरू होने से इन पर खतरा मंडरा रहा है। दरअसल हर साल अंडों से निकले करीब 98 फीसदी नन्हे घड़ियाल मानसून में चंबल में बहाव तेज होने पर यह बह जाते हैं और दम तोड़ देते हैं। बमुश्किल 2 फीसदी बच्चे ही बच पाते हैं। हालांकि एमपी के मुरैना जिले में स्थित घड़ियाल प्रजनन केंद्र इन घड़ियालों की गतिविधि पर नजर रखता है और उन्हें बेहतर माहौल प्रदान करने का प्रयास करता है। फोटो: *नरेश लवानिया*

## बस की चपेट में आई बाइक, एक ही परिवार के चार जनों की मौत


शफी


चीनू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नागौर.** शहर की मानासर पुलिया पर सोमवार को रोडवेज बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में एक परिवार के चार जनों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हादसा शाम छह बजे एसडीएम कार्यालय के समीप मानासर पुलिया पर हुआ। पांचौड़ी थाना इलाके के देऊ निवासी शफी खां (40), साली मुन्नी (35), पुत्र वधू गुड्डी (18) और पुत्र चीनू (5) को लेकर बाइक से सर्विस रोड से पुलिया की तरफ चढ़ रहा था। इस दौरान जोधपुर से कुचामन जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक करीब दो सौ मीटर तक घिसटती चली। हादसे में चारों की मौत हो गई। शव जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाए गए हैं। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम होगा।

**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का तीसरा चरण शुरू**

## भामाशाह और जनप्रतिनिधि उपलब्ध करा सकेंगे टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की दिशा में चल रही गतिविधियों के तहत डॉक्टर्स डे के अवसर पर सोमवार से 9325 ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का तीसरा चरण शुरू किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए चिह्नित ग्राम पंचायतों में टीबी रोगी खोज अभियान, सामुदायिक भागीदारी एवं जन जागरूकता बढ़ाने संबंधी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 31 मार्च 2025 तक यह अभियान संचालित किया जाएगा।

अभियान के दौरान आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की ओर से वर्ष में दो बार घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की खोज की जाएगी। टीबी से उपचारित हो चुके टीबी चैम्पियन की ओर से उपचाररत रोगियों एवं संभावित रोगियों को जागरूक किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर क्षय रोगियों को सामुदायिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निक्षय मित्र बनाए जाएंगे। निक्षय मित्र के रूप में भामाशाह या जनप्रतिनिधि टीबी रोगियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार एवं अन्य सहायता उपलब्ध करवाकर इसमें सहयोग कर सकता है।

**हरयाळो राजस्थान अभियान शुरू**

## प्रदेश को हरा-भरा रखने का लिया संकल्प, लगाए पौधे

पत्रिका हरयाळो राजस्थान हरियाली से खुशहाली

**जयपुर.** प्रदेश को हरा-भरा बनाने को लेकर राजस्थान पत्रिका का हरयाळो राजस्थान अभियान सोमवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी 50 जिलों में पौधरोपण को लेकर कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं, संगठन, क्लब और स्कूल-कॉलेजों को विद्यार्थियों ने भाग लिया। मानसून आने और कई शहरों व क्षेत्रों में बरसात का दौर जारी रहने से इस अभियान को और गति मिली है। गांव, कस्बे और जिला मुख्यालयों पर पत्रिका के साथ संस्थाएं इस अभियान में जुट गई हैं।


@ अजमेर

**अजमेर.** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में पौधरोपण किया गया। चरक भवन समेत अन्य परिसर में नीम, करंज, अशोक, शीशम, अमलताश, नींबू, पलाश के पौधे लगाए गए। ब्यावर, किशनगढ़, केकड़ी, सरवाड़ समेत जिले के अन्य कई स्थानों पर भी अभियान के तहत पौधे लगाए गए।

**जोधपुर.** श्रीसैनिक क्षत्रीय रामतलाई संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान चैनपुरा मगरा महादेव मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया गया। एमडीएम अस्पताल परिसर में डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ ने पौधरोपण किया। पहले दिन अलग-अलग आयोजन में 400 से ज्यादा पौधे लगाए गए।

**राजस्थान यूनिवर्सिटी से हुई पौधोरपण की शुरुआत**
**जयपुर.** राजस्थान पत्रिका की ओर से शुरू किए गए हरयाळो राजस्थान अभियान के तहत सोमवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। कुलपति अल्पना कटेजा ने पौधा रोपण कर अभियान का आगाज किया। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो.रामअवतार शर्मा, रजिस्ट्रार अवधेश सिंह सहित छात्र मौजूद रहे।

**झुंझुनूं** शहर में पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने 11 सौ पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। मलसीसर मार्ग पर नौरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल संस्थान के अलावा नवलगढ़ में कुनणी देवी महिला कॉलेज परिसर में 101 पौधे लगाए गए।

**भीलवाड़ा.** महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में पौधरोपण से अभियान आगाज हुआ। इस दौरान पौधों की देखरेख का संकल्प लिया। यहां 50 फलदार व छायादार पौधे लगाए। बड़ी संख्या डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ, नर्सिंग छात्राएं व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**बारां.** रूडसेट परिसर में पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा और संरक्षा का संकल्प लिया गया। आयोजकों के अनुसार इस सीजन में यहां करीब 300 पौधे लगाए जाएंगे। संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों तथा स्टाफ ने उत्साहपूर्वक किया। करंज, नीम, पीपल, गुलमोहर, अमरुद तथा अनार के पौधे लगाए गए।

**झालावाड़.** ग्रीन फ्रेंड सोसायटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉक्टर डे के अवसर पर नई जेल के पीछे वन विभाग परिसर में पौधरोपण किया गया। सोसायटी के सचिव विनय जैन ने बताया कि इस मौके पर करीब आठ प्रजातियों के 51 पौधे लगाए गए।

**सुनेल.** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राम मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक प्रदीप शर्मा ने पत्रिका समूह द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहनाकरते हुए कहा कि जितना ज्यादा पौधरोपण होगा, उतना ही स्वच्छ वातावरण भी होगा।

**कोटा.** झालावाड़ रोड श्रीराम वाटिका में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर,कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। यहां 555 पौधे लगाए। इसके अलावा वन क्षेत्र में 330 पौधे लगाए गए।

**सीकर.** पत्रिका व मनसुख रणवां स्मृति संस्थान के तत्वावधान में भोजासर के शीलजति महाराज आश्रम में 501 फल व छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान आम, पीपल, बील, आंवला, अनार, सेव, जामुन आदि के पौधे लगाए गए। संस्थान ने प्रदेश में 50 हजार पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

**बिलाड़ा (जोधपुर).** जोधपुर ग्रामीण व फलोदी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी सघन पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान लोगों ने उत्साह से भागीदारी निभाई। पीपल, नीम, वटवृक्ष, खेजड़ी, रोहिड़ा, जाळ आदि प्रजातियों के पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

**उदयपुर.** प्रेरणा संस्थान व रामपुरा व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में रामपुरा चौराहे पर इंडियन बैंक के पास 51 पौधे रोपकर अभियान की शुरुआत की गई। संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ ही स्कूली बच्चों ने भी पौधे रोपकर अपनी भूमिका निभाई।

**बीकानेर.** सुजानदेसर गोचर भूमि पर पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। सीवरेज पंपिंग स्टेशन रोड पर गोचर भूमि में मातृशक्ति ने पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान गोचर भूमि पर सहजन, नीम, खेजड़ी, बोरटी, रोहिड़ा, नेपियर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु प्रोग्राम की रिपोर्ट** | **जोधपुर-अलवर में सुधार, उदयपुर-जयपुर-कोटा में नहीं**

# पांच साल में 541 करोड़ खर्च, फिर भी आबोहवा सुधरने की आस अधूरी

पंकज वैष्णव
patrika.com

**उदयपुर.** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु प्रोग्राम की रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के चयनित पांच में से दो शहर जोधपुर और अलवर की आबोहवा में सुधार हुआ, लेकिन उदयपुर, जयपुर और कोटा की हवा में उम्मीद के मुताबिक सुधार नहीं हो पाया।

केंद्र सरकार ने प्रोग्राम के तहत प्रदेश के पांचों शहरों पर 541 करोड़ खर्च किए थे। आमजन को स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने देशभर के 122 शहरों के लिए कार्यक्रम चलाया। पांच साल के लिए चलाए गए प्रोग्राम में राजस्थान के पांच शहर शामिल किए गए थे। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू होने के बाद जोधपुर एवं अलवर शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। अन्य शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार लाने के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया है।



**कब-कब, कितना खर्च हुआ बजट**

| वित्तीय वर्ष | एनसीएपी स्कीम | 15वां वित्त आयोग | कुल |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2019-20 | 18.12 | 00 | 18.12 |
| वर्ष 2020-21 | 3.80 | 140.50 | 144.30 |
| वर्ष 2021-22 | 00 | 140.50 | 140.50 |
| वर्ष 2022-23 | 18.46 | 208.44 | 226.90 |
| वर्ष 2023-24 | 11.32 | 00 | 11.32 |
| पांच वर्षों में | 51.70 | 489.44 | 541.14 |

*(राशि करोड़ों में)*

**5 साल में आया बदलाव**

| शहर | वर्ष 2019-20 | वर्ष 2023-24 |
|---|---|---|
| जोधपुर | 159 | 141 |
| अलवर | 125 | 122 |
| जयपुर | 122 | 142 |
| कोटा | 100 | 126 |
| उदयपुर | 130 | 132 |

(वायु गुणवत्ता मापक: पीएम-10 कॉन्स)

**राजस्थान में खर्च की स्थिति**

- राज्य सरकार को केंद्र सरकार ने उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं अलवर शहरों के लिए अब तक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु योजना में कुल राशि 51.7 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए।
- केंद्र सरकार की ओर से 15वें वित्त आयोग के तहत राज्य सरकार को उदयपुर, जोधपुर व कोटा शहरों के लिए अब तक कुल राशि 489.44 करोड़ रुपए उपलब्ध कराई गई।

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम: एक नजर**

**वायु** प्रदूषण बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। देशभर में बढ़ती वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के रूप में एक व्यापक तरीके से अखिल भारतीय कार्यान्वयन के लिए समयबद्ध राष्ट्रीय स्तर की रणनीति शुरू की गई। एनसीएपी वर्ष 2019 में शुरू किया गया। देश के 122 शहरों में बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए कार्यक्रम चलाया गया। वर्ष 2017 को आधार मानकर पीएम 10 की सांद्रता में 2024 तक 30 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य रखा गया।

**खाण्डा फलसा थाने का मामला**

## दो कांस्टेबल 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### मुकदमे में मदद के लिए महिला एसआइ के नाम से ली रिश्वत


आरोपी नरेन्द्र।


आरोपी जैमल।

**जोधपुर @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने खाण्डा फलसा पुलिस थाने के कांस्टेबल जैमल राम व नरेन्द्र कुमार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों कांस्टेबल ने यह रिश्वत मारपीट के एक मामले में परिवादी का नाम हटाने की एवज में ली थी। दोनों ने संबंधित मुकदमे की जांच अधिकारी महिला उपनिरीक्षक (एसआइ) देऊ के नाम पर यह रिश्वत मांगी। एससीबी देऊ की भूमिका की भी जांच कर रही है। एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी पाली की द्वितीय इकाई को शिकायत मिली कि खाण्डा फलसा पुलिस थाने में एक मुकदमे में मदद के लिए जांच अधिकारी के नाम पर कांस्टेबल रिश्वत मांग रहे हैं।

## कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र भाजपा : राठौड़



**जयपुर @ पत्रिका.** विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने तारानगर और सरदारशहर विधानसभा के कार्यकर्ताओं लिए धन्यवाद सभा आयोजित की। उन्होंने कहा कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है। भाजपा के कार्यकर्ता कभी भी मेहनत करने में पीछे नहीं रहते हैं। हर चुनाव में एक सैनिक के रूप में डटकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाया है। परिणाम हम सभी के सामने हैं, देश और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है।

**मंगेतर को आत्महत्या के लिए मजबूर किया**

## युवती को पांच साल की जेल

**जयपुर @ पत्रिका.** राजधानी की अधीनस्थ अदालत ने मंगेतर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में किरण प्रजापत को पांच साल की सजा सुनाई, वहीं उसके प्रेमी पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया। जयपुर महानगर-द्वितीय क्षेत्र के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-3 ने यह आदेश दिया। किशन लाल ने 6 फरवरी 2021 को आसलपुर-जोबनेर रेलवे लाइन पर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि मृतक के पिता ने इस मामले में जीआरपी फुलेरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि उसके इकलौते बेटे किशन की 11 अक्टूबर, 2021 को सगाई हुई थी, मंगेतर इस रिश्ते से नाखुश थी। युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर सगाई नहीं तोडने पर किशन को जान से मारने की धमकियां दीं। इससे परेशान होकर किशन ने आत्महत्या कर ली, जिसका किशन लाल के कोचिंग बैग में मिले सुसाइड नोट से खुलासा हुआ। वहीं युवती की ओर से बचाव में कहा गया कि उसने प्रताड़ित नहीं किया, उसे दोषमुक्त किया जाए।

## 3220 किमी सड़कों का होगा विकास

**जयपुर @ पत्रिका.** राज्य सरकार ने सोमवार को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए की लागत से मिसिंग लिंक सड़कों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। प्रदेश में 200 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 1000 करोड़ की लागत से 3219.14 किलोमीटर की सड़कों का विकास करवाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश में बेहतरीन सड़क नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

## शहीद अब्दुल हमीद की जयंती मनाई

**जयपुर @ पत्रिका.** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से सोमवार को प्रदेशभर में परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद की जयंती मनाई गई। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से अब्दुल हमीद को खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि शहर जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी श्रद्धांजलि पेश की गई।

**अनदेखी : 11 शहरों के बीच शुरू हुई थी छोटे विमानों की उड़ान, दो साल में ही हो गई बंद**

# छोटे विमानों की उड़ान को नहीं लगे पंख, कई शहरों को अभी भी इंतजार

**अरविन्द सिंह शक्तावत**
patrika.com

**जयपुर.** प्रदेश में इंट्रा स्टेट हवाई सेवा ने पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। छह साल पहले बंद हुई छोटे शहरों के लिए छोटे विमानों की उड़ान पर अब किसी का ध्यान नहीं है।

राज्य सरकार ने इंट्रा स्टेट हवाई सेवा शुरू करने के लिए प्रदेश में करीब आठ हवाई मार्ग चिह्नित किए थे, लेकिन अब एक भी रूट पर हवाई सेवा संचालित नहीं है। वर्ष 2016 से 2018 के बीच 11 शहरों के लिए एक निजी कंपनी ने 9 सीटर के दो एयरक्रॉफ्ट चलाए थे। प्रतिदिन 18 उड़ानें संचालित होती थीं। राज्य सरकार से वित्तीय सहयोग को लेकर जो निर्णय हुए थे। उनकी पालना नहीं हुई और 2018 में ही यह उड़ानें बंद हो गई। पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने भी आठ हवाई रूट बनाकर छोटे एयरक्रॉफ्ट चलाने की कोशिश की, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। जयपुर से ही राजस्थान के कई शहर हवाई रूट से कनेक्ट नहीं हैं। इसका सबसे ज्यादा असर पर्यटन पर पड़ रहा है।

**दो शहरों के लिए उड़ान संचालित :** रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत राजस्थान का सिर्फ एक शहर कनेक्ट है। मध्यप्रदेश और गुजरात के दो शहरों से अजमेर के किशनगढ़ के लिए विमान सेवा संचालित है। मध्यप्रदेश के इंदौर और गुजरात के सूरत शहर से किशनगढ़ हवाई सेवा से जुड़ा हुआ है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय सुप्रीम एयरलाइंस ने 11 शहरों के लिए उड़ान सेवा संचालित की थी। 2018 में यह सेवा बंद हो गई। इन एयरक्रॉफ्ट का शहरों की दूरी के हिसाब से दो हजार रुपए से लेकर चार हजार रुपए प्रति यात्री किराया भी तय था।



### नई सरकार करे प्रयास

**प्रदेश की** नई भाजपा सरकार छोटे विमानों की उड़ानों के लिए फिर से प्रयास में जुटी है। सीएम के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, जो नागरिक उड्डयन विभाग के भी एसीएस हैं। इनको कुछ कंपनियों ने प्रस्ताव दिए हैं। अब सरकार को तय करना है कि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत उड़ान शुरू करनी है या नहीं।

### 2016 में शुरू हुई थी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम

**केन्द्र** सरकार ने 2016 में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम लागू की थी। इस स्कीम का उद्देश्य छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ना और लोगों को कम कीमत पर उड़ान की सुविधा उपलब्ध कराना था। राजस्थान सरकार ने एमओयू भी किया। इसके तहत विमान कंपनियों को कुछ छूट और सुविधाएं दी जानी थी। दो साल तक तो छोटे विमान चले, लेकिन अफसरों के रवैये ने इस स्कीम को ज्यादा दिन नहीं चलने दिया।

### यह मार्ग थे चिह्नित

**लालगढ़**-जाटान-श्रीगंगानगर-जयपुर-लालगढ़-जाटान

**बीकानेर**-जयपुर-बीकानेर

**जैसलमेर**-जोधपुर-जयपुर-जोधपुर-जैसलमेर

**जयपुर**-सवाईमाधोपुर-भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर

**कोटा**-जयपुर-कोटा-जोधपुर-कोटा

**जयपुर**-उदयपुर-आबूरोड-उदयपुर-जयपुर

**उदयपुर**-जोधपुर-किशनगढ़-जोधपुर-उदयपुर, **बांसवाड़ा**-उदयपुर-कोटा-उदयपुर-बांसवाड़ा

**विधानसभा ने किराया भत्ता 50 हजार से 30 हजार रुपए प्रतिमाह करने का भेजा प्रस्ताव**

# किराए का मोह विधायक आवास पर भारी, 50 विधायक नहीं हुए शिफ्ट

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** विधायकों के लिए विधानसभा के सामने लग्जरी फ्लैट्स तो बन गए, लेकिन सभी विधायक अभी तक इनमें शिफ्ट नहीं हुए हैं। करीब पचास विधायकों ने अभी भी सरकारी आवास आवंटित नहीं करवाया है। इधर, विधानसभा ने पिछली सरकार में विधायक को सरकारी आवास नहीं लेने के बदले जो मकान किराया पचास हजार रुपए किया गया था, वह फिर से 30 हजार रुपए करने का प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है। अब सरकार को इस पर निर्णय लेना।

कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने विधायकों के पुराने आवास तोड़कर लग्जरी फ्लैट बनाने का निर्णय किया था। विधानसभा के सामने विधायकों के लिए 160 फ्लैट बनाए गए। इसका मकसद था कि सभी विधायक एक ही जगह रहें, क्योंकि पहले जो विधायक आवास थे। वे राजधानी में अलग-अलग जगह बने हुए थे और काफी पुराने हो चुके थे। पिछली सरकार ने नए फ्लैट्स का उद्घाटन भी कर दिया। नई सरकार आने के बाद इन आवासों के लिए आवेदन आए। करीब 120 विधायकों ने इन फ्लैट्स में रहना शुरू कर दिया है और एक-दो विधायक गांधीनगर स्थित सरकारी आवासों में रह रहे हैं। सीएम, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रियों को 25 बंगले सिविल लाइंस और गांधीनगर में अलॉट हो चुके हैं। करीब पचास विधायकों ने अभी भी सरकारी आवासों के लिए आवेदन नहीं किया है। विधायकों के लिए जो फ्लैट्स बनाए गए हैं, उनमें से करीब 35 फ्लैट्स खाली पड़े हैं।

### सरकार को लेना है निर्णय



**फ्लैट्स बने तो किराया कम करने का प्रस्ताव भेजा**

नई सरकार बनने से पहले विधायक आवास बन कर तैयार हो गए। इस पर विधानसभा ने राज्य सरकार को विधायकों दिए जाने वाला किराया भत्ता पचास हजार रुपए से तीस हजार रुपए प्रतिमाह करने का प्रस्ताव भेजा है। सरकार को अब इस पर निर्णय लेना है।

### विधायक आवास टूटे तो सरकार ने किराया बढ़ा दिया

**पिछली** सरकार में विधायकों के आवास टूटे तो यह बात रखी गई कि तीस हजार रुपए माह के किराए में आवास मिलना संभव नहीं है। कुछ विधायकों ने सरकारी आवास खाली ही नहीं किए। इस पर निर्णय हुआ कि सभी विधायकों को हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स रियायती दर पर दिए जाएंगे। सभी को रियायती दर पर फ्लैट्स दिए गए और किराया भत्ता भी तीस हजार रुपए से बढ़ाकर पचास हजार रुपए किया गया। इसके बाद पुराने विधायक आवास खाली हो सके थे।

## संकल्प पत्र के 38 बिंदुओं पर किए गए वादे पूरे : बैरवा



47 विभागों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने में जुट गई है। सोमवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सचिवालय में 47 विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा की और सभी 343 बिंदुओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में बैरवा ने कहा कि सरकार ने संकल्प पत्र के 38 बिंदुओं पर किए गए वादों को पूरा कर दिया है। संकल्प पत्र में ऐसे बिंदुओं को शामिल किया गया जिनका संबंध सीधे जनहित से है, उन्हें प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है। बैठक में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी मौजूद रहे।

## किसानों व कृषि वैज्ञानिकों को भेजेंगे विदेश : मुख्यमंत्री

**आंतेला/कोटपूतली @ पत्रिका.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसानों को समृद्ध करने के लिए परंपरागत खेती में बदलाव लाना होगा। उन्नत खेती के प्रशिक्षण लिए किसानों व कृषि वैज्ञानिकों को दूसरे देशों में भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को ग्राम भांखरी में विराटनगर क्षेत्र के तीन बांधों को ईआरसीपी से जोड़ने पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि किसान के खुशहाल रहने पर ही देश खुशहाल रहेगा और विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। सरकार ने पिछले 6 महीने में किसानों के हित में अनेक कार्य किए हैं।

**तैयारी : सीएम आवास पर होगी बैठक**

# भाजपा विधायक दल की बैठक आज, बजट सत्र को लेकर बनेगी रणनीति

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले मंगलवार शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक सीएम निवास पर होगी। सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में बजट सत्र को लेकर सत्तापक्ष की रणनीति को लेकर मंथन होगा। सत्र की शुरूआत 3 जुलाई से होने जा रही है। वहीं 10 जुलाई को राज्य सरकार बजट पेश करेगी। सत्र लंबा चलेगा। ऐसे में विपक्ष जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इन्हीं मुद्दों को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक में रणनीति बनेगी। मंत्रियों को भी अपने विभागों के सवालों के जवाब को लेकर पूरी तैयारी करने के लिए कहा जाएगा। वहीं विधायकों को भी बोलने का मौका मिलने पर हमलों से निपटने की तैयारी को लेकर चर्चा होगी।



**कांग्रेस विधायक दल की कल हो सकती बैठक :** कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी होगी। अभी कांग्रेस की ओर से तारीख तय नहीं की गई है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक 3 जुलाई को बजट सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा में ही बुलाई जा सकती है।

### बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक

तीन जुलाई से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सत्तापक्ष की ओर से मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल शामिल होंगे, वहीं कांग्रेस से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को आमंत्रित किया है। अन्य दलों से बीएपी विधायक थावरचंद, आरएलडी से सुभाष गर्ग, बीएसपी से मनोज न्यांगली शामिल होंगे। बीएपी विधायक राजकुमार रोत के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद अब बीएपी के सदन में नेता थावरचंद होंगे। वहीं बीएसपी के दोनों विधायक मनोज न्यांगली व जसवंत के शिवसेना शिंदे में जाने के बाद भी अभी तक विधानसभा सचिवालय को कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए मनोज बीएसपी की ओर से ही सर्वदलीय बैठक में शामिल होंगे।

## विधानसभा उपचुनाव : भाजपा ने प्रभारी किए नियुक्त

**जयपुर @ पत्रिका.** प्रदेश में पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर भाजपा ने प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं।

**1. झुंझुनूं:** मंत्री अविनाश गहलोत, सुमित गोदारा, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, विधायक गोवर्धन वर्मा

**2. खींवसर:** मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सुरेश रावत, विधायक बाबू सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, प्रवक्ता अशोक सैनी

**3. दौसा :** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, मंत्री किरोड़ीलाल मीना, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी

**4. देवली-उनियारा:** पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, मंत्री हीरालाल नागर, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, ओमप्रकाश भडाणा

**5. चौरासी :** मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह, प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम, महेश शर्मा

**कैबिनेट सब कमेटी करेगी समीक्षा**

## नए जिले किस आधार पर बनाए, 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

**जयपुर @ पत्रिका.** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से गठित 17 जिले और तीन संभागों के गठन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी की बैठक सोमवार को सचिवालय में हुई। समिति के संयोजक और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने रिटायर्ड आईएएस ललित के पंवार की अध्यक्षता में गठित कमेटी को 15 दिन के भीतर नए जिलों के गठन को लेकर की गई सिफारिशों की समीक्षा कर रिपोर्ट मांगी है। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में बैरवा ने कहा कि कहीं किसी राजनीतिक दबाव में तो नए जिलों की सिफारिश नहीं की गई थी। वास्तविक तौर पर कहां जिला बनाने की जरूरत थी और उसके लिए कितना क्षेत्रफल होना चाहिए था। जनता को इससे क्या फायदा होने वाला था। इन तमाम चीजों को ध्यान में सब समेटी अपना काम कर रही है। बैठक में मंत्री हेमंत मीणा और कन्हैयालाल चौधरी भी मौजूद रहे।

### राम लुभाया कमेटी की सिफारिश पर बने थे जिले

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में रिटायर्ड आईएएस रामलुभाया कमेटी की सिफारिश के आधार पर 17 जिले और तीन संभाग बनाए गए थे। अब सत्ता में आते ही भाजपा ने नए जिलों की समीक्षा कैबिनेट सब कमेटी बनाई थी।

## कांग्रेस : 27 ब्लॉक कमेटी भंग, निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी

**जयपुर @ पत्रिका.** विधानसभा और लोकसभा चुनाव में निष्क्रिय रहने व प्रत्याशियों को सहयोग नहीं करने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं की कांग्रेस संगठन से छुट्टी शुरू हो गई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर संगठन महामंत्री ललित तूनवाल ने सोमवार को 27 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों और उनकी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। इनमें कोटा जिले के 6, धौलपुर 2, झुंझुनूं 3, बाड़मेर 2, अलवर 3 जयपुर शहर 1 जयपुर ग्रामीण 2, चित्तौड़गढ़ 2, बांसवाड़ा 2, करौली 1 जैसलमेर 1 और अजमेर जिले की दो ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां शामिल हैं। मंडल अध्यक्षों और उनकी कार्यकारिणी को भी भंग किया गया है। जयपुर शहर की हवामहल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को भी भंग किया गया है।

## ‘उपचुनाव में जनता ने भाजपा को स्वीकारा, कांग्रेस को नकारा’

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने जिला परिषद, पंचायत समिति और निकाय उप चुनाव में जीते सभी भाजपा प्रत्याशियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जिला परिषद के चार वार्डों में से भाजपा तीन पर विजयी हुई हैं। कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। पंचायती समिति के 6 वार्डों में भाजपा ने जीत दर्ज की है। स्थानीय निकाय के 11 वार्डों में से 7 वार्डों में भाजपा की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने एक बार फिर भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद दिया है।



### गडकरी से की मुलाकात

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी ने सोमवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात। इस दौरान संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की। केन्द्रीय अवसरंचना निधि की सड़क, अण्डरपास, ओवरब्रिज व सर्विस रोड, स्लीप लेन के निर्माण की जरूरत के बारे में बताया।

**ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने जारी किया फरमान**

# माननीय विधानसभा सत्र में रहेंगे व्यस्त, जिला परिषदों और पंचायतों की नहीं होंगी बैठकें

### सभी जिला परिषद के सीईओ और विकास अधिकारियों को भेजा पत्र

**जयपुर @ पत्रिका.** 16वीं राजस्थान विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि बजट सत्र होने से इस बार सत्र लंबा चलेगा। वहीं दिलचस्प यह भी है कि एक ओर जहां विधानसभा की कार्यवाही चलेगी तो वहीं जिला परिषदों और पंचायतों को सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने का इंतजार करना पड़ेगा।

इसके बाद ही पंचायतों और जिला परिषदों की बैठक बुलाई जा सकेगी। इसे लेकर ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने फरमान भी जारी किया है।

विभाग के शासन सचिव रवि जैन की ओर से सभी जिला परिषदों के सीईओ और पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों को पत्र भेजा गया है, जिसमें विधायकों के बगैर बैठकें नहीं बुलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### विधायकों के विशेषाधिकार का होगा हनन

**पत्र** में अधिकारियों को चेतावनी भी दी गई है कि अगर विधायकों के बगैर बैठक बुलाई गई तो यह उनके विशेषाधिकार का हनन होगा और विधानसभा की विशेषाधिकार हनन समिति बैठकें बुलाने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है। अगर विशेष परिस्थितियों में बैठक बुलानी है तो विधायकों की मंजूरी ली जाए।

### विधायक होते हैं शामिल

दरअसल संबंधित जिला परिषदों और पंचायत समितियों के साथ ही राज्य स्तरीय, जिला और तहसील स्तरीय समितियों की बैठकों में विधायक शामिल होते हैं और विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव भी देते हैं।

## ऊर्जा विभाग : सदस्यों की नियुक्ति

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** ऊर्जा विभाग ने जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल (जेएमसी) में सदस्यों की नियुक्ति की है। इसमें विद्युत प्रसारण निगम से यतेंद्र कुमार, डालचंद डांगी, जयपुर डिस्कॉम से अजय सक्सेना, उत्पादन निगम से रामेन्द्र कुमार शर्मा, गणेश प्रसाद और अजमेर डिस्कॉम से सुरेश शर्मा, जोधपुर डिस्कॉम महेन्द्र सैनी को नियुक्त किया है। यतेंद्र कुमार ने बताया कि काउंसिल दुर्घटना सहित कर्मचारी हितों व सुरक्षा से संबंधित ग्रिड सब स्टेशन का निरीक्षण करेगी।

## आज का राशिफल मंगलवार, 02 जुलाई 2024

| राशि | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* अपने विवेक से हर कार्य सफल कर लेंगे। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। मित्रों के साथ यात्रा आनंदप्रद रहेगी। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* कई दिनों से चली आ रही चर्चा आज सफल होगी। किसी रिश्तेदार की मदद से संतान के विवाह की अड़चन दूर होगी। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* किसी विशेष व्यक्ति से मुलाकात होगी। बिना मांगे सलाह न दें। समय की गति विपरीत है, कुछ निर्णय जल्दबाजी में लेने होंगे। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* कार्य प्रणाली को परिवर्तित करना होगा। व्यस्तता के चलते निजी कार्य अधूरे रहेंगे। भूखंड सम्बन्धी अनुबंध हो सकते हैं। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* संचित धन का प्रयोग धार्मिक आयोजनों में होगा। विरोधी आप का कार्य बिगाड़ सकते हैं। कॅरियर के प्रति आप सजग रहें। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* राजनीति से जुड़े लोगों को नई जम्मेदारी मिल सकती है। भवन दुकान की मरम्मत पर धन लगेगा। निवेश से लाभ होगा। |
| तुला | *रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* आप की चंचलता के चलते सम्बन्ध कमजोर होंगे। कार्य से पहले उसे समझे उसके प्रति समर्पित रहे तो सफल होंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* किसी को नीचा कैसे दिखाएं यह न सोचें। आप के साथ इन्साफ होगा थोड़ा धैर्य रखें। समय विपरीत है। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* पारिवारिक सुख मिलेगा। विदेश में व्यापार स्थापित हो सकता है। विवाह योग्य जातक प्रसन्न रहेंगे। धर्म-कर्म करेंगे। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* उल्लास उमंग के साथ दिन की शुरुआत होगी। पारिवारिक माहौल खुशनुमा होगा। उत्तर का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* नौकरी बदलने से लाभ होगा। मित्रों के सहयोग से काम होंगे। धनलाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। विवादा से क्लेश होगा। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* समय के साथ स्वयं को भी बदलें। अपने व्यवहार में नम्रता लाएं। कारोबार विस्तार में धन एकत्रित करने में लगे रहेंगे। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र ज्योतिर्विद : पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1445 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जिलहिज-25 | मास: | आषाढ़ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | कृष्ण |

### आज का दिन

**मंगलवार, 2 जुलाई, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 09-06 से दोपहर बाद 02-13 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा अपराह्न 03-55 से सायं 05-38 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-03 से दोपहर 12-58 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** एकादशी नन्दा संज्ञक तिथि प्रात: 08-43 तक, तदुपरान्त द्वादशी भद्रा संज्ञक तिथि होगी। एकादशी तिथि में यदि समय शुद्ध हो तो यज्ञोपवीत, विवाहादि मांगलिक कार्य, देवोत्सव, गृहारम्भ आदि कार्य और द्वादशी में सभी चर-स्थिर और मांगलिक कार्यादि करने योग्य हैं, पर अभी शुभकार्यों के लिए समय शुद्ध नहीं है।

**नक्षत्र:** कृतिका ''मिश्र व अधोमुख'' संज्ञक नक्षत्र अन्तरात 04-40 तक, तदन्तर रोहिणी ''ध्रुव व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। कृतिका नक्षत्र में सभा, साहस, अग्नि-ग्रहण, शत्रुनाश, विवाद व मणि सम्बन्धी कार्य सिद्ध होते हैं। सगाई-रोका आदि के कार्य शुभ कहे गए हैं।

**योग:** धृति नामक नैसर्गिक शुभ योग पूर्वाह्न 11-16 तक, तदन्तर शूल नामक नैसर्गिक अशुभ योग हैं। शूल नामक योग की प्रथम पांच घटी शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग :** सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से अन्तरात 04-40 तक तथा त्रिपुष्कर नामक शुभाशुभ योग प्रात: 08-43 से अन्तरात 04-40 तक।

**करण:** बालव नामकरण प्रात: 08-43 तक, तदन्तर कौलव व तैतिलादि करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव:** आज योगिनी एकादशी व्रत तथा महापात दोपहर बाद 01-05 से सायं 07-10 तक।

**चंद्रमा :** चंद्रमा पूर्वाह्न 11-14 तक मेष राशि में, तदुपरान्त वृष राशि में रहेगा।

**ग्रह मार्गी-वक्री :** नेपच्यून वक्री सायं 04-15 से।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यादि के शुभ व शुद्ध मुहूर्त नहीं हैं।

**दिशाशूल:** मंगलवार को उत्तर दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है, पर चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पूर्वाह्न 11-14 तक पूर्व दिशा की व इसके बाद दक्षिण दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): अपराह्न 3-00 बजे से सायं 4-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे**-आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (अ, इ, उ, ए, ओ) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। पूर्वाह्न 11-14 तक जन्मे जातकों की जन्म राशि मेष व इसके बाद जन्मे जातकों की जन्म राशि वृष है। मेष राशि के स्वामी मंगल व वृष राशि के स्वामी शुक्र हैं। इनका जन्म स्वर्णपाद से है। सामान्यत: ये जातक मित्रता बढ़ाने में सिद्धहस्त स्वेच्छानुसार कार्य करने वाले, आशावादी और थोड़े चालाक व वाचाल होते हैं। इनका भाग्योदय 29 वर्ष की आयु तक होता है। मेष राशि वाले जातकों को आकस्मिक धन-लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में प्रगति व सफलता मिलेगी।

गोरखपुर : आगामी 15 दिन में शुरू किया जा सकता है 'फ्लोट', काम हुआ पूरा

# रामगढ़ताल में जल्द शुरू होगा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**गोरखपुर.** मुंबई के मरीन ड्राइव सरीखी पहचान अर्जित कर चुका पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थित रामगढ़ताल क्षेत्र पर्यटन और खानपान के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है।

इस क्षेत्र में हॉस्पिटैलिटी के तमाम ब्रांडेड प्रतिष्ठानों की दस्तक तो यहां हो ही चुकी है और जल्द ही यहां पर्यटकों को रामगढ़ताल में 'फ्लोट' नाम से फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा भी मिलने जा रही है। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन का कहना है कि फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का काम पूरा हो गया है। कोशिश है कि अगले पंद्रह दिन में इसकी सुविधा पर्यटकों के लिए शुरू कर दी जाए। लेक क्वीन क्रूज के बाद फ्लोटिंग रेस्टोरेंट सैलानियों के लिए बड़ी सौगात होगा। दशकों तक उपेक्षित और गंदगी के पर्याय बने रहे रामगढ़ताल पर योगी सरकार ने ऐसी संजीदगी दिखाई कि आज इसकी गिनती पूर्वी उत्तर प्रदेश के खूबसूरत व दर्शनीय पर्यटन स्थल के रूप में अग्रपंक्ति में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में निखरे और संवरे रामगढ़ताल के साथ पर्यटन और रोजगार का कदमताल विकास की नई तस्वीर पेश करता है। आज यह ताल सैलानियों का मनभावन है तो बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम भी।

### दिसंबर में शुरू हुआ था 'लेक क्वीन' क्रूज

रामगढ़ताल में पर्यटक 15 दिसंबर 2023 को सीएम योगी के हाथों लोकार्पित 'लेक क्वीन' क्रूज की सवारी का आनंद उठा रहे हैं और अब उन्हें जल्द ही फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी मिलने जा रहा है। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण 17 अगस्त 2022 से शुरू हुआ था और अब यह बनकर तैयार हो चुका है। इंटीरियर को काफी आकर्षक बनाया गया है। कुल 9600 वर्गफुट क्षेत्रफल और तीन मंजिला इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में एकसाथ 100 आगंतुक बैठ सकते हैं। इसके अलावा इस पर करीब 50 स्टाफ मौजूद रहेंगे। इसकी डिजाइन ऐसी है कि इसमें बैठने वालों को रामगढ़ताल की खूबसूरती पूरी तरह दिखेगी। जीडीए और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का संचालन करने वाली फर्म की मंशा इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराने की है।

**जौनपुर में गांजा की खेप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार:**
**जौनपुर.** जिले के बक्शा क्षेत्र में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे आधा क्विटंल गांजा बरामद किया। अतंराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 12.50 लाख रुपए है। एसपी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के निर्देशन मे मादक पदार्थ के अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन्ल राजवीर सिंह गौर व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तस्कर दयाशंकर, अनुज, रोहित कुमार को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। उनसे 50.200 किग्रा गांजा के साथ 1020 रुपए व चार मोबाइल बरामद किए हैं।

**परीक्षाओं में अनिश्चितता को लेकर लोगों में गुस्सा- मायावती:**
**लखनऊ.** बसपा सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चतिता पर चिंता जाहिर करते हुए समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी और पीजी को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है, उससे लोगों में आक्रोश की लहर स्वाभाविक, जिसका शीघ्र सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी। उन्होंने कहा कि यूपी समेत सभी राज्यों में पेपर लीक और सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति- गंभीर, दु:खद और चिन्तनीय।

**प्रतापगढ़ में किसान के बेटे की हत्या कर शव पेड़ में बांधा**
**प्रतापगढ़ .** जिले के महेशगंज क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे किसान के बेटे की निर्मम हत्या कर दी गई और उसका शव पेड़ से बांध दिया गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि गरीबपुर गांव निवासी किसान चंद्रिका प्रसाद गुप्ता का बेटा श्याम बाबू बीती रात खेत की रखवाली करने गया था जबकि आज सुबह ग्रामीणों ने श्याम बाबू का शव खेत में स्थित नीम के पेड़ से बंधा हुआ पाया। शव को तार से पेड़ में बांधा गया था, जिससे उसकी हत्या की क्रूरता स्पष्ट होती है। सूचना पाकर महेशगंज की पूरी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी तक हत्या के कारणों का कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

मथुरा : एक सप्ताह में जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेगी समिति

# टंकी गिरने के मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**मथुरा.** जिले के कोतवाली क्षेत्र में पानी की टंकी के भरभरा कर गिरने की घटना की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगी। ज्ञातव्य है कि क्षेत्र के कृष्ण विहार कालोनी में रविवार देर शाम हुए हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई थी, जबकि 12 अन्य घायल हो गए थे।

जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने सोमवार को बताया कि अपर जिलाधिकारी न्यायिक मथुरा सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बनाई गई समिति में अधीक्षण अभियंता नगरीय निर्माण मंडल जल निगम आगरा, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी निर्माण विभाग प्रान्तीय खंड मथुरा एवं अधिशासी अभियंता निर्माण नगर निगम मथुरा वृन्दावन को रखा गया है। समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट दे देगी। उन्होंने बताया कि इस घटना में प्राथमिक जांच के बाद कार्यदायी संस्था एवं कार्य करने वाली कम्पनी के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मुकुंद बंसल ने बताया कि ओवरहेड पानी की टंकी के अचानक भरभराकर गिरने से 13 लोग मलबे के नीचे दब गए थे, जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया था जहां पर चिकित्सकों ने 65 वर्षीय सुन्दरी एवं 22 वर्षीय सरिता को मृत घोषित कर दिया था। एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के कारण उसे एस एन अस्पताल आगरा भेज दिया गया था। अन्य का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। उनके इलाज के लिए विशेष रूप से चिकित्सकों की टीम लगा दी गई है।

### तीन साल पहले ही शुरू हुई थी टंकी

सांसद हेमामालिनी घटना की जानकारी रविवार को ही उनके प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने दी थी और इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से राहत कार्य तेजी से कराने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा था किवे इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात करेंगी। विधायक श्रीकांत शर्मा ने मौके पर जाकर न केवल जानकारी ली, बल्कि इस घटना को गंभीरता से लिया। इस टंकी का निर्माण 2018 मे प्रारंभ हुआ था और तीन साल पहले ही यह चालू की गई थी। इसकी क्षमता 2.5 लाख लीटर थी। टंकी का मलबा डेढ़ दर्जन से अधिक मकानों में गिरा और पानी भी घुस गया था।

### शिकायत की थी मगर कोई कार्रवाई नहीं की

**क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप** है कि इस टंकी से पानी रिसाव के बारे में क्षेत्र के निवासियों ने कई बार शिकायत की थी मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। टंकी का मलबा घरों में भी गिर गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडे ने फायरब्रिगेड, सेना, एनडीआरएफ की टीमें लगा दी थी तथा रेस्क्यू को अपनी देखरेख में सम्पन्न कराया था। मलबा हटाने के लिए 7 जेसीबी एवं 10 ट्रैक्टर भी लगाए गए थे।

## मां ने अपने प्रेमी से कराया नाबालिग बेटी का जबरन निकाह, हुई मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** जिले में एक मां ने अपने प्रेमी से ही नाबालिग बेटी का निकाह कर दिया। प्रसव के दौरान नाबालिग की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, खुजौली गांव के मुर्तजा का संबंध एक महिला से था। महिला के पति की मौत के बाद दोनों का मिलना-जुलना बढ़ गया। 5 महीने पहले महिला ने अपनी 15 वर्षीय बेटी का निकाह मुर्तजा से करवा दिया। बच्ची के चाचा को जब इसका पता चला तो उसने विरोध किया, लेकिन महिला ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

20 जून को नाबालिग को पेट में दर्द के कारण नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां बेटी को जन्म देने के बाद उसकी मौत हो गई।

### चाचा की शिकायत के बाद मामले की जांच की

**एसीपी राधा रमण सिंह** ने बताया कि चाचा की शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। चाचा ने बताया कि दो साल पहले बड़े भाई की मौत के बाद मुस्लिम युवक भाभी के घर आने लगा। विरोध जताने पर भाभी झगड़ने पर उतारू हो जाती थी और युवक के खिलाफ रोकटोक करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। एसीपी ने बताया कि अब तक की जांच में मृतका की उम्र 15-16 सामने आई है। वहीं, आरोपी मां और युवक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

विभाग ने लगाया बिजली चोरी करने का आरोप

## 4 साल के बच्चे को मिला एक लाख रुपए चुकाने का नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** लखनऊ के पारा इलाके के खुशहाल गंज निवासी चार साल के बच्चे पर बिजली चोरी का केस दर्ज कर दिया गया। यही नहीं 1.06 लाख रुपए जमा करने के लिए उसके नाम नोटिस भी भेज दिया गया। बच्चे का पिता बन्ने इसकी शिकायत लिए जगह-जगह चक्कर काट रहा है।

आरोप है कि जिम्मेदार उस पर रकम जमा करने का दबाव बना रहे हैं। बन्ने का आरोप है कि नोटिस मिलने के बाद जब इसकी जानकारी लेने के लिए अफसरों के पास गया तो वहां कोई समाधान नहीं हुआ। कर्मचारियों ने कहा इसे दुरुस्त करा देंगे। पंद्रह हजार रुपए भी ले लिए। फिर भी पैसा जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बन्ने के घर में बिजली का कनेक्शन लिया हुआ हैं। इसके बावजूद परिवार पर बिजली चोरी का केस दर्ज कर दिया गया हैं।

### मामले की जांच जारी

**रिपोर्ट** के मुताबिक, अधिशासी अभियंता सेस खंड के राम विशाल वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। यदि नोटिस जारी होने में गलती हुई होगी तो उसमें सुधार किया जाएगा। प्राथमिक जांच में यह बिजली चोरी का मामला है।

### पूर्व भाभी साब, आप सही होतीं तो भइया साथ होते : अक्षय प्रताप

**प्रयागराज @ पत्रिका.** कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पत्नी राजकुमारी भानवी सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख मुलाकात का समय मांगा था। पत्र में उन्होंने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल से न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी। भानवी सिंह को एमएलसी ने सोशल मीडिया पर जवाब दिया। किसी भी कानूनी लड़ाई के लिए मैं तैयार हूं, न्याय प्रणाली पर मुझे भरोसा है। आपके निशाने पर सिर्फ मैं ही अकेला नहीं, भइया के जो भी करीबी हैं उन सभी पर आपने केस दर्ज करा रखा है। समय के साथ सच्चाई और आपकी असलियत सबके सामने अवश्य आएगी। झूठ और साजिश का अंत जरूर होता है इसकी प्रतिक्रिया में भानवी सिंह ने इस पोस्ट के कमेंट बॉक्स में लिखा है कि झूठ, फ्रॉड और साजिश सबका एक दिन अंत होता है। मेरे बच्चे और ससुर मेरे साथ हैं, किसी ने सही कहा है। घर बर्बाद करने के लिए एक ही शकुनि काफी होता है।

ओनर किलिंग | पांच साल पहले बेटी ने किया था प्रेम विवाह, लड़के से नफरत करता था परिवार

# नोएडा : प्रधान पिता ने करवा दी अपने ही दामाद की हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नोएडा.** बेटी ने 5 साल पहले भाग कर गांव के प्रेमी के साथ विवाह कर लिया था, जिससे लड़की के परिवार वाले लड़के से नफरत करने लगे। वह जब गांव में आता था, तब वह लोग अपनी बेइज्जती महसूस करते थे। लड़की के ग्राम प्रधान पिता ने सुपारी देकर दामाद की हत्या करवा दी। बेटी के शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही बेटी के प्रधान पिता और चाचा फरार रहे हैं। यूपी के ग्रेटर नोएडा में ऑनर किलिंग की वारदात सामने आई है। 5 साल पहले गांव के वर्तमान प्रधान खड़क सिंह की बेटी प्रीति ने गांव के ही भुवनेश यादव के साथ भाग कर प्रेम विवाह कर लिया था। जिससे परिवार के लोग नाराज रहते थे। प्रधान खड़क सिंह ने दामाद की सुपारी देकर हत्या करवा दी। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 5 वर्ष पहले भुवनेश यादव अपने गांव की रहने वाली प्रीति को लेकर भाग गया था। दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। इसी कारण से लड़की के पिता खड़क सिंह और उसके परिवार वाले भुवनेश यादव से मन ही मन दुश्मनी रखते थे। वर्तमान में लड़की के पिता खड़क सिंह गांव के प्रधान हैं। भुवनेश यादव जब भी अपने गांव जाता था।



### बेटी ने की शिकायत पर पुलिस जांच में खुल गई पोल

मामले में भुवनेश की पत्नी प्रीति यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए अपने पिता और घर के अन्य लोगों पर पति की हत्या करवाने की आशंका जताई थी। मामले की जांच पड़ताल के उपरांत पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी खड़क सिंह यादव और बुद्ध सेन यादव फरार हैं।

### हत्या करने के लिए मांगे 3 लाख रुपए

प्रधान के भाई बुद्ध सेन से बात करने के बाद आरोपी नीरज ने अवधेश और यशपाल को अपनी योजना में शामिल किया। हत्या करने के लिए लड़की के चाचा से 3 लाख रुपए मांगे। रुपए देने के लिए बुद्ध सेन ने संभल में ज्वेलर्स की दुकान पर 3 लाख रुपए में सोने का हार, सोने की चार चूड़ियां रेहन (गिरवी) रख दी। बुद्ध सेन ने आरोपियों से कहा कि काम पूरा कर दो तो दुकान से यह जेवर भी ले जाना।

### 15 मई को शराब पिलाकर की हत्या

भुवनेश की हत्या करने के लिए आरोपी नोएडा पहुंचे, उन्होंने भुवनेश की रेकी की। 15 मई को टेंपो स्टैंड पर भुवनेश से आरोपियों की मुलाकात हो गई। आरोपी और भुवनेश एक दूसरे को जानते थे। उन्होंने पार्टी करने की योजना बनाई। इसके बाद शराब की पार्टी हुई। भुवनेश को जमकर शराब पिलाई गई। उसे बोलेरो में बैठाकर तौलिए से गला घोट कर शव को जंगल की तरफ फेंक दिया गया।

मुजफ्फरपुर में सामने आया बातचीत का ऑडियो

# महिला एसआइ ने रिश्वत में मांगे 20 हजार रुपए, सस्पेंड



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुजफ्फरपुर.** जिले की एक महिला दरोगा को फोन पर घूस मांगने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया हैं।

सरैया थाने की महिला सब इंस्पेक्टर संवेदना स्नेही का रविवार को अपहरण के मामले में रिश्वत मांगने का ऑडियो सामने आया था। इसी को आधार बनाते हुए सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने एसआई पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। एसएसपी राकेश कुमार ने उन्हें सस्पेंड किया है।

दरअसल, ये पूरा मामला नाबालिग के अपहरण से जुड़ा है। सरैया थाना में प्रेम-प्रसंग में नाबालिग लड़की के अपहरण का केस दर्ज हुआ था, जिसकी छानबीन एसआई स्नेहा कर रही थीं। महिला दरोगा पर आरोप है कि इस केस में आरोपी का नाम का काटने के लिए उन्होंने 20 हजार रुपए घूस ली। हालांकि, वायरल ऑडियो सामने आने पर सब इंस्पेक्टर का कहना है कि 20 हजार उसे नहीं मिले।

### यह है मामला

दरअसल, 12 जनवरी 2024 को एक नाबालिग लड़की का अपहरण हुआ था, जिसे लेकर नाबालिग के पिता राजकुमार पांडे ने सरैया थाने में केस दर्ज कराया था। राजकुमार ने अपनी एफआईआर में बताया कि उसकी बेटी घर के पीछे शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे मनीष कुमार और उसके 3-4 साथियों ने हथियार के बल पर बेटी को जबरदस्ती उठा लिया और भाग निकले। नाबालिग के चिल्लाने पर लोग जब वहां पहुंचकर उसकी खोजबीन करने लगे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने अपनी शिकायत में मनीष कुमार उसके पिता रामेश्वर ठाकुर, चाचा रामनरायण ठाकुर, बहन रूबी कुमारी और मां माधुरी देवी पर आरोप लगाया। यह केस एसआई स्नेही के हाथ में था। जानकारी के मुताबिक, इस केस में आरोपी मनीष के जीजा को एक महीने पहले हिरासत में लाया गया था, फिर उससे बॉन्ड भरवाकर छोड़ दिया गया था। रविवार की सुबह श्याम सुंदर ने महिला ने दारोगा को फोन किया। बातचीत में घूसखोरी की बात हो रही है। दरोगा कह रही है कि थाना आओ और अपना काम कराओ। एसआई कहती है, 20 हजार से कम में तुम्हारा काम नहीं होगा। 10 हजार देने की बात कहता है। दरोगा नहीं मानी, तो 11 हजार देने की बात कही। एसआई 20 हजार से कम में काम न होने की बात कह कर फोन काट देती है।

### पुलिस वाहन किया क्षतिग्रस्त, प्राथमिकी दर्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गोपालगंज.** जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को शराब लदे वाहन को पकड़ने गयी पुलिस की गाड़ी को ग्रामीणों ने हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

पुलिस सूत्रों नेबताया कि श्रीपुर थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मी शराब लदे वाहन का पीछा करते हुए सोमवार सुबह एकड़ेंगा गांव पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को घेर लिया और पुलिसकर्मियों के विरोध में नारे लगाने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस वाहन को छोड़ वहां से चली गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## डीएम की बैठक में पहुंचे विधायक बेहोश होकर गिरे



**नालंदा @ पत्रिका.** जिले के हरनौत विधानसभा से विधायक हरिनारायण सिंह कि तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया है।

दरअसल, जिलाधिकारी की ओर से सभी विभागों की समीक्षात्मक बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई थी। बैठक में शामिल होने के लिए हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह पहुंचे थे। हॉल में पहुंचते ही हरिनारायण सिंह लड़खड़ा कर गिर पड़े। एमएलसी प्रतिनिधि अखलाक अहमद ने बताया कि सभी विभागों की आज समीक्षात्मक बैठक थी। इसी समीक्षात्मक बैठक में शामिल होने के लिए आए थे। तबीयत बिगड़ने के बाद बैठक को रद्द कर दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि चक्कर आने पर अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी स्थिति ठीक है। बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

# 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रांची.** झारखंड में सोमवार को राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, देवघर, दुमका, गोड्डा समेत 13 जिलों में सोमवार को भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां 3 जुलाई मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। इसके अलावा झारखंड के उत्तर पूर्वी इलाके में भारी बारिश की संभावना जाहिर की गई है।

उनमें साहिबगंज, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग का इलाका है। रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में रविवार शाम तेज बारिश हुई। इससे तापमान में 9 डिग्री तक की कमी हुई। इधर, रविवार को भी रांची समेत कई जिलों में बारिश हुई। इससे प्रदेश के तापमान में 9 डिग्री तक की कमी हुई। बता दें कि मौसम विभाग ने जून में सामान्य बारिश 189.5 एमएम होने का अनुमान जताया था, लेकिन 73.5 एमएम बारिश हुई। यानी करीब 61 फीसदी कम, लेकिन अब एक बार फिर मानसून सक्रिय हुआ है। राज्य के कई इलाकों में बारिश हो रही है।

**9 डिग्री तक गिरा न्यूनतम पारा**
बीते 24 घंटे में हजारीबाग, पलामू, गढ़वा, बोकारो, गुमला व उत्तरी जिलों में अच्छी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश हजारीबाग के विष्णुगढ़ में दर्ज की गई, जहां 118.3 एमएम बारिश हुई। वहीं, गढ़वा में 48.5 एमएम बारिश हुई। इससे झारखंड में रविवार को न्यूनतम पारा नौ डिग्री तक गिर गया।

### पलामू : युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**पलामू @ पत्रिका.** जिले में एक युवक ने दोस्त की मां से कहा कि उसके बेटे की हत्या हो जाएगी और इसके 6 घंटे बाद ही मां को बेटे की हत्या की सूचना मिल गई। घटना शहर थाना क्षेत्र का है। नावाहाता में सेवा सदन निवासी सागर कुमार (18) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शव घर से महज 500 मीटर की दूरी पर मिला। परिवार वालों को सागर के हत्या का शक उसके दोस्त गज्जू पर है। घटना के बाद से गज्जू फरार है। गज्जू ने ही सागर की मां से दोपहर 3 बजे कहा था कि कुछ लोग सागर का मर्डर करने वाले हैं। इसके बाद शाम छह बजे सागर को फोन कर गज्जू ने बुलाया, फिर सागर घर वापस नहीं लौटा।

### व्यवसायी को गोली मारकर घायल किया

**मधेपुरा.** जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने सोमवार को व्यवसायी को गोली मारकर घायल कर दिया। बालू-गिट्टी व्यवसायी अंकेश कुमार रहिका टोला स्थित दुकान पर बैठे थे। इस दौरान बाइक सवार 3 बदमाशों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोली लगने से घायल अंकेश को मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।


इसरो isro

भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग
मानव अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र (HSFC)
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह (CMG)
अंतरिक्ष भवन, बैंगलूरू- 560094 फोन: 080-22172614/ 2613/5610

निविदा सूचना सं. HSFC/CMG/CAP/2(10)/Comp/114/2024-25 दि: 01.07.2024

ई-निविदा आमंत्रण संक्षिप्त सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्न कार्यों के लिए ई-निविदा के माध्यम से आनलाईन मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| | |
|---|---|
| कार्य का शीर्षक | देवनहल्ली, बैंगलूरू पर एचएसएफसी के लिए चेकआउट सुविधा एवं गगनयान इन्टीग्रेशन का निर्माण (सिविल, पीएच, विद्युत एवं एसी कार्य) |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 4691.00 लाख |
| कार्य आदेश की जारी तिथि के 15वें दिन से गणना की गयी माह में पूरा करने की अवधि | (22) बाईस माह |
| अवधि जिसके दौरान निविदा प्रपत्र के लिए आवेदन किया जा सकता है | 02.07.2024 के 11:00 बजे से 23.07.2024 के 23:30 बजे तक |
| अवधि जिसके दौरान निविदा प्रपत्र डाऊनलोड किये जा सकते हैं | 02.07.2024 के 11:10 बजे से 23.07.2024 के 23:59 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 02.07.2024 के 11:30 बजे से 24.07.2024 के 17:00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण का उत्तर | 26.07.2024 को 17.00 बजे तक |
| निविदाओं की प्राप्ति के लिए अंतिमतिथि व समय | 29.07.2024 को 11.00 बजे तक |
| निविदाओं को खोलने की देय तिथि व समय (तकनीकी बोली) | 29.07.2024 को 11.30 बजे तक |
| धरोहर जमा राशि (EMD) | रु. 56,91,000/- (रुपये छप्पन लाख इक्यानवे हजार मात्र) |

कृपया इच्छुक निविदादाता पात्रता मापदंड व अन्य विवरणों के लिए विस्तृत ई-निविदा (E-NIT) देखें, जिसे www.tenderwizard.com/ISRO से डाऊनलोड किया जा सकता है।

हस्ता/- प्रधान सीएमडी, सीएमजी, एचएसएफसी

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर

राजस्थान पत्रिका
• संस्थापक •
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# टकराव को टालें, लोकतंत्र की मजबूती पर दें ध्यान

चुनावों के बाद जैसी उम्मीद की जा रही थी, लगता है हमारे लोकतंत्र की गाड़ी उस दिशा में नहीं जा रही। उम्मीद यह की जा रही थी कि लोकसभा चुनावों में जनादेश का सम्मान करते हुए पक्ष-प्रतिपक्ष मिलकर संसदीय परंपराओं को आगे ले जाने की दिशा में बढ़ेंगे। लेकिन, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सोमवार को लोकसभा में जो कुछ हुआ, उससे तो लगता है कि संसद में पक्ष-प्रतिपक्ष में टकराव के नए दरवाजे खुल रहे हैं।

धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रतिपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार बोलते हुए राहुल गांधी ने कुछ ऐसे मुद्दे उठाए जिनसे बचा जा सकता था। बीस साल से सांसद के रूप में सदन का हिस्सा बन रहे राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला तक को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। भगवान शिव की तस्वीर दिखाकर उन्होंने मामले को दूसरी दिशा में मोड़ने की कोशिश भी की। सवाल यह उठता है कि राजनीतिक मुद्दों को बीच में लाने के बजाय क्या यह उचित नहीं था कि राहुल गांधी धन्यवाद प्रस्ताव के केन्द्र में ही अपनी बात रखते। वैसे भी राजनीतिक मुद्दों पर बोलने के लिए राहुल के पास भी पूरे पांच साल का समय है। यह बात सही है कि राहुल के भाषण को लेकर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से अलग-अलग निहितार्थ निकालेंगे। इस मुद्दे पर आने वाले दिनों में राजनीति भी गरमाएगी। लेकिन क्या यह राजनीति इस समय प्रासंगिक मानी जा सकती है? वह भी तब, जब बीते छह महीने से देश राजनीति के दांवपेंच ही देखता आ रहा है। इन दांवपेंचों को देख-परखकर ही सभी दलों को जनादेश मिला है। जनादेश एनडीए के सत्ता में और इंडिया गठबंधन के विपक्ष में बैठने के लिए है। विपक्ष को पूरा अधिकार है कि वह मुद्दों के आधार पर सत्ता पक्ष को सदन से लेकर सड़क तक घेरे। जनता की आवाज को तरीके से उठाए भी। आज भाजपा सत्ता में है और कांग्रेस विपक्ष में। लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में रही और भाजपा विपक्ष में। हर दल को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में टिप्पणी करते समय सतर्कता बरतने की जरूरत है।

लोकतंत्र में सरकारें आती हैं, जाती हैं, लेकिन संसदीय परंपराएं और मर्यादा अक्षुण्ण रहती हैं। हम इसलिए सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं क्योंकि हमने लोकतात्रिक परंपराओं को साल दर साल संपन्न किया है। चुनाव में कोई भी जीता-हारा, सत्ता हस्तांतरण आसानी से हुआ। दुनिया के मुकाबले हमारा लोकतंत्र जीवंत भी है और पारदर्शी भी। उम्मीद है कि सभी पक्ष लोकतंत्र को और मजबूत बनाने में भागीदार बनेंगे।

**सामयिक:** जरूरी है शराब उत्पादन, विक्रय और खपत के चलते सेहत पर प्रतिकूल असर का लागत-लाभ विश्लेषण

# शराब त्रासदियों से नुकसान असल में कहीं ज्यादा



मिलिंद कुमार शर्मा
एमबीएम विश्वविद्यालय, जोधपुर के प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर
@patrika.com

**शराब से जन सामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भार, हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े कार्मिकों की उत्पादकता व अन्य सामाजिक व नैतिक समस्याओं पर चिंतन होना चाहिए।**

कुछ दिन पहले तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम गांव में हुई जहरीली शराब दुखान्तिका में अब तक साठ से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है और कई लोग अब भी गंभीर रूप से अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। एक ओर वर्ष 2047 तक देश विकासशील से विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृतसंकल्प है, वहीं इस तरह की दुखान्तिकाओं का घटित होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां यह रेखांकित करना आवश्यक है कि ऐसी दुर्घटनाओं में समाज के सबसे निर्धन एवं कामगार वर्ग से आने वाले लोग ही अत्यधिक प्रभावित होते हैं।

जहरीली शराब को बनाने में प्रयुक्त मेथेनॉल प्रमुखतः जानलेवा कारक होता है। मेथेनॉल का औद्योगिक प्रयोग मुख्यतः कृत्रिम सूत, फाइबर, कपड़ा, पेंट, औषधि, निर्माण कार्य में प्रयुक्त प्लाइवुड, कृषि रसायनों इत्यादि में होता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मेथेनॉल हमारे दैनिक जीवन में काम आने वाले रसायनों में से एक प्रमुख रासायनिक पदार्थ है। पर इसका प्रयोग सस्ती कच्ची शराब में होने पर यह अत्यंत घातक सिद्ध हो सकता है।

किसी भी वयस्क के लिए शुद्ध मेथेनॉल के एक मिलीलीटर के 10वें अंश का प्रति किलोग्राम भार के हिसाब से उपभोग उसके जीवन के लिए अत्यंत जोखिम भरा हो सकता है क्योंकि इसका सीधा दुष्प्रभाव यकृत की अम्ल-क्षार प्रणाली पर पड़ता है जिससे रक्त अम्लीय हो जाता है। रक्त के अत्यंत अम्लीय होने पर यह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। चिकित्सीय भाषा में इसे रक्ताम्लता या एसिडिमिया के रूप में जाना जाता है।

मेथेनॉल के उपभोग से दृश्य हानि, अंधता एवं मस्तिष्क में रक्तस्राव से मृत्यु की भी आशंका रहती है। प्रायः यह देखा गया है कि मेथेनॉल के उपभोग का प्रभाव दो दिन तक रहता है। अतः इसका अनवरत प्रयोग शरीर को स्थायी रूप से क्षीण कर सकता है। यह जांच का विषय होना चाहिए कि उद्योग में काम आने वाले इस नियंत्रित रसायन की सुलभ उपलब्धता किस प्रकार कच्ची शराब बनाने में हो जाती है, जिससे कई मानव जीवन एवं परिवार काल कलवित हो जाते हैं। दूसरी ओर, प्रामाणिक शराब बनाने में एथेनॉल का प्रयोग होता है, जो कि एक मनो-सक्रिय औषधि है। इसका अल्प मात्रा में सेवन तंत्रिका संचरण का स्तर कम कर नशा उत्पन्न करता है। यह भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है पर मेथेनॉल जितना नहीं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लम्बे समय तक एथेनॉल का अल्प उपभोग भी स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है क्योंकि इससे कैंसर, हृदयाघात, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी गंभीर व्याधियां उत्पन्न होने की संभावना रहती है। चूंकि प्रामाणिक शराब अवैध रूप से विक्रय की जाने वाली कच्ची शराब की तुलना में महंगी रहती है इसलिए निचले तबके के लोग या दिहाड़ी मजदूर वर्ग अक्सर कच्ची शराब की तरफ आकर्षित होता है और उन्हें ही इस त्रासदी का शिकार बनना पड़ता है। जहां सरकारों के लिए शराब विक्रय राजकोषीय आय का एक बड़ा स्रोत है, वहीं दूसरी ओर कच्ची शराब से होने वाली जनहानि से जूझना भी एक बड़ी चुनौती है।

एक तरफ जहां शराबबंदी से सरकारों को राजकोषीय घाटा झेलना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु में हुई शराब दुखान्तिका जैसी त्रासदी के फलस्वरूप होने वाले जनसांख्यिकीय नुकसान का आकलन भी अब आवश्यक हो गया है। शराब उत्पादन एवं इसके विक्रय से होने वाली आय से सरकारों को पूंजी निवेश एवं समाज कल्याण से जुड़ी योजनाएं लागू करने में मदद मिलती है, पर अब समय आ गया है कि नीति निर्धारक इसके लागत-लाभ विश्लेषण पर गंभीरतापूर्वक विचार करें, और शराब दुखान्तिकाओं एवं शराब से जन सामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भार, हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े कार्मिकों की उत्पादकता एवं दूसरी सामाजिक व नैतिक समस्याओं के बारे में भी चिंतन करें। यद्यपि कुछ राज्यों जैसे कि गुजरात, बिहार, नगालैंड और मिजोरम में पूर्ण शराबबंदी है, पर यह समस्या का स्थायी समाधान भी नहीं है क्योंकि तब समाजकंटक इसके अवैध व्यापार को

## फैक्ट फ्रंट

### ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की नींव ऐसे पड़ी



बंगाल के अंतिम स्वतंत्र नवाब सिराजुद्दौला की 2 जुलाई 1757 को हत्या कर दी गई। सिराजुद्दौला के शासन की समाप्ति को भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की नींव माना जाता है। असल में प्लासी की लड़ाई में नवाब की सेना के सेनापति मीर जाफर ने धोखा किया, 23 जून, 1757 को बंगाल की सेना रॉबर्ट क्लाइव के नेतृत्व वाली ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना से हार गई। 2 जुलाई 1757 को नवाब सिराजुद्दौला को पकड़ लिया गया। इसके बाद ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ हुए समझौते के मुताबिक नवाब की हत्या कर दी गई।

## प्रसंगवश

### गड़बड़ियों के रास्ते खोलने वाले हैं बच्चों के दोहरे नामांकन

**पोषाहार से लेकर निःशुल्क किताबें छात्रों को दो जगह मिल जाएं तो इसे पात्र छात्रों का हक छीनना ही कहेंगे**

फर्जीवाड़ा रोकने की कवायद में ही फर्जीवाड़ा होने लग जाए तो इसे क्या कहेंगे? यही ना कि जिम्मेदार अनदेखी में जुटे हैं। ऐसी ही अनदेखी शिक्षा विभाग में सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन को लेकर सामने आई है। नामांकन ज्यादा दिखाने के फर्जीवाड़े को रोकने के लिए यूनाइटेड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यू-डाइस) लागू किया गया है। इसमें प्रत्येक छात्र को प्रवेश के वक्त ही परमानेंट एजुकेशन नम्बर (पीईएन) जारी किया जाता है। प्रदेश के सभी सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के बच्चों को यह पीईएन नम्बर देना अनिवार्य है ताकि बच्चों के नामांकन और उनसे जुड़ी दूसरी जानकारी को ट्रैक किया जा सके। शिक्षा विभाग की ओर से कराई गई जांच में यह तथ्य सामने आया है कि प्रदेश में सवा लाख से अधिक बच्चे एक से ज्यादा स्कूलों में नामांकित हैं।

सरकारी व निजी दोनों ही स्कूलों में नामांकन का अपना महत्त्व है। निजी स्कूल अपने प्रचार तंत्र को मजबूत करने के लिए और सरकारी स्कूल, छात्र-शिक्षक अनुपात की चिंता करते हुए नामांकन बढ़ाने पर ध्यान देते हैं। इसमें संदेह नहीं कि पिछले सालों में सरकारी स्कूलों के प्रति रुझान भी बढ़ा है। पर सरकारी स्कूलों में दिए जाने वाले पोषाहार से लेकर निःशुल्क किताबें आदि दोहरे नामांकन वाले छात्रों को दो जगह मिल जाएं तो इसे पात्र छात्रों का हक छीनना ही कहेंगे। 'राइट टु एजुकेशन' (आरटीई) के तहत बच्चों के दाखिले पर पुनर्भरण राशि का दुरुपयोग भी आसानी से हो सकता है। फर्जी डिग्री व फर्जी अंकतालिकाएं जारी होना काफी पुराना भ्रष्टाचार है। दोहरे नामांकन में इस पर भी नजर रखनी होगी। पर नामांकन पर निगाह रखने की कवायद में ही यह लापरवाही सचमुच चिंताजनक है। दोहरे नामांकन के मामलों में शिक्षा विभाग ने जांच के बाद दो तरह की सूची तैयार की हैं। पहली सूची उन छात्रों की है जिनका नाम एक ही जिले में दो-दो स्कूलों में लिखा हुआ है। जाहिर है कि एक स्कूल से स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) लेते वक्त बच्चे को उसका पीईएन नहीं दिया गया। न ही दूसरे स्कूल ने इसे मांगने की जरूरत समझी। जाहिर है कि शिक्षा विभाग ने एडवांस सिस्टम की मॉनिटरिंग की पर्याप्त व्यवस्था की ही नहीं। पात्र छात्रों को उनका हक देने में या किसी भी अन्य स्तर पर गड़बड़ी नहीं हो, इसके लिए समूचे सिस्टम पर निगाह रखना जरूरी है। -शरद शर्मा

sharad.sharma@in.patrika.com

**यूएस:** क्या संभव है किसी सर्वसम्मत उम्मीदवार की उम्मीद करना

# बाइडन राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटते हैं तो फिर आगे क्या?



कैरेन टुमल्टी
राजनीतिक मामलों की स्तम्भकार
द वाशिंगटन पोस्ट
से विशेष अनुबंध के तहत

अमरीका में डेमोक्रेट्स प्रेसिडेंशियल डिबेट में राष्ट्रपति जो बाइडन के बेहद खराब प्रदर्शन से दहशत में हैं। लोगों में यह राय जोर पकड़ रही है कि बाइडन को इस पद की दौड़ से हट जाना चाहिए। बड़ा सवाल, यदि बाइडन दौड़ से हट जाते हैं तो फिर क्या होगा? डेमोक्रेट्स के लिए यह एक कड़वी सच्चाई है कि अगस्त में होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में बाइडन की जगह किसी दूसरे नाम पर विचार उनके लिए ज्यादा जोखिम भरा हो सकता है उसी लंगड़े घोड़े से चिपके रहने की तुलना में, जिस पर वे सवार हैं। राष्ट्रपति और उनके सलाहकार दौड़ में बने रहने की बात पर अड़े हुए हैं। और वाकई में, उन्होंने डिबेट के बाद एक रैली में कहीं अधिक मजबूत उम्मीदवार के रूप में यह संकेत भी दिया। उन्होंने उत्साहवर्धक शब्दों में मौजूद लोगों से कहा-'मैं यहां उत्तरी कैरोलिना में इसलिए आया हूं क्योंकि नवंबर में होने वाले चुनाव में मुझे इस राज्य से जीतना है। हम यहां जीतेंगे, हम चुनाव जीतेंगे।'

हालांकि, निजी तौर पर उनके चुनावी अभियान के शीर्ष अधिकारी यह आश्वस्त करने में जुटे हैं कि यद्यपि मंच पर राष्ट्रपति के प्रदर्शन में तैयारियों का अभाव था पर वह डॉनल्ड ट्रंप को हराने में समर्थ हैं। यदि राष्ट्रपति को हटना पड़ा तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अपनी उम्मीदवारी की संभवतः तुरंत घोषणा कर देंगी। पर उनकी अलोकप्रियता के चलते अन्य लोग भी निश्चित रूप से मैदान में आ जाएंगे। सर्वाधिक संभावना तो यह है कि प्रतिभाशाली और करिश्माई डेमोक्रेट गवर्नर्स अपनी दावेदारी जताएंगे, जैसे कि कैलिफोर्निया के गेविन न्यूसॉम, मिशिगन की ग्रेचेन व्हिटमर, इलिनोइस के जेबी प्रित्जकर, पेंसिल्वेनिया के जोश शैपिरो और नॉर्थ कैरोलिना के रॉय कूपर। इस परिदृश्य में, कन्वेंशन के 3,894 डेलीगेट्स - नामांकन के लिए जरूरी 1,968 से कहीं अधिक - जो पहले बाइडन के लिए बाध्य थे, मुक्त हो जाएंगे। ये डेलीगेट्स एक्टिविस्ट्स, यूनियन लीडर्स या पार्टी के स्थानीय दिग्गज हैं और जाहिर है कि किसी भी तरह पार्टी के चंद नेताओं के दबाव में नहीं हैं। वैसे तो कन्वेंशन 19 से 22 अगस्त तक होना तय है पर डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी 7 अगस्त तक एक 'वर्चुअल रोल कॉल' के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रही है। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि ओहायो के मतपत्र में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति का नाम प्रमाणित हो जाए। कहने की जरूरत नहीं कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कायदे-कानून तकनीकी रूप से कन्वेंशन में नामांकन प्रक्रिया फिर शुरू करने को संभव बनाते हैं। इतिहास का एक उदाहरण भी है - 1968 में मार्च के आखिर में राष्ट्रपति लिंडन बी. जॉनसन ने इस वास्तविकता पर सहमति जताई थी कि उनके पुनर्निर्वाचन की संभावना निराशाजनक है और उन्होंने घोषणा की थी कि वे न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही पार्टी का नामांकन स्वीकार करेंगे। पर वह समय अलग था और स्थिति भी दूसरी। उपराष्ट्रपति ह्यूबर्ट हम्फ्री ने एक भी प्राइमरी चुनाव में गंभीरता से प्रतिस्पर्धा किए बिना डेमोक्रेटिक नामांकन हासिल कर लिया, पर वह नवंबर के चुनाव में हार गए। यही वजह है कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्य-दर-राज्य प्राइमरी और कॉकस की आधुनिक प्रणाली लागू की गई। रिपब्लिकंस ने भी अपनी चुनावी प्रक्रिया को फिर नया आकार दिया। ऐसे में कन्वेशन्स सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए। पर क्या इस वर्ष ऐसा नहीं हो सकता? पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन जैसी हस्तियों का पार्टी की पसंद पर कुछ असर हो सकता है? पुरानी सत्ता संरचना को सोशल मीडिया और बड़ी मात्रा में धन के प्रवाह की नई ताकतें और खत्म कर रही हैं। क्या इस उथल-पुथल के बीच किसी सर्वसम्मत उम्मीदवार की उम्मीद करना वाकई संभव है?

हो सकता है कि बाइडन आधुनिक इतिहास में एक कार्यकाल के सबसे सफल राष्ट्रपति हों, या शायद अब तक के सबसे सफल, हो सकता है कि उनकी विरासत एक ऐसे शख्स के रूप में सुरक्षित रहे जिसने अमरीका को ट्रंप से बचाया। डेमोक्रेटिक पार्टी ने भी बाइडन की बढ़ती मानसिक और शारीरिक कमियों की ओर से अपनी आंखें बंद कर उन्हें चुना। पर अमरीका जानता है जो कुछ उसने पिछले गुरुवार को डिबेट में देखा। अब किसी चमत्कार की उम्मीद करना ही डेमोक्रेट्स के लिए एकमात्र विकल्प बचा है।

**क्लाउड गेट:** शिकागो की गगनचुंबी इमारतों और आते-जाते लोगों को प्रतिबिंबित करती है 'द बीन'



**लगभग** एक साल तक चले नवीनीकरण के बाद शिकागो के सबसे लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक 'द बीन' को हाल ही में जनता के अवलोकन के लिए फिर से खोल दिया गया। शिकागो की 'द बीन' की तुलना में ऐसे बहुत कम शिल्प हैं जो किसी शहर का प्रतीक बन गए हों। इसे पहली बार मिलेनियम पार्क में 2004 में स्थापित किया गया था। 18 से 21 जुलाई के बीच इसकी 20वीं सालगिरह धूमधाम से मनाई जाएगी। 'द बीन', जिसे आधिकारिक तौर पर 'क्लाउड गेट' नाम दिया गया है, को प्रसिद्ध शिल्पकार अनीश कपूर ने लचीले कनेक्टर के साथ एक अंदरूनी फ्रेम पर 168 स्टील प्लेटों को फिक्स करके तैयार किया था। यह डिजाइन तरल पारे से प्रेरित है।

**सेहत:** खाने की बर्बादी एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने पर देना होगा गंभीरता से ध्यान

# जन आंदोलन और जागरूकता से ही संभव है खाद्य सुरक्षा



राजेन्द्र राठौड़
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा
@patrika.com

**प्रयोग में ली जा रही खाद्य सामग्री सुरक्षित है या नहीं, कहा नहीं जा सकता। लोगों में जागरूकता का अभाव देखा जा सकता है। जांचने के लिए माइक्रोबायोलॉजी लैब भी हमारे देश में पर्याप्त संख्या में नहीं हैं।**

पुरानी कहावत है- जैसा खाए अन्न, वैसा रहे मन। यानी, अन्न की प्रकृति हमारे व्यक्तित्व को गढ़ती है। खाद्य सुरक्षा हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे द्वारा किया जाने वाला भोजन सेहतमंद और सुरक्षित हो। हर किसी को पौष्टिक भोजन प्राप्त हो जिससे स्वास्थ्य खराब न हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, दूषित खानपान की वजह से दुनिया भर में प्रतिदिन तकरीबन 16 लाख लोग बीमार होते हैं। टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारी तो दूषित भोजन और प्रदूषित जल से ही होती है जिसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे होते हैं।

यह बात भी किसी से छिपी हुई नहीं है कि खान-पान की चीजों में आजकल मिलावट के रूप में लोगों को धीमा जहर परोसा जा रहा है। मुनाफाखोरी और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा की होड़ में जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ कर दूध, मावा, घी, पनीर, मसाले, फल-सब्जियां सहित खाने-पीने की लगभग हर चीज में मिलावट देखी जा सकती है। खाद्य पदार्थों में मिलावट, नकली ब्रांड और घटिया गुणवत्ता के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत देश के गरीब और वंचित वर्गों को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा की निगरानी करता है। खाद्य विभाग के अधिकारी अनसेफ, सब स्टैंडर्ड, मिसब्रांड की जांच के लिए फूड सैंपल एकत्रित करते हैं लेकिन ज्यादातर मामलों में दोषियों के खिलाफ सिर्फ जुर्माना होता है, क्रिमिनल केस नहीं चलाया जाता। हम जो खाद्य सामग्री बाजार में शौक से खा रहे हैं, वह स्वास्थ्य के लिहाज से सुरक्षित है या नहीं, कहा नहीं जा सकता। लोगों में जागरूकता का अभाव देखा जा सकता है। खाने में पेस्टिसाइड, हानिकारक बैक्टीरिया आदि को जांचने के लिए माइक्रोबायोलॉजी लैब भी हमारे देश में पर्याप्त संख्या में नहीं हैं।

स्वस्थ और निरोग बने रहने की लिए लोगों को ताजा हरी सब्जियां, फल खाने की सलाह दी जाती रही है। आज जिस तरह से नालों के गंदे पानी में सब्जियों को उगाया जा रहा है तथा फल-सब्जियों को इंजेक्शन के जरिए पकाया जाता है, वह स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। दूषित पानी से उगने वाली सब्जियों में लेड, सल्फर, जिंक, क्रोमियम और निकिल घुले होते हैं। डिटरजेंट और कास्टिक जैसी हानिकारक चीजें भी पानी के जरिए सब्जियों-फसलों में जा रही हैं। इससे किडनी, लीवर के रोग जैसे हेपेटाइटिस, पीलिया, टाइफाइड, उल्टी-दस्त जैसी घातक बीमारियां घर कर रही हैं। आजकल खाद्य बाजार एवं मंडियों में खाद्य प्राधिकरण के नियमों की खुली अवहेलना की जा रही है। मंडियों में घातक कैल्शियम कार्बाइड से आम व अन्य फल पकाए जा रहे हैं। इससे फलों में आर्सेनिक और फास्फोरस के साथ एसिटिलीन का निर्माण होता है जो नर्वस सिस्टम पर बुरा असर डालती है तथा चक्कर, अल्सर, कैंसर, एलर्जी के साथ किडनी और लीवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खाद्य पदार्थों की बर्बादी भी खाद्य सुरक्षा में बाधा है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2030 तक खाने की बर्बादी को रोकने का संकल्प लिया है। भारत की संस्कृति में भोजन जूठा छोड़ना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है क्योंकि अन्न को देवता तुल्य माना गया है। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम अपने संस्कार-संस्कृति भूल गए हैं। इस ओर लौटना होगा। कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए मोटे अनाज का इस्तेमाल बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। मोटे अनाज के उत्पादन में कम पानी की जरूरत पड़ती है। इनकी खेती में यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत भी नहीं पड़ती। जैविक खेती से तैयार फसलें, फल व सब्जियां इको फ्रेंडली होने के कारण इनकी मांग देश-विदेश में साल-दर-साल बढ़ रही है। इसलिए आज बड़ी संख्या में किसान जैविक खेती को अपना रहे हैं। खेती के क्षेत्र में यह एक नई क्रांति कही जा सकती है।

देश-दुनिया को खाद्य संकट से उबारने के लिए हमें एक उत्प्रेरक के रूप में स्वयं से शुरुआत करनी होगी। हमें एक जनआंदोलन खड़ा कर खाने की बर्बादी एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकना होगा। तभी हम आजादी के अमृतकाल से लेकर शताब्दी वर्ष तक 'स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत' का सपना साकार कर सकेंगे।

## आपकी बात

### गठजोड़ टूटना जरूरी

**अपराधियों** और पुलिसकर्मियों में मिलीभगत होती है, ऐसे में कानून नए हों चाहे पुराने, महज कागजी बनकर रह जाते हैं। इसलिए यह गठजोड़ टूटना चाहिए।
-आजाद पूरण सिंह राजावत, जयपुर

**आज का सवाल**

**बारिश से पूर्व नालों की सफाई का काम पूरा क्यों नहीं होता?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

### पाठकों की प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'नए आपराधिक कानून लागू होने से क्या समाज में आपराधिक प्रवृत्ति कम होगी?' ऑनलाइन भी देखें।
इसे स्कैन करें
https://shorturl.at/1cvp6



# चित्रकोट की दूधिया जलधारा का मोहक नजारा

**पत्रिका ब्यूरो @ जगदलपुर.** मानसून अब पूरे प्रदेश में छा चुका है। बस्तर में भी मानसून के बादल जमकर बरस रहे हैं। इसी बीच बस्तर का विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात भी दूधिया जलधारा से पर्यटकों का मन मोह रहा है। मानसून के दौरान चित्रकोट की जलधारा का सौंदर्य देखते ही बनता है। जैसे-जैसे बारिश के दिन गुजरते जाएंगे प्रपात से बहने वाली जलधारा का रंग भी बदलते जाएगा। जल्द ही यहां मटमैला पानी दिखने लगेगा। बारिश के शुरुआती दिनों में पानी काफी साफ नजर आता है।

फोटो: आशुतोष प्रसाद

## सीएम साय ने राहुल गांधी के बयान को हिंदुओं का बताया अपमान



**रायपुर@पत्रिका.** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संसद में हिंदू समाज पर दिए बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी का हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक हैं। सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- राहुल गांधी द्वारा संसद में पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है। उन्होंने देश के करोड़ों हिंदुओं का अपमान किया हैं। राहुल गांधी को भारत की परंपरा और हिंदुओं की संस्कृति की कोई जानकारी नहीं है। उनके इस बयान से पूरा देश क्षुब्ध है। कांग्रेस की हिंदुओं के प्रति यह नफ़रत बंद होनी चाहिए। अपने इस वक्तव्य के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस पूरे देश से माफी मांगें।

**लेटर बम:** चुनावों में हार के लिए भूपेश बघेल ने बताया जिम्मेदार

# कांग्रेस की समीक्षा बैठक में गुमनाम चिट्ठी से हड़कंप

### कांग्रेस ने कहा नेताओं को बदनाम करने की साजिश

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रदेश में करारी हार की समीक्षा हो रही है। मंगलवार को चौथी बैठक राजीव भवन में हो रही थी। इस बीच एक गुमनाम पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पत्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जिम्मेदार ठहराया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित इस पत्र में कहा गया है कि भूपेश बघेल के अहंकार की वजह से हार हुई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि प्रदेश में हुए घोटालों में जेल जाने के डर से कांग्रेस को हराने का षड्यंत्र रचा गया। भूपेश के साथ ही चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर और ताम्रध्वज साहू पर भी निशाना साधा गया है।



### बड़े नेताओं के अहंकार से डूबी कांग्रेस

**गुमनाम** पत्र में लिखा गया है कि बड़े नेताओं के अहंकार की वजह से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार हुई है। पत्र में कहा गया है कि चुनाव परिणामों पर समीक्षा करने आज नेता दिल्ली से रायपुर पहुंचे और विधानसभा, लोकसभा में हार के कारणों पर चर्चा की, जबकि आप स्वयं राहुल गांधी, कुमारी सैलजा , चन्दन यादव, प्रदेश का हर शख्स जानता है कि हार के मात्र दो कारण हैं।

### बैज बोले- चिट्ठी में शिकायतकर्ता का नाम, कोई आधार नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने वायरल गुमनाम पत्र को लेकर कहा, हालांकि मैंने वायरल चिट्ठी को नहीं देखी है। लेकिन सुनने में जो आया है, उसके अनुसार उसमें शिकायत कर्ता का कोई नाम नहीं है। इसलिए यह पत्र निराधार है। कांग्रेस के बड़े नेताओं को बदनाम करने की साजिश है।

### इन दो कारणों से हारी कांग्रेस

पत्र में हार का पहला कारण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की रणनीति को बताया है। जबकि दूसरा कारण सौम्या, रामगोपाल, गिरीश देवांगन, अनिल टुटेजा, सूर्यकांत तिवारी, विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश तिवारी, ढेबर जैसे लोग और सट्टा, शराब, कोयला, डीएमएफ, जीएसटी, पीएससी जैसे कई घोटाले हैं।

### लोकसभा में पुराने चेहरे को टिकट दिया

पत्र में यह भी कहा गया है कि लोकसभा में फिर हारे हुए पुराने चेहरों को टिकट दिया गया। दुर्ग से पांच मंत्री थे सब हारे थे, फिर दुर्ग से चार लोगों को दूसरे क्षेत्रों से टिकट दे दिया। परिणाम ये हुआ कि सब हार गए। ज्योत्सना महंत जीतीं तो उसमें चरणदास या कांग्रेस का कोई रोल नहीं है।

**नारायणपुर**

## नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में युवक को मार डाला

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नारायणपुर.** नक्सलियों ने एक 30 साल के युवक की रविवार को हत्या कर दी थी। उसका शव मंगलवार को सड़क पर मिला।



नक्सलियों ने युवक के शव के पास पर्चे फेंके थे। जिसमें युवक पर मुखबिरी का आरोप लगाया है। पर्चे में लिखा है कि वह 15 जून को फ़रसबेड़ा में हुए मुठभेड़ का जिम्मेदार है। मारे गए युवक का नाम सन्नू उसेंडी है। सन्नू कोहकामेटा थाना क्षेत्र के नेलांगुर गांव का रहने वाला है। मृतक बांस शिल्प कॉलोनी नारायणपुर में रहता था। इससे कुछ दिनों पहले अपने गांव नेलांगुर गया हुआ था। नक्सलियों को जब उसके गांव आने की सूचना मिली तो उन्होंने गांव से उसे अगवा कर लिया। इसके बाद रविवार 30 जून को उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल रवाना किया गया।

**शिक्षा मंत्री** के इस्तीफे के बाद सीएम साय ने ली बैठक

# स्कूल जतन के नाम पर हुई गड़बड़ी की होगी जांच



समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अधिकारी।

### सीएम के सख्त तेवर बोले- कलेक्टर हर माह दो-तीन स्कूलों का करें दौरा

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को पहली बार शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उनके तीखे तेवर देखने को मिले। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्कूल जतन योजना के नाम पर हुई गड़बड़ी की जांच के भी आदेश दिए। वहीं कलेक्टरों को हर माह दो-तीन स्कूलों का दौरा करने कहा गया है। दरअसल पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने स्कूलों के मरम्मत और कायाकल्प को लेकर स्कूल जतन योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत 370 करोड़ रुपये खर्च कर 1536 स्कूलों के मरम्मत का आदेश दिया था। इस मामले को लेकर कई स्तर पर गड़बड़ियों की शिकायत सरकार तक पहुंची थी। मुख्यमंत्री ने स्कूलों में कराए गए मरम्मत कार्य की जिलेवार जानकारी ली। जिसके बाद बैठक में ही मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में स्कूल जतन योजना के तहत कराए गए कार्यों की जांच के आदेश दिए।

### स्कूलों का नियमित निरीक्षण, शिक्षा गुणवत्ता पर फोकस रखें

**करीब** दो घंटे चली बैठक में मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ शिक्षा गुणवत्ता की अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए। कलेक्टर भी हर माह दो से तीन स्कूलों का दौरा कर वहां निरीक्षण करें।

**पीएम** रोजगार योजना में रिश्वत लेने के आरोप साबित हुए गलत

# 26 साल बाद मिला न्याय, हाईकोर्ट ने बैंक मैनेजर को माना दोषमुक्त

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत स्वीकृत राशि के भुगतान के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में फंसे बैंक प्रबंधक की आधी जिंदगी खुद को निर्दोष साबित करने में निकल गई। 26 वर्ष बाद हाईकोर्ट ने प्रबंधक को निर्दोष मानते हुए जबलपुर के सीबीआई कोर्ट से सुनाई गई सजा को निरस्त किया है। प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत जिला उद्योग केंद्र ने दामाखेड़ा सिमगा जिला दुर्ग निवासी तेजेंदर देव चावरे का ऋण स्वीकृत किया था। जनवरी-फरवरी में तेजेंदर देव ने देना बैंक दामाखेड़ा के शाखा प्रबंधक विनोदनंद झा से मुलाकात की। कथित रूप से शाखा प्रबंधक ने उससे स्वीकृत राशि 95 हजार रुपए देने 7 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। उसने देना बैंक दामाखेड़ा जिला दुर्ग के शाखा प्रबंधक द्वारा रिश्वत मांगने की सीबीआई से शिकायत की। सीबीआई ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को कैमिकल लगे 7000 रुपए प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत स्वीकृत लोन की फाइल जब्त की।

### बैंक के प्रोसेसिंग शुल्क को रिश्वत बता दिया

सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि शाखा प्रबंधक ने योजना के तहत 95 हजार रुपए लोन स्वीकृत होने की जानकारी दी। इसके लिए बैंक में खाता खोलने, दस्तावेजीकरण, मार्जिन मनी व स्टाम्प शुल्क के लिए 7000 लगने की बात कही थी। शिकायतकर्ता ने उक्त राशि मांगे जाने की शिकायत कर दी। सुनवाई में देना बैंक मुख्यालय ने लोन के लिए प्रोसेसिंग शुल्क 6900 नियमानुसार लगने की पुष्टि की।

### तीन साल की सजा और अर्थदंड

**सीबीआई** जबलपुर के विशेष कोर्ट ने 15 दिसम्बर 1998 को शाखा प्रबंधक विनोदनंद झा को धारा 7 एवं धारा 13(1) (डी) के धारा 13(2) के तहत तीन वर्ष कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई। प्रबंधक ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। राज्य विभाजन के बाद अपील को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट भेजा गया। 24 वर्ष तक मामला यहां लंबित रहा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पुराने मामलों को निराकृत करने सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद यह सुनवाई फिर शुरू हुई। 26 वर्ष पुराने इस मामले में सीबीआई की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने सुनवाई में गवाह व शिकायतकर्ता के विश्वसनीय नहीं होने पर सीबीआई अदालत के आदेश को खारिज कर शाखा प्रबंधक को दोषमुक्त किया है।

**सरकारी** के लिए नवंबर में आएगा फार्म

# सरकारी अस्पतालों में पैरामेडिकल कोर्स के आवेदन का पता नहीं

**रायपुर.** प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में संचालित पैरामेडिकल कोर्स के आवेदन का पता नहीं है। जबकि निजी सेंटरों में प्रवेश शुरू हो गया है। 12वीं बायोलॉजी पास छात्र-छात्राएं इस कोर्स को करने के लिए पात्र हैं। सीजी, सीबीएसई बोर्ड के 12वीं का रिजल्ट आए डेढ़ माह से ज्यादा हो गया है। नवंबर में सरकारी कोर्स के लिए आवेदन भराया जाएगा। ऐसे में 12वीं पास छात्रों को आवेदन फार्म के लिए लंबा इंतजार करना होगा।

12वीं का रिजल्ट आने के बाद राजधानी समेत प्रदेश के ज्यादातर निजी सेंटर छात्रों को प्रवेश दे रहे हैं। कुछ सेंटरों में प्रवेश की आखिरी तारीख भी निकल चुकी है। कम फीस, अच्छी पढ़ाई व ट्रेनिंग के लिए ज्यादातर छात्र सरकारी अस्पतालों में प्रवेश लेना चाहते हैं। प्रदेश के जिला अस्पतालों में ये कोर्स चल रहा है। कुल 230 सीटें हैं। छात्र प्रवेश लेकर दुर्ग, अंबिकापुर, रायगढ़ व दूसरे जिला अस्पताल में ट्रेनिंग करते हैं। ये एक वर्षीय कोर्स है। इसलिए एक साल कैसे निकल जाता है, छात्रों को पता ही नहीं चलता। इस कोर्स को करने के बाद ज्यादातर छात्र सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी करते देखे जा सकते हैं। सत्र 2023-24 के लिए कई मेरिटोरिस छात्रों ने प्रवेश लिया है। ये 2021 बैच के छात्र हैं। इनमें 500 में 493, 491, 487 अंक वाले स्टूडेंट शामिल हैं। माशिमं की 12वीं बायोलॉजी में 97-98 फीसदी अंक लाने वाले लैब टेक्नीशियन व एक्सरे टेक्नीशियन कोर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। यही नहीं 90 से 98.6 फीसदी अंक लाने वाले ऐसे 246 छात्र हैं। बोर्ड परीक्षा में छात्रों के इतने प्राप्तांक देखकर पैरामेडिकल संचालनालय के अफसर भी चौंक गए।

**ईओडब्ल्यू** ने अनवर ढेबर, अरविंद सिंह, एपी त्रिपाठी और त्रिलोक ढिल्लन को बनाया आरोपी

# शराब घोटाले में 9000 पन्नों की चार्जशीट पेश




पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** ईओडब्ल्यू ने 2161 करोड़ के शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर, अरविंद सिंह, एपी त्रिपाठी और त्रिलोक ढिल्लन के खिलाफ 9000 पन्नों की चार्जशीट पेश की। इसमें 3 पेज की समरी और जांच के दौरान जब्त किए गए 17 मोबाइल और 1 लैपटॉप शामिल हैं। अब इस प्रकरण की सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

चार्जशीट में बताया गया है कि किस तरह से सिंडिकेट बनाकर अवैध वसूली की जाती थी। किस तरह से वसूली की रकम में कमीशन की हिस्सेदारी और लाभांवित होने वालों का ब्यौरा दिया गया है। इसे विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की अदालत में सोमवार को पेश किया गया। इस दौरान न्यायिक रिमांड की अवधि समाप्त होने पर अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को उपस्थित कराया गया। इस दौरान इस दौरान उपसंचालक अभियोजन मिथलेश वर्मा एवं विशेष लोक अभियोजक सौरभ पांडेय ने चालान पेश करते हुए न्यायालय को बताया कि उक्त मामले में अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को यूपी एसटीएफ की टीम ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गई है। इसलिए उक्त दोनों को कोर्ट में पेश नहीं किया गया है। विशेष न्यायाधीश ने पेश किए गए चालान और इलेक्ट्रानिक डिवाइस को लोहे के ट्रंक में सुरक्षित रखने का निर्देश ईओडब्ल्यू के विवेचना अधिकारी को दिया। साथ ही सुनवाई के दौरान जरूरत के अनुसार उपलब्ध कराने कहा। बता दें कि 4 अप्रैल को शराब घोटाले अरविंद सिंह और इसके बाद अनवर, त्रिलोक और एपी त्रिपाठी गिरफ्तार किए गए।

### कोर्ट में दो ट्रंक में 22 बंडल लाए गए

**ईओडब्ल्यू** ने शराब घोटाले की जांच करने के बाद लोहे के 2 बड़े ट्रंक में नीले और लाल रंग के 22 बंडलों में कोर्ट लाया गया था। इन सभी में अपराध क्रमांक और आरोपियों के नाम लिखे हुए थे। वहीं इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों का अलग पैकेट बनाया गया था। इसे कोर्ट में चालान के साथ पेश किया गया। कोर्ट ने अपने आर्डरशीट में कहा है कि अदालत में इसे रखने की जगह नहीं है। इसलिए ईओडब्ल्यू को सुरक्षित रखने और सुनवाई के दौरान पेश करने के निर्देश दिए हैं। शराब घोटाले में पेश किए गए मुख्य चालान में 4 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस प्रकरण में 70 नामजद और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रकरण की जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर अन्य लोगों को आरोपी बनाने के बाद पूरक चालान बाद में पेश किया जाएगा।

## सभी जिलों में प्रभारी सचिव नियुक्त, विकास योजनाओं और कार्यों की करेंगे मॉनीटरिंग

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** प्रदेश के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यो की मॉनीटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा राज्य के सभी 33 जिलों के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक, विशेष सचिव को जिले का प्रभार दिया गया है। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके।

**बाल वैज्ञानिक** | दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में 216 मॉडल हुए शामिल

# बस्तर के बच्चे ने दृष्टिहीनों के लिए बनाया सेंसर वाला चश्मा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**राजनांदगांव.** इन्सपायर अवार्ड मानक 2022-23 अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट प्रतियोगिता (सीएलईपीसी) के दो दिवसीय आयोजन में बाल वैज्ञानिकों का जबरदस्त इनोवेशन देखने को मिल रहा है। सोमवार यहां के दिग्विजय स्टेडियम में शुरू हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के स्कूलों से 216 बच्चों ने अपने साइंस के प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई है। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के 15 मॉडल शामिल हैं।

### चश्मे में लगे सेंसर से सुरक्षित होंगे दृष्टिहीन

**जगदलपुर** के बचपन एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल से आए आठवीं कक्षा के छात्र आयुष्मान चक्रवर्ती ने दृष्टिहीनों के चश्मे में लगाने के लिए एक ऐसा डिवाइस तैयार किया है जो उनके सामने आने वाली वस्तु को इंडीकेट कर देगा। जूनियर साइंटिस्ट आयुष्मान ने बताया कि चश्मे में सेंसर लगा है, सेंसर के सामने कुछ भी आने पर डिवाइस में हुए कोडिंग से बजर बजेगा, जिससे कि दृष्टिहीन व्यक्ति को सामने कुछ होने का पता चल जाएगा और वह अपना रास्ता बदल सकता है। उनके मॉडल का नाम 'ऑप्टिकल डिटेक्टर फॉर ब्लाइंड प्यूपल' है।





### एलपीजी गैस की बचत व सुरक्षा के लिए बनाया प्रोजेक्ट

**दुर्ग** जिले के पाऊवारा शास. हायर सेकंडरी स्कूल से आई 12 वीं की छात्रा माधुरी साहू ने गैस स्टोव सेफ्टी एंड एलपीजी कंजरवेशन थीम पर मॉडल बनाया है। उन्होंने गैस स्टोव में लगाने के लिए ऐसा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तैयार किया है, जिसके उपयोग से एलपीजी गैस की बचत की जा सकती है और गर्म चूल्हे में किसी तरह का हादसा न हो इसके सुरक्षा कवच भी बनाया हुआ है।

## आसमान में बिखरी इंद्रधनुष की सतरंगी छटा



**देवास@पत्रिका.** सोमवार को दिनभर देवास में धूप और बादल-बारिश का दौर चला। दिन की शुरुआत धूप से हुई फिर बारिश के साथ मौसम खुशनुमा हो गया। इस बीच दिनभर बादल और धूप की आंख मिचौली के बची शाम करीब 7 बजे आकाश में इंद्रधनुष निकला। इंद्रधनुष की सतरंगी छटा देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। **फोटो: मयूर व्यास**

### स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा: किडनी व हार्ट के मरीजों को 24 घंटे मिलेगा इलाज

# एम्स में 96 करोड़ से तैयार होगा एपेक्स पीडियाट्रिक सेंटर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** केंद्र से 96 करोड़ के एपेक्स पीडियाट्रिक सेंटर व 80 करोड़ के सेंट्रल ओपीडी ब्लॉक समेत दो सौ करोड़ की सुविधाओं का बजट पास हो गया है। जिससे बच्चों से लेकर ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। किडनी व हार्ट के मरीजों को 24 घंटे इलाज मिलेगा। पीईटी स्कैन व गामा नाइफ जल्द शुरू होने जा रहे हैं। एमआरआइ भी पीपीपी मोड पर संचालित की जाएगी।




### किडनी-हार्ट के मरीजों को 24 घंटे मिलेगा इलाज

**एम्स** के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि चार नई डायलिसिस मशीन लगाई जा रही हैं। अब डायलिसिस यूनिट और कैथ लैब 24 घंटे चलेगी। क्रिटिकल यूनिट में नए 70 बेड जोड़े जा रहे हैं। जिससे इसमें कुल बैड 230 हो जाएंगे। पूरे अस्पताल में बेड की संख्या बढ़ा कर 1260 की जा रही है। पीपीपी मोड पर एमआरआइ मशीन भी लगेगी।

### एम्स में इन सुविधाओं का इजाफा

- **एपेक्स पीडियाट्रिक सेंटर-** इसमें 16 साल तक के बच्चों के पंजीयन से लेकर जांच व इलाज तक की व्यवस्था होगी। जिसमें उनके लिए कैंसर, किडनी, हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों के इलाज से लेकर जटिल सर्जरी की भी व्यवस्था होगी।
- **पीईटी स्कैन-** यह एक इमेजिंग परीक्षण है। यह ट्यूमर, हृदय रोग, मस्तिष्क विकारों जैसी बीमारियों के निदान के लिए जरूरी है। इसमें शरीर किस प्रकार काम कर रहा है, यह तक देखा जा सकता है। जबकि अन्य स्कैन से केवल शरीर की संरचना ही देखी जा सकती है।
- **गामा नाइफ-** ब्रेन कैंसर, ब्रेन ट्यूमर जैसी घातक बीमारियों के इलाज के लिए सबसे एडवांस तकनीक है। इसका उपयोग ज्यादातर नसों के बीच मौजूद छोटे ट्यूमर खासकर ब्रेन ट्यूमर के लिए किया जाता है। इसमें रेडिएशन केवल ट्यूमर पर दिया जाता है, जो कैंसर सेल के अंदर मौजूद डीएनए को नष्ट कर देता है। यह 90 फीसदी कारगर है।
- **सेंट्रल ओपीडी ब्लॉक-** ओपीडी मरीजो के लिए अलग विंग तैयार किया जाएगा। सभी विभागों की ओपीडी एक स्थान पर संचालित होगी। यहां पंजीयन से लेकर सैम्पल कलेक्शन, परामर्श, जांच और दवा भी मिलेगी जिससे भटकाव कम होगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दलित युवती से मां-बेटों ने की पिटाई

**रतलाम@पत्रिका.** जिले के ताल थाने के गांव आना खेड़ी में मां-बेटों ने मिलकर एक दलित युवती से मारपीट कर वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले में पीड़िता की शिकायत पर कुशाल बाई और बेटे मनोहर और जगपाल पर अपराध दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आनाखेड़ी गांव में दो बीघा जमीन का में कब्जे को लेकर आरोपियों ने उसे सरेआम पीटा और वीडियो बनाकर वायरल कर दी।

### गो तस्करी रोकने बजरंगियों की रैली

**कटनी@पत्रिका.** गोवंश की हत्या, तस्करी, बूचड़ खाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कटनी में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। विहिप और बजरंग दल ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए और कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। हिंदू संगठन के नेताओं का आरोप है कि कटनी में तेजी से गो तस्करी की वारदातें बढ़ी हैं, लेकिन प्रशासन कार्रवाई को लेकर उदासीन है।

### मैहर जाती कार टकराई, एक की मौत

**जबलपुर@पत्रिका.** सिवनी के घनौरा से मैहर स्थित शारदा माता के दर्शन करने जा रहे परिवार की कार को रविवार रात भेड़ाघाट बायपास के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। घनौरा में रहने वाले मनोहर सिंह 58 पत्नी शारदा सिंह, रज्जू सिंह, पत्नी उमा सिंह और बहन दीक्षा सिंह व खुशी सिंह के साथ रविवार रात शारदा देवी के दर्शन के लिए सिवनी से रवाना हुए थे।

### शहनाज के भजनों पर झूमे संत रविशंकर

**टीकमगढ़@पत्रिका.** छिपरी में चल रहे सप्त दिवसीय प्राकट्य महोत्सव में दूसरे दिन भजन गायिका शहनाज अख्तर ने भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति रस में डूब कर जब शहनाज ने भजन गाने शुरू किए तो संत रविशंकर महाराज भी खुद को नहीं रोक सके और उन्होंने जमकर नृत्य किया। यह देखकर पूरा पंडाल झूमता नजर आया। वहीं दोपहर को हुई श्रीमद्भागवत कथा में अनेक रोचक प्रसंग सुनाए गए।

### @10 जिले पारे की चाल

कहां- कितना तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 38° | सागर | 37° |
| सीधी | 37° | सतना | 37° |
| दतिया | 39° | जबलपुर | 38° |
| खजुराहो | 37° | नौगांव | 38° |
| दमोह | 38° | भोपाल | 37° |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

### एक जुलाई से दो बड़े बदलाव: प्रदेश सरकार ने आरटीओ की चौकियों की बंद, नए कानून की हुई शुरुआत

# सीमा में लूट की छूट के अड्डों पर लटका ताला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मप्र में 1 जुलाई से प्रदेश की अंतरराज्यीय सीमाओं पर परिवहन जांच चौकियां बंद कर दी गईं। सरकार के आदेश के बाद चौकियों से व्यवसायिक वाहनों ने प्रदेश में बेरोकटोक आवाजाही की। परिवहन विभाग की चौकियां हमेशा ही वाहन चालकों से अवैध वसूली को लेकर सुर्खियों में रही हैं। पत्रिका ने चेक पोस्ट में लूट की छूट को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद मोहन सरकार ने गुजरात मॉडल पर न सिर्फ चेकपोस्ट को तकनीकी आधारित संचालन के आदेश दिए, बल्कि यहां सुरक्षा को लेकर भी नवीन पदस्थापनाएं कर दी गईं हैं।

**नीमच में कलेक्टर-एसपी ने की जांच:** नीमच के कलेक्टर दिनेश जैन एवं एसपी अंकित जायसवाल ने सोमवार सुबह बंद परिवहन जांच चौकी नयागांव का जायजा लिया।

**ट्रांसपोटर्स खुश:** चेकपोस्ट समाप्त करने पर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृतलाल मदान, चेयरमैन डॉ. जीआर शन्मुगप्पा और कोर कमेटी के चेयरमैन बल मलकित सिंह कंपनीज एसोसिएशन के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह बग्गा, अध्यक्ष ठाकुर लाल राजपूत ने निर्णय का स्वागत किया।

### बैतूल: चालकों ने कहा वसूली से मिली निजात



**बैतूल** जिले के मुलताई क्षेत्र में नागपुर रोड पर चेक पोस्ट बंद कर दिए गए। यहां से अब बिना रुके सीधे वाहन गुजर रहे हैं। जिससे वाहन मालिकों एवं चालकों को राहत मिली है। यहां चेकपोस्ट की लूट को लेकर ट्रक एसोसिएशन ने भी सरकार को ज्ञापन दिया था।

### बड़वानी: जांच चौकियों पर ताला, कर्मी हटाए



**बड़वानी** जिले में एबी रोड पर परिवहन जांच चौकियों का संचालन बंद कर दिया गया है। तौल कांटे भी बंद कर दिए गए। इंदौर से मुंबई जा रहे इस्लाम खान ने बताया की बैरियर बंद होने से समय बचेगा। पहले एक घंटे तक लाइन में खड़े रहना पढ़ता था। मानपुर से धूलिया जा रहे ड्राइवर सुनील शिंदे ने बताया कि यहां अधिकारी कागजों के जांच के नाम पर परेशान करते थे वैसा अब नहीं होगा।

### बुरहानपुर: कर्मचारियों ने जताया विरोध

बुरहानपुर जिले में महाराष्ट्र सीमा पर बनी जांच चौकी 30 जून को रात 12 बजे से बंद कर दी गई। इससे ट्रक चालकों को तो राहत मिली, लेकिन यहां काम करने वाले 150 से अधिक कर्मचारी बेरोजगार हो गए, जिन्होंने सोमवार को विरोध जताया। चेक पोस्ट बंद होने के बाद यहां न वाहनों की लंबी कतार दिखी न कोई खिडक़ी पर कागज लेकर चालक खड़े रहे।

# भारतीय न्याय संहिता में पहले दिन 60 मामले

### पहले दिन की सर्वाधिक एफआइआर भोपाल में दर्ज हुईं




भोपाल के जहांगीराबाद थाने को सजाया गया।



थाना परिसर में रंगोली सजातीं पुलिस कर्मी।

**भोपाल।** देशभर में एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो चुके हैं। प्रदेश में पहला मामला रात 12:16 मिनट पर भोपाल कमिश्नरेट के हनुमानगंज थाने में दर्ज किया गया। यह मामला अपशब्द और मारपीट का था। नया कानून लागू होने के बाद पहली दस एफआइआर में 8 मामले भोपाल के थे, शेष दो सागर और ग्वालियर में दर्ज हुए। पुलिस मुख्यालय के अनुसार नया कानून लागू होने के बाद सोमवार शाम तक प्रदेश में कुल दर्ज 60 एफआइआर में सबसे ज्यादा भोपाल में दर्ज हुईं।

#### यहां पहली 10 एफआइआर

| जिला | थाना | समय |
|---|---|---|
| ग्वालियर | | 12:10 बजे |
| भोपाल | हनुमानगंज | 12:16 बजे |
| भोपाल | निशातपुरा | 12:20 बजे |
| भोपाल | शाहजहांनाबाद | 12:22 बजे |
| ग्वालियर | हजीरा | 12:24 बजे |
| भोपाल | तलैया | 12:35 बजे |
| भोपाल | क्राइम ब्रांच | 12:44 बजे |
| भोपाल | रातीबड़ | 12:54 बजे |
| भोपाल | गौतम नगर | 01:07 बजे |
| भोपाल | जहांगीराबाद | 01:29 बजे |

नया कानून लागू होने के बाद सोमवार शाम तक 60-70 मामले प्रदेशभर में दर्ज हुए। पुलिस अपडेट है और आगे जल्द ही जरूरत के मुताबिक अपडेट किया जाएगा।
**जयदीप प्रसाद,** एडीजी, लॉ एंड ऑर्डर

**पुलिस छह महीनों से कर रही तैयारी:** नए कानूनों को लेकर मप्र पुलिस पिछले 6 माह से तैयारी कर रही थी। तीनों कानूनों के बारे 60 हजार से अधिक आरक्षक से लेकर आला अधिकारियों तक को प्रशिक्षित किया। इनमें 31 हजार से अधिक विवेचना अधिकारी शामिल हैं।

### धार

## कार से नकद मिले 80 लाख पुलिस ने किए जब्त

**बदनावर@पत्रिका.** वाहन चेकिंग के दौरान बदनावर पुलिस ने एक कार से 80 लाख रुपए नकद जब्त किए। पुलिस के अनुसार सोमवार को बड़ी चौपाटी पर वाहन जांच के दौरान कार जीजे 20 सीए 7000 को रोका गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर नकद रकम बरामद हुई। गाड़ी को चालक दिव्य जैन (30) निवासी श्रीमंत सोसायटी ओल्ड इंदौर चला रहा था। उसके साथ झाबुआ का रितेश जैन (37) था। पूछताछ में उन्होंने इसे व्यापार के कलेक्शन की राशि बताया गया। पुलिस ने संदेह पर राशि जब्त करते हुए मामले पर आयकर विभाग को सूचना दे दी है।

### डिंडोरी

## बांध सर्वे की टीम नदी में बही, एक की मौत, 3 बचे

**डिंडोरी@पत्रिका.** जिले के बिछिया चौकी कुटरई घाट से 800 मीटर पहले सिलगी नदी बन रहे बसनिहा डैम में फिसलने से सर्वे टीम के चार लोग बह गए। इस दौरान किसी तरह तीन लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई, वहीं 22 वर्षीय युवक अंकित सैनी बह गया। इस दौरान सोमवार को युवक का शव मिला है। जानकारी के अनुसार सिलगी नदी में बसनिहा मे प्रस्तावित बांध निर्माण के लिए करीब आधा दर्जन कर्मचारी सर्वे पर गए थे।

### कटनी पुलिस ने जब्त किया 10 लाख का गांजा

## ओडिशा से कार में गांजे की खेप लेकर आते दो तस्कर गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**कटनी.** उड़ीसा से छत्तीसगढ़ होते हुए सतना जा रहे दो गांजा तस्करों को कटनी जिले की पुलिस ने पकड़ा। इनकी कार से 10 लाख कीमत का करीब 43 किलो गांजा जब्त किया गया।

सोमवार को मुखबिर सूचना पर मानपुर से बरही की तरफ आती कार को रोककर जांच की गई। बरही थाना पुलिस ने कार एमपी 19 सीसी 7982 से बैग में भरा गांजा बरामद किया। मामले में सिविल लाइन सतना के धीरेंद्र कुमार अहिरवार (31) और सतना के ही श्रीनगर निवासी कृष्ण कुमार अहिरवार (24) को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने कार की डिक्की में दो बोरियो में 43 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस में कार्रवाई की है। आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजे की खेप लेकर छत्तीसगढ़ होते हुए प्रदेश में आए थे। वे दोनों गांजा सतना जिले में गांजा के छोटे-छोटे तस्करों के जरिए व्यापारियों तक पहुंचाते हैं।

### ग्वालियर: रिश्वतखोरी में रिटायर्ड उप-जेलर फैसले के दिए हुए थे फरार

## कोर्ट ने कहा- दोषी का सजा सुनना जरूरी, इसलिए फैसला सुनने होना होगा हाजिर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**ग्वालियर.** रिश्वत मामले में दोषी ठहराए गए सेवा निवृत्त उप-जेलर डॉ. रमेश कुमार शर्मा को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिल सकी। उपस्थिति से छूट के लिए दायर उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा हाईकोर्ट ने कहा, विशेष सत्र न्यायालय के फैसले को इस आधार पर निरस्त नहीं किया जा सकता कि वे न्यायालय में हाजिर नहीं थे। याचिकाकर्ता को दोषी ठहराया जा चुका है। सजा सुनने के लिए दोषी की मौजूदगी जरूरी है इसलिए न्यायालय में उपस्थित होना होगा। उपजेलर डॉ. शर्मा को ग्वालियर लोकायुक्त ने रिश्वत लेते पकड़ा था। उनके खिलाफ कैदी देशराज ने जेल से सदाचार का प्रमाण पत्र के लिए तीन हजार रुपए मांगने की शिकायत की थी। लोकायुक्त ग्वालियर ने शिकायत के बाद उनको रिश्वत लेते पकड़ कर चालान कोर्ट में पेश किया था। लोकायुक्त के केस में जिस दिन फैसला था, उस दिन डॉ राकेश कुमार शर्मा अनुपस्थित हो गए।

### हाईकोर्ट में दी थी फैसले को चुनौती

रिटायर्ड उपजेलर डॉ. राकेश शर्मा ने यह कहते हुए गिरफ्तारी वारंट को चुनौती दी कि न्यायालय ने उन्हें सुने ही दोषी ठहरा दिया है, उसे दिन न्यायालय में मौजूद नहीं थे। वहीं हाईकोर्ट ने उपकी उपस्थिति से छूट के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया। शर्मा ट्रैप होने के बाद 2017 में सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें रिटायरमेंट के सात साल बाद कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोषी पाया। भिंड कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाने के लिए उनका गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।

### मुरैना के नयागांव में धूमधाम से दुल्हन की विदाई

## उपहार लेकर आदिवासी युवती के घर पहुंचे किन्नर, कराई शादी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कैलारस.** मानवीय संवेदनाएं कब किस रूप में प्रकट हो जाएं कुछ भी नहीं कहा जा सकता। सोमवार को कैलारस के नयागांव पटियन का पुरा में एक गरीब आदिवासी की बेटी की शादी में किन्नर अचानक जा पहुंचे। गरीब आदिवासी पर शादी में बेटी को देने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। यह देखकर किन्नरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के उपहार, घर-गृहस्थी का सामान व कीमती कपड़े लेकर दुल्हन को उपहार दिए। उन्होंने शादी की रस्मों में हिस्सा लेकर बिटिया के फेरे कराए और हंसते-हंसते उसे उपहार देकर विदा किया।



उपहार लेकर पहुंचे किन्नर।

### समुदाय का फैसला

कैलारस में रहने वाली गुरु रानी किन्नर ने बताया कि टीकाराम और मजदूरी करता है। उसकी बेटी अंजनी की शादी थी। हमें महसूस हुआ कि इस बिटिया के लिए कुछ करें। किन्नर समुदाय ने बेटी अंजनी की शादी में मदद का फैसला लिया।

## ट्रेंडिंग न्यूज

### देवास

#### आर्म्स रैसलिंग में 180 खिलाड़ी हुए शामिल

**देवास@पत्रिका.** पहली बार देवास जिला आर्म (पंजा) रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन तुकोजीराव पंवार स्टेडियम में किया गया। इसमें राज्य के अनेक जिलों से करीब 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अलग अलग वजन समूह में 51 हजार रुपए की नगद राशि वितरित की गई।




### रतलाम

#### वायरल पोस्ट पर भड़के युवाओं ने घेरा थाना

**रतलाम@पत्रिका.** सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट को लेकर भड़के रतलाम के युवकों ने थाने का घेराव कर दिया। रविवार की देर रात बड़ी संख्या में थाना पहुंचे युवाओं ने धार्मिक मामले में आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। युवाओं ने रात में ही जेसीबी भेजकर आरोपियों का मकान तोड़ा की मांग करते हुए देर रात तक हंगामा किया।

### हरदा

#### मंदिर में तोड़फोड़, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हरदा@पत्रिका.** जिले के टिमरनी थाना अंतर्गत आने वाले भुवनखेड़ी गांव में रविवार रात को गांव के एक कोटवार ने नशे ही हालत में मंदिर में तोडफोड़ कर स्थापित प्रतिमाओं को खंडित कर दिया। इस घटना से गांव में आक्रोश व्याप्त हो गया। गांव के माखनलाल कोटवार की सूचना पर टिमरनी पुलिस ने आरोपी अमरदास ओसले को गिरफ्तार कर लिया है।

### टाइगर सफार: अभयारण्य बंद होने के बाद गाइड और जिप्सी चालक खाने के लिए होते हैं मोहताज

# जंगलों की खाक छानने वालों के अब चुनौती भरे दिन

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालाघाट.** जिनका नाम व दहाड़ मात्र से लोग सहम जाते हैं, हम उन्हीं हिंसक वन्यप्राणियों का सामना करने नित्य 40 किमी के जंगलों की खाक छाना करते हैं, ताकि पर्यटकों को वन्यप्राणियों के दीदार हो। वे खुश होकर टिप के रूप में हमें कुछ पैसे दे सकें। कुछ इसी तरह के किस्से जिप्सी सफारी चालक समी उर उहमान उर्फ छोटे खान और गाइड हंसलाल यादव ने पत्रिका को बताए।

30 जून के बाद से सभी अभयारण्य और नेशनल पार्कों के गेट बंद हो चुके हैं। जिले के वन परिक्षेत्र लालबर्रा के सोनेवानी वन्यप्राणी अनुभूति स्थल में भी तीन माह के लिए सफारी बंद कर दी गई है। तीन माह में जिप्सी चालक व गाइड का जीवन कैसे गुजरता है, पार्क में क्या गतिविधियां होती हैं, इस पर पत्रिका ने चालक व गाइड से चर्चाएं की। जिन्होंने कार्यों से जुड़े रोचक किस्से, दिलचस्प जानकारियां के अलावा इन तीन माह में होनी वाली अपनी परेशानियां भी बताई।



### नौ माह तक जंगलों का रोमांच

**छोटे** खान ने बताया कि नौ माह तक जंगलों और वन्य प्राणियों के रोमांचक सफर के बीच उनका समय व्यतीत होता है, लेकिन गेट बंद होने के बाद बेरोजगारी का आलम भी रहता है। तीन माह जंगल में चलने वाले साफ-सफाई, पेड़ों की छटाई और सड़कों सहित अन्य मरम्मत कार्यों में उन्हें मजदूरी कर जीवन-यापन करना पड़ता है।

### मजदूरी करना मजबूरी

टाइगर रिजर्व में नौ माह तक गाइड व चालक पर्यटन से आजीविका चलाते हैं। शेष तीन माह के लिए उन्हें जंगल में मजदूरी करना पड़ता है। वे दैनिक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं।

### खतरों से हुआ सामना

गाइड हंसलाल यादव ने बताया कि पर्यटकों को सफारी करवाने के दौरान कई बार ऐसे वाक्ये भी हुए जब अचानक बाघ जिप्सी के सामने आ गया हों, पर्यटक भयभीत हो गए।

### पार्क खुलने का इंतजार

चालक खान व गाइड यादव ने बताया कि गर्मियों में 20 से 25 किमी जंगल घूमने पर ही वन्यप्राणियों के दर्शन पर्यटकों को हो जाते हैं। कई बार पूरा 40 किमी जंगल घूमने के बाद भी वन्यप्राणी दिखाई नहीं देते हैं। पर्यटकों को मायूस देख उन्हें भी बहुत बुरा फील होता है।

### ग्रहों की चाल का फेर... अब प्राकृतिक व आर्थिक परिस्थितियों में भी होंगे परिवर्तन

# शनि ने बदली चाल, कुंभ में वक्रीय होने से बदलाव, पहला संवैधानिक संशोधन के रूप में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उज्जैन.** शनि के गणितीय सिद्धांत के अनुसार 29 जून की रात और 30 जून की अलसुबह शनि ग्रह वक्रगत हो गए हैं। कुंभ राशि में ही शनि की वक्र ता होने से अलग-अलग प्रकार के प्राकृतिक, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तन दिखाई देंगे। यही नहीं लोगों की मानसिकता में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। भारतीय समाज एक नया आकार लेने की स्थिति में रहेगा। विश्व पटल पर शनि के वक्रत्व काल में बहुत सारे परिवर्तन देखने को मिलेंगे। उसका प्रभाव भारतीय दंड संहिता के बदलाव से दिखा।

### शनि का वक्रत्व काल 142 दिन का होता

ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि शनि 15 नवंबर तक वक्रीय रहेंगे। सामान्यत: शनि का वक्रत्व काल 142 दिन का होता है। कुछ ग्रंथों में 138 दिन कुछ में 139 और कुछ में 143 दिनों का उल्लेख है। प्रमुख तौर पर यह 5 महीने के आसपास वक्री रहते हैं। वक्री शनि 15 नवंबर को मार्गी हो जाएंगे। इस दौरान बहुत सारे अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट परिवर्तन एवं आश्चर्यजनक घटनाएं भी संभावित हैं। शनि न्याय के देवता हैं, तो न्याय से जुड़े क्षेत्र में संशोधन की स्थिति बनती है।

### कारपोरेट जगत में उतार-चढ़ाव का योग

कॉरपोरेट वर्ल्ड में शनि के वक्रत्व काल का बड़ा प्रभाव माना जाता है। कीमतों में उतार-चढ़ाव, घट-बढ, लाभ-हानि की स्थिति भी इनके वक्री मार्गी से संबधित होती है। विशेष कर ऑटोमोबाइल्स से जुड़े क्षेत्र में परिवर्तन दिखाई देंगे। यातायात से जुड़े सभी प्रकार के व्हीकल एक्ट में भी परिवर्तन आएगा। कपड़ा, लकड़ी, लोहा, तेल, रासायनिक पदार्थ आदि सेक्टर में उतार चढ़ाव होगा। राजनीतिक संगठनों में वैचारिक विषमता का प्रभाव दिखाई देगा।

| शेयर बाजार | | सोना | | चांदी | | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | निफ्टी | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | | | | | | | |
| 79,476 (+443.46) | 24,142 (+131.35) | ₹73700 (प्रति 10 ग्राम)(+200) | ₹71,835 (प्रति 10 ग्राम) (+253) | ₹88,700 (प्रति किग्रा)(+400) | ₹87,541 (प्रति किग्रा) (+374) | $62,585 (+1.80) | $3,457 (+2.08%) | $577.5 (+0.39%) | ₹83.45 (प्रति 1 डॉलर) | ₹89.67 (प्रति यूरो) | ₹106.45 (प्रति लीटर) | ₹91.85 |

## पेज एक से जारी

# पहला सुख निरोगी काया

विचारों से ही रोग पैदा होते हैं, विचारों से ही चिकित्सा का मार्ग प्रशस्त भी होता है। रस से रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र बनते हैं। प्रत्येक धातु के निर्माण में औसतन सात दिन का समय लगता है। आगे ओज और मन का निर्माण होता है। मन पर अन्न का प्रभाव होने में नौ सप्ताह का समय लग जाता है। तब मन के विचार बदलते हैं। रक्त की दवा का प्रभाव दो सप्ताह में, अस्थि की दवा का प्रभाव पांच सप्ताह में हो पाता है। इतने समय में दवा अपने कार्य क्षेत्र में पहुंच पाती है। चिकित्सा में कितना समय लगेगा यह तो रोग की गंभीरता पर निर्भर करेगा।

अब यदि हम तेजी से इलाज लेते हैं, तो हमारा यह प्राकृतिक तंत्र समाप्त (बेकार) हो जाता है। तीन या पांच सप्ताह की जगह 2-3 दिन में हम स्थान पर पहुंचना चाहते हैं तो भीड़ को धक्का देकर निकलने की सी बात हो गई। यह भी सही है कि शरीर स्वधर्म नहीं छोड़ेगा। वह अपनी गति से स्वस्थ रहने का उपक्रम बनाए रखेगा किन्तु पार नहीं पा सकेगा। चिकित्सा का अन्त अवयव को निकाल देने तक ले जाता है। काम करना बन्द कर देगा तो निकालना ही पड़ेगा।

कई बार चिकित्सकों ने अन्तःस्रावी ग्रन्थियों को भी निकालकर देखा है। रोग को कम नहीं कर पाए। क्योंकि रोग का कारण विचारों से जुड़ा है। उनमें जब तक परिवर्तन नहीं आएगा, अन्तःस्रावी ग्रन्थियों के स्राव नहीं बदलेंगे। रोग ठीक नहीं होगा।

आजकल एक नई अवधारणा प्रचलन में आ रही है—बॉडी-मास-इन्डेक्स। व्यक्ति की आयु, ऊंचाई (लम्बाई) के अनुरूप उसका वजन कितना हो। सम्पूर्ण मानव समाज को एक निश्चित पैमाने पर बांध दिया। इसमें व्यक्ति का प्रकृति-पूर्व कर्म-जन्मजात वंश प्रभाव आदि को गौण मान लिया गया है। व्यक्ति का कर्म क्षेत्र श्रमप्रधान है, बुद्धिप्रधान है, कर्म अतिअल्प है, जैसे कारणों का बोध स्वचिन्तन पर आधारित है। नई पीढ़ी को यह चिन्तन बहुत रास आ रहा है। वह 'जिम' जाने लगी है। गहन शारीरिक श्रम करके अपना वजन घटा रही है। खान-पान छूट रहा है। लाखों रुपये दे-देकर डाइटिशियन से खाने का प्रोग्राम बनवा रहे हैं। यह वैज्ञानिक विकास का दौर है। 'स्लिम' रहना आज का प्राथमिक लक्ष्य है।

हम ऊपर वर्णित शरीर की धातुओं की कार्यप्रणाली को देखें तो दूसरी बात यह भी समझ में आएगी कि धातुओं के निर्माण का एक क्रम भी है। अन्न से रक्त नहीं, पहले रस ही बनेगा। खाना नहीं खाएंगे तो रस कहां से बनेगा? रस से रक्त बनता है। रक्त की कमी रस के कारण होगी। रक्त से मांस बनता है। मांस से मेद-अस्थि-मज्जा-शुक्रादि बनते हैं। एक धातु की कमी से आगे की सभी धातुओं में कमी आ जाएगी। सभी धातुओं की रोग-निरोधक क्षमता घटती जाएगी। मन तक तो शायद कुछ पहुंचने को बचे ही नहीं। तब क्या प्यार-क्या सपने-क्या सुख-दुःख। मन नियंत्रण से मुक्त ही समझो। हमारा जीने का एकमात्र कारण मन है। हमारे कर्म का आधार मन की इच्छाओं को पूरी करना ही तो है। इसको सदा प्राणवान बनाए रखना होता है। इसी से मन गतिमान होता है। मन भावप्रधान तत्त्व है। भाव अन्न से उठते हैं। सत्त्व ही उत्कर्ष है। रोग तमस का स्वरूप होता है। अतः इस देश में भक्ति की प्रधानता है।

**विनिर्माण:** जून में नियुक्तियां 19 साल में सबसे तेज

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का पीएमआइ बढ़कर 58.3 पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए जून, 2024 शानदार साबित हुआ। पिछले महीने विनिर्माण क्षेत्र में नियुक्तियों में करीब दो दशक की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई, जिसके दम पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की उत्पादन गतिविधियों में भी तेजी आई। जून में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ बढ़कर 58.3 पर पहुंच गया, जो मई में 57.5 पर रहा था।

पीएमआइ 50 के ऊपर रहना उत्पादन गतिविधियों में तेजी और 50 से कम गिरावट को दर्शाता है। मांग मजबूत रहने से आउटपुट बढ़ा है। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, काम का दबाव बढ़ने से नौकरियों के मोर्चे पर बेहतर आंकड़े आए हैं। लगातार चौथे महीने हायरिंग में तेजी आई। जून महीने में हायरिंग की रफ्तार 19 साल में सबसे तेज रही। रिपोर्ट में कहा गया कि कंज्यूमर गुड्स इंडस्ट्रीज का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है। वहीं, इंटरमीडिएट और इन्वेस्टमेंट गुड्स कैटेगरी में भी अच्छी बढ़ोतरी देखी गई है।

### आने वाले महीनों को लेकर आशंका

**एचएसबीसी** की ग्लोबल इकोनॉमिस्ट मैत्रेयी दास का कहना है कि जून महीने में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सकारात्मक है, पर आने वाले महीनों को लेकर स्थिति कुछ खराब लग रही है। उन्होंने कहा, मैन्युफैक्चरिंग का फ्यूचर आउटपुट इंडेक्स 3 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से शॉर्ट टर्म में देश में उत्पादन गतिविधियां थोड़ी धीमी पड़ सकती है।

**इसलिए आई तेजी:** इनपुट कॉस्ट (कच्चे माल की महंगाई) अभी भी लंबी अवधि के औसत से ऊपर बनी हुई है। मैन्युफैक्चरर्स ऊंची लागत को आसानी से ग्राहकों पर डाल रहे हैं। वहीं, मांग अधिक होने के कारण मार्जिन में सुधार हो रहा है। निर्यात में वृद्धि पिछले वर्ष के मुकाबले अच्छी रहने की संभावना है। एशिया, यूरोप, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्राजील से आने वाले नए ऑर्डर में बढोतरी हुई है।

**काम की खबरें:** ईपीएफओ ने ईपीएस-95 नियमों में किया बदलाव, एनपीएस में सेम-डे सेटलमेंट

# अब 6 माह से कम सेवा वाले कर्मचारी भी पेंशन फंड से पैसे निकाल सकेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस- 1995) में बदलाव किया है। अब ईपीएस में 6 माह से कम समय तक योगदान देने वाले कर्मचारी भी इस पेंशन फंड से निकासी कर सकेंगे। इसका फायदा निजी क्षेत्रों में काम करने वाले 23 लाख कर्मचारियों को सीधे तौर पर होगा। अभी तक जो लोग 10 साल से पहले ईपीएस योजना को छोड़ देते थे, उन्हें विड्रॉअल की सुविधा मिलती थी, पर 6 महीने से पहले इस योजना को छोड़ने वालों को विड्रॉअल की सुविधा नहीं दी जाती थी। यानी उनका योगदान डूब जाता था।

यही कारण था कि अनिवार्य सेवा प्रदान करने से पहले ईपीएस से बाहर निकलने वाले लाखों सदस्यों के निकासी दावे खारिज कर दिए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 6 महीने से कम समय तक अंशदान करने वालों के लगभग 7 लाख निकासी के दावों को अस्वीकार कर दिया गया। सरकार ने ईपीएस विवरण में भी संशोधन किया है। अब से विड्रॉअल बेनिफिट इस बात पर निर्भर करेगा कि सदस्य ने कितने महीने तक सर्विस किया है और वेतन पर कितना ईपीएस का योगदान किया जाता रहा है। इस नियम से पैसे निकालने में आसानी होगी। इस संशोधन में उन सदस्यों को शामिल किया गया है, जिन्होंने योजना की पात्रता के लिए आवश्यक सेवा नहीं दी है या वे सदस्य, जिनकी आयु 58 वर्ष हो गई है।

**23 लाख** कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) सब्सक्राइबर्स को होगा ***नियमों में बदलाव होने से फायदा***

**07 लाख** निकासी के दावे खारिज किए ईपीएफओ ने 2023-24 में ईपीएस से निकासी के, ***क्योंकि इन लोगों ने ईपीएस में 6 महीने से कम योगदान किया था***

**10 साल** से अधिक समय तक ईपीएस में योगदान करने के बाद इस स्कीम से पेंशन फंड निकालने की आजादी नहीं, ***इससे रिटायरमेंट के बाद मासिक पेंशन मिलती है***




**उदाहरण से समझें:** अगर कोई सदस्य 15,000 रुपए के मासिक वेतन पर 2 साल 5 माह तक सर्विस करने के दौरान ईपीएस के लिए योगदान करता है तो पहले के नियम के मुताबिक वह 29,850 रुपए निकाल सकता था। पर नियमों में संशोधन के बाद अब 36,000 रुपए की निकासी कर सकता है।

### क्या है ईपीएस

**कर्मचारी** पेंशन योजना संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए 1995 में शुरू की गई थी। ईपीएफ के लिए पात्र कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के लिए भी पात्र हैं। इस निधि में नियोक्ता और कर्मचारी दोनों ही योगदान करते हैं, जिसे ईपीएफओ की ओर से संचालित किया जाता है। इस योजना के तहत पेंशन शुरू करने के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा आवश्यक है।

### एनपीएस: टी+0 सेटलमेंट शुरू

**पेंशन** फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए ने एनपीएस के तहत टी+0 सेटलमेंट लागू कर दिया है। आसान भाषा में कहें तो अगर कोई ग्राहक ने किसी भी सेटलेंट डे पर सुबह 11 बजे तक एनपीएस में निवेश कर देता है तो वह राशि उसी दिन निवेश हो जाएगा और उसी दिन का`ट एसेट वल्यू (एनएवी) बेनिफिट का लाभ मिलेगा। हालांकि सुबह 11 बजे के बाद का योगदान का सेटलमेंट अगले दिन होगा। अब तक ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त योगदान का सेटलमेंट अगले दिन (टी+1) निवेश किया जाता है। इसका मतलब है कि आज प्राप्त योगदान को अगले दिन निवेश किया जाता है। एग्जिट करने पर भी ग्राहकों को उसी दिन का एनएवी मिलेगा।

**खान-पान का तरीका बदला:** अनाज का सेवन ग्रामीण क्षेत्रों में 25% और शहरी क्षेत्रों 20% कम हुआ, दूध, दाल और सब्जियों पर खर्च में भी में कमी आई

# थाली से घट रहा अनाज, रेडी-टू-ईट, फल और ड्राई फ्रूट पर बढ़ा खर्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोगों के खान-पान का तरीका बदल रहा है। यही कारण है कि लोगों की थाली से अनाज घट रहा है और उसकी जगह प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, फल-मेवों का सेवन बढ़ रहा है। साथ ही लोग स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं, जिसके चलते थाली से चीनी, नमक और तेल भी घट रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि लोग परंपरागत भोजन की जगह अधिक पौष्टिक और रेडी-टू-ईट भोजन को तरजीह दे रहे हैं। वर्ष 2000 के मुकाबले 2022-23 में अनाज का सेवन ग्रामीण क्षेत्रों में 25%, शहरी क्षेत्रों में 0% कम हुआ।

### ऐसे घटता चला गया अनाज उपभोग

| वर्ष | ग्रामीण क्षेत्र मात्रा | शहरी क्षेत्र मात्रा |
|---|---|---|
| 1999-00 | 12.72 | 10.42 |
| 2004-05 | 12.12 | 9.94 |
| 2011-12 | 11.23 | 9.32 |
| 2022-23 | 9.61 | 8.05 |

*(प्रति व्यक्ति प्रति माह अनाज का उपभोग किलोग्राम में)*

### अनाज पर खर्च में भारी गिरावट

**यदि** वर्ष 1999-2000 के आंकड़ों को देखें तो उस समय ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता अनाज पर 22.16% और शहरी क्षेत्रों में 12.35% खर्च करता था। इसी तरह 2022-23 के दौरान प्रति व्यक्ति मासिक उपभोक्ता व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 2008 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 3510 रुपए दर्ज किया गया है। जबकि 1999-2000 में यह क्रमशः 978 रुपए और 1823 रुपए था।

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इतना बढ गया खर्च

**लोग अनाज** की जगह भोजन के अन्य विकल्पों को तरजीह दे रहे हैं। इनमें अंडा, फिश, मीट, फल-मेवों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में फल एवं मेवों पर खर्च 1.72% से बढ़कर 3.73%, प्रसंस्कृत खाद्य पर 4.91% से बढ़कर 9.62% हो गया। वहीं अंडा-मछली और मांस पर खर्च 3.32% से बढ़कर 4.91% हो गया है। जबकि शहरी क्षेत्रों में प्रसंस्कृत खाद्य पर खर्च 6.35% से बढ़कर 10.64%, फल-मेवों पर 2.42% से बढ़कर 3.81% और अंडा-मछली-मांस पर खर्च 3.13% से बढ़कर 3.57% हो गया है।

**185** रुपए है ग्रामीण क्षेत्रों में अनाज पर प्रति व्यक्ति मासिक खर्च. ***जबकि शहरों में प्रति व्यक्ति मासिक खर्च केवल 235 रुपए***

**03** किलोग्राम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति अनाज का मासिक उपभोग घटा, ***शहरी क्षेत्रों में यह 2 किलो घटा दो दशकों में***

### चीनी, नमक और तेल की खपत भी घटी

**ग्रामीण** और शहरी क्षेत्रों में दूध, दाल और सब्जियों पर होने वाले व्यय में कमी आई है। इसका कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन इनके दामों में इजाफा होना एक प्रमुख वजह हो सकती है। अच्छी बात यह है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चीनी और नमक पर व्यय कम हो रहा है। मधुमेह और उच्च-रक्तचाप की बढ़ती बीमारी के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण है। गांवों में चीनी-नमक पर होने वाला व्यय 2.60% से घटकर 0.93% रह गया। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 1.80% से घटकर 0.60% रह गया है। तेल यानी वसा को कोलेस्ट्रोल बढ़ने का एक प्रमुख कारण माना जाता है। शहरी क्षेत्रों में खाद्य तेल पर होने वाला व्यय 3.14% से घटकर 2.37% और ग्रामीण क्षेत्रों में 3.74% से घटकर 3.59% रह गया।

## पर्सनल फाइनेंस@पत्रिका

**आइटीआर:** 31 जुलाई है रिटर्न भरने की अंतिम तिथि, इसके बाद लगेगा जुर्माना

# फौरन फाइल करें इनकम टैक्स रिटर्न, जल्दी रिफंड मिलने समेत होंगे 5 फायदे

***नई दिल्ली@ पत्रिका.*** *आकलन वर्ष 2024-25 के लिए जिन टैक्सपेयर्स के खातों का ऑडिट नहीं होना हैं, उनके लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने की डेडलाइन 31 जुलाई है। आयकर विभाग की वेबसाइट के मुताबिक, अब तक 1.38 करोड़ से अधिक टैक्सपेयर्स आइटीआर भर चुके हैं। 31 जुलाई तक रिटर्न नहीं भरने पर जुर्माना समेत कई तरह का नुकसान हो सकता है। हालांकि, अगर आप तुरंत आइटीआर भर देते हैं तो जल्द रिफंड मिलने समेत ये 5 फायदे होंगे...*

### जल्दी रिटर्न भरने के लाभ

**1 दस्तावेज जुटाने को मिलेगा समय, कम होंगी गलतियां:** समय से पहले आयकर रिटर्न दाखिल करने से आपको सभी जरूरी दस्तावेज और जानकारी एकत्र करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। इससे आपके आयकर रिटर्न में सटीकता सुनिश्चित होगी और गलतियां होने की आशंका कम रहती है। इन जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, फॉर्म-16, सैलरी स्लिप, बैंक या डाकघर से मिलने वाला ब्याज प्रमाणपत्र, कर बचत निवेश प्रमाण और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम रसीदें आदि शामिल हैं।

**2 कमियां सुधारने और सत्यापन में आसानी:** रिटर्न दाखिल करना प्रक्रिया का सिर्फ आधा हिस्सा है। टैक्स कानून के मुताबिक, आपको आइटीआर दाखिल करने के 30 दिन के भीतर इसे सत्यापित करना होता है। जल्द रिटर्न भरने से इसे सत्यापित करने और कोई गलती होने पर उसे सुधारने का पर्याप्त समय मिल जाता है।

***गलती हुई तो क्या करें?*** यदि टैक्सपेयर को रिटर्न भरने के बाद पता चलता है कि उसने आइटीआर में कोई गलती कर दी है तो वह संशोधित आइटीआर फाइल कर इस भूल को सुधार सकता है। रिटर्न भरने की समयसीमा बीतने से पहले आप जितनी बार चाहें, उतनी बार रिटर्न को रिवाइज कर सकते हैं।

**3 नहीं भरना पड़ेगा विलंब शुल्क:** 31 जुलाई से पहले रिटर्न भरने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। इसके बाद 31 दिसंबर से पहले रिटर्न भरने पर विलंब शुल्क भरना पड़ेगा। अगर सालाना कमाई 5 लाख रुपए से ज्यादा है तो 5,000 रुपए तक जुर्माना भरना पड़ सकता है। जुर्माने की राशि बढ़कर 10,000 रुपए तक भी पहुंच सकती है। हालांकि, सालाना आय 5 लाख रुपए से कम होने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा।

**4 जल्द मिल जाएगा आयकर रिफंड:** बिना देरी के आयकर रिटर्न दाखिल करने से टैक्स रिफंड की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। इसका मतलब यह है कि 31 जुलाई से पहले आयकर रिटर्न भरने से करदाताओं को उनका बकाया रिफंड जल्दी मिल सकता है, जिससे उन्हें समय पर जरूरी वित्तीय राहत मिल सकती है।

***रिफंड नहीं आए तो क्या करें?*** कई बार आइटीआर तो सही से भरा जाता है, लेकिन रिफंड फेल हो जाता है। अगर रिफंड 4-5 हफ्तों में नहीं आता है तो आयकर विभाग की वेबसाइट पर जाकर वहां रिफंड स्टेटस चेक करें। अगर आपको दिखता है कि रिफंड फेल हो गया है, तो आप दोबारा से रिफंड के लिए आयकर विभाग से कह सकते हैं। इसके लिए आयकर विभाग की वेबसाइट पर जाकर रिफंड रीइश्यू करने के लिए आवेदन करें।

**5 नहीं आएगा टैक्स नोटिस:** नियत तिथि तक आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करने पर आयकर विभाग आपको नोटिस भेज सकता है और जांच शुरू कर सकता है। इससे पूछताछ जैसी अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। समय पूर्व रिटर्न भरकर इन परेशानियों को टाला जा सकता है।

### तुर्की | प्राकृतिक गैस विस्फोट से 5 की मौत

**इस्तांबुल @पत्रिका.** तुर्की के पश्चिमी प्रांत इजमिर में प्राकृतिक गैस विस्फोट से पांच लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य लोग घायल हो गए। तोरबाली जिले में एक इमारत के भूतल पर स्थित एक दुकान में विस्फोट हुआ। घायलों में 10 की हालत गंभीर है। इजमिर के गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि विस्फोट से आसपास की 11 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। विस्फोट का कारण पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### जम्मू-कश्मीर | 6 माह में 178 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर@ पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में पिछले छह महीनों के दौरान नार्को एक्ट के तहत मादक पदार्थ के 178 तस्करों को गिरफ्तार किया और 52 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की। पुलिस ने सोमवार को बताया कि 15 वाहन भी जब्त किए गए हैं। वहीं, 12 कुख्यात ड्रग तस्करों की 5.72 करोड़ रुपए की अवैध ड्रग संपत्तियों को भी जब्त किया गया है, जिनमें मकान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, भूखंड आदि शामिल हैं।

### जापान | माउंट फूजी पर चढ़ाई, देना होगा शुल्क

**टोक्यो @ पत्रिका.** माउंट फूजी पर ग्रीष्मकालीन चढ़ाई का मौसम सोमवार को शुरू हो गया। साथ ही चढ़ाई के चार सबसे लोकप्रिय मार्ग में से एक योशिदा ट्रेल पर पर्यटकों की भीड़ से निपटने के उपाय भी लागू हो गए। ट्रेल पर जाने वालों के लिए 2,000 येन (करीब 1300 रुपए) का प्रवेश शुल्क व वैकल्पिक डोनेशन लिया जा रहा है। साथ ही एक दिन में लोगों की संख्या 4,000 तक सीमित कर दी गई है। जापान के सबसे ऊंचे पर्वत पर सुरक्षा व पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गए।

### द. कोरिया | उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइलें

**सोल @ पत्रिका.** दक्षिण कोरिया की सेना ने पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह उत्तर कोरिया द्वारा किए गए हथियार परीक्षणों की श्रृंखला में नया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने लगभग 600 किलोमीटर की दूरी तय की, जबकि एक अन्य मिसाइल ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय की। इससे पहले बुधवार को, उत्तर कोरिया ने कथित रूप से जापान सागर की ओर एक अनिर्दिष्ट बैलिस्टिक मिसाइल दागा।

**शेयर बाजार**

### मिडकैप-स्मॉलकैप इंडेक्स रेकॉर्ड ऊंचाई पर, सेंसेक्स भी चढ़ा

**मुंबई@ पत्रिका.** मजबूत वैश्विक रुझान और आइटी, मेटल व फाइनेंशियल शेयरों में तेजी के दम पर सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर से तेजी लौट आई। सेंसेक्स 443 अंक यानी 0.56% की बढ़त के साथ 79,476 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 131 अंक यानी 0.55% की बढ़त देखी गइ और यह 24,142 अंक के स्तर पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट ने लार्ज-कैप प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपना बेहतर प्रदर्शन बनाए रखा और इंट्रा-डे ट्रेड में रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1.11% की बढ़त के साथ अपने नए ऑलटाइम हाई लेवल 46,696 के करीब पहुंच गया।

वहीं, बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स भी 1.58% बढ़कर बंद हुआ, जो इंट्रा-डे ट्रेड में अपने रेकॉर्ड हाई 52,976 से बमुश्किल 20 अंक दूर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसिज ने कहा, सितंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने से घरेलू बाजार में तेजी बरकरार रही। इस आशावाद ने आइटी शेयरों के मजबूत प्रदर्शन में योगदान दिया।

### केरल: वेतन में बढ़ोतरी के लिए दंडवत परिक्रमा



**केरल** में सरकारी कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन में बढ़ोतरी के तत्काल क्रियान्वयन की मांग को लेकर तिरुवनंतपुरम स्थित राज्य सचिवालय के सामने 'सयाना प्रदक्षिणम' (मंदिर के चारों ओर भक्तिमय दंडवत परिक्रमा) कर अनूठा विरोध प्रदर्शन किया।

### अभी लोगों के पास 7581 करोड़ के 2000 के नोट

**आरबीआइ**

**मुंबई @ पत्रिका.** आरबीआइ का कहना है कि 2000 रुपए के 97.87% नोट बैंक के पास वापस आ गए हैं।

वहीं 7581 करोड़ रुपए मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 को 2000 रुपए मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का एलान किया था। उस समय मार्केट में कुल 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2,000 रुपए के नोट मौजूद थे, जबकि 29 दिसंबर 2023 को यह आंकड़ा घटकर 9,330 करोड़ रुपए रह गया था। नोटबंदी के बाद नवंबर 2016 में 2000 रुपए के नोट लाए गए थे। आरबीआइ के कार्यालय 9 अक्टूबर 2023 से बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपए के नोट स्वीकार कर रहे हैं।

साथ ही लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआइ के किसी भी कार्यालय में 2000 रुपए के बैंक नोट भेज सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### संसद ने ...

राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा में विपक्ष की अगुवाई करते हुए अपने डेढ़ घंटे के भाषण में राहुल ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, बेरोजगारी, महंगाई, अग्निवीर, किसान आंदोलन आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर भी कटाक्ष किए। नीट परीक्षा की जांच को लेकर विपक्ष के हंगामे की वजह से पिछले सप्ताह सदन की कार्यवाही थी। सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सार्थक बहस हुई। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को लोकसभा में और बुधवार को राज्यसभा में विपक्ष के आरोपों का जवाब देंगे।

**दो बार मोदी, तीन बार शाह ने टोका :** गांधी के भाषण के दौरान दो बार प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ा, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने तीन बार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक एक बार हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान लोकसभा की दर्शक दीर्घा में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी बैठी थीं।

**भारत माता बनाम जय संविधान:** राहुल ने कहा कि मोदी सरकार के हमले का शिकार खुद में भी रहा हूं। मुझे दो साल के लिए जेल भेजने का आदेश मिला, मुझे संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया, मेरा घर छीना गया। जब इस तरह के आक्रमण होते हैं तो पूरा विपक्ष संविधान विरोधी आइडिया के खिलाफ एकजुट हो जाता है। इस पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और भारत माता के जय के नारे लगाने लगे। राहुल ने कुछ देर तक चुप रहने के बाद 'जय संविधान' कह कर जवाब दिया।

### अपने को...

**राहुल गांधी:** ये जो मैंने अयोध्या पर बोला है, अनुराग ठाकुर जी अयोध्या की बात कर रहे थे, उस पर की है।

**राहुल:** प्रधानमंत्री ने बोला है मेरा डायरेक्ट कनेक्शन है भगवान से, ये मैंने नहीं पीएम मोदी ने बोला है।

**स्पीकर बिरला:** पीएम का समान होना चाहिए।

**राहुल:** स्पीकर सर मैं पीएम की इज जत कर रहा हूं. लेकिन पीएम ने खुद कहा कि मैं बायोलॉजिकल नहीं हूं। ये मैं नहीं कह रहा हूं। पीएम मोदी को डायरेक्ट ऊपर से मैसेज आया और उन्होंने नोटबंदी कर दी। अरबपतियों की मदद के लिए जीएसटी और नोटबंदी की गई।

### अब मामला...

पहले सिर्फ पुलिस के अधिकारों की रक्षा की गई थी, अब पीड़ितों और शिकायतकर्ता के अधिकारों की रक्षा होगी।

शाह ने संसद भवन लाइब्रेरी के कक्ष में पुलिसराज के सवाल पर कहा, पुलिस मनमाने तरीके से किसी को नहीं उठा सकती। किसी को हिरासत में लेती है तो कागज में एंट्री करनी होगी, सूचना भी देनी होगी, 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना होगा। 90 दिन के अंदर केस की प्रगति की जानकारी पीड़ित को देनी होगी। एफआइआर की कॉपी देनी होगी। बगैर थाने गए भी आप ऑनलाइन एफआइआर दर्ज करा सकते हैं। इससे पुलिसराज आएगा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा होगी?

**साल बाद पूर्णतः स्वदेशी प्रणाली...** गृहमंत्री ने कहा कि आजादी के करीब साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली पूर्णतः स्वदेशी हो रही हैं और भारतीय मूल्यों के आधार पर चलेगी। अंग्रेजों के बनाए कानून निरस्त कर ससंद में बने कानूनों को व्यवहार में लाया जा रहा है।

**रिमांड अवधि नहीं बढ़ी :** शाह ने कहा, भ्रांति फैलाई गई कि रिमांड का समय बढ़ाया गया है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय न्याय संहिता में रिमांड की अवधि 15 दिन ही है। साठ दिन के अंदर एक या दो टुकड़ों में 15 दिन का रिमांड लिया जा सकता है।

### सिर्फ 209...

सेरा के संस्थापक जोशुआ स्कुर्ला और सैम हचिसन का मानना है कि भारत की अंतरिक्ष में दिलचस्पी मिशन को सफल बनाने में काफी मददगार साबित होगा। स्कुर्ला ने कहा, हमें भारत के साथ काम करने में खुशी है, क्योंकि भारत के पास अंतरिक्ष के क्षेत्र में काफी अनुभव है। भारत दूसरे देशों के लिए मिसाल बन सकता है। अपनी ताकत दिखा सकता है।

## न्यूज विंडो

वन विभाग

### शुभरंजन सेन को बनाया प्रभारी चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन



**भोपाल @ पत्रिका** चीतों और बाघों की सुरक्षा का जिम्मा अब शुभरंजन सेन के पास होगा। सरकार ने उन्हें प्रभारी चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन बनाया है। इसके आदेश सोमवार को जारी किए गए। सेन अभी वन मुख्यालय में मानव संसाधन विकास के पीसीसीएफ हैं। अब मुख्य तौर पर वाइल्डलाइफ की कमान संभालेंगे। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही उन्हें उक्त पद की स्थायी जिम्मेदारी भी मिल सकती है। बता दें कि चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन के पद से 30 जून को अतुल श्रीवास्तव सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

जेएनकेविवि

### प्रबंध मंडल में तीन विधायकों के निर्वाचन की मंजूरी

**भोपाल @ पत्रिका** जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि जबलपुर के प्रबंध मंडल में विधानसभा के तीन सदस्यों या विधायकों के निर्वाचन को मंजूरी सदन ने दे दी और कार्यक्रम जारी कर दिया। प्रस्ताव कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने रखा था। कार्यक्रम के अनुसार 2 जुलाई शाम 4 बजे तक विधानसभा सचिवालय में नामांकन जमा होंगे। तीन को जांच होगी। 4 जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान पांच जुलाई को सुबह 11 से 3 बजे तक होगा।

पलटवार

### सीएम बोले- नाक रगड़कर माफी मांगें राहुल गांधी

**भोपाल @ पत्रिका.** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को संबोधन दिया। उन्होंने हिन्दू शब्द का जिक्र किया। कहा कि जो लोग अपने आपको हिन्दू कहते हैं वे 24 घंटे हिंसा और नफरत करते हैं। आप हिन्दू हो ही नहीं, क्योंकि हिन्दू धर्म में साफ लिखा हैं सच का साथ देना चाहिए। राहुल के बयान पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में राहुल गांधी का बयान निंदनीय है। राहुल के बयान से पूरा हिन्दू समाज लज्जित हुआ है। हर एक को हिन्दू होने पर गर्व है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को अपने इस बयान के लिए नाक रगड़कर माफी मांगनी चाहिए।ह्य

क्रिस्प

### श्रीकांत पाटिल बने एमडी, कांग्रेस ने उठाया सवाल

**भोपाल @ पत्रिका.** राज्य सरकार ने पुणे (महाराष्ट्र) निवासी डॉ. श्रीकांत पाटिल को क्रिस्प का एमडी नियुक्त किया हैं। इस नियुक्ति पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नियुक्ति आदेश टैग करते हुए ट्वीट किया कि ढेर सारे पेपर लीक और भर्ती घोटाले के बाद अब तो नौकरी भी बिना विज्ञापन, बिना इंटरव्यू के दी जा रही है। अभी तक तो परीक्षा घोटाले ही सुने थे। भाजपा की अंधेरनगरी में पहली बार नया चलन शुरू हो गया है। अराजकता के इस दौर में अब तो पारदर्शी दिखने की भी जरूरत भी नहीं रह गई है।

**कैबिनेट बैठक में लगी मुहर :** रेस्क्यू ऑपरेशन का खर्च जुर्माने के साथ वसूलेगी सरकार

# बोरवेल खुला छोड़ा तो एफआइआर, जुर्माने के साथ देना होगा खर्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** बोरवेल खुला छोड़ने वालों की अब खैर नहीं। बोरवेल में गिरने वाले को निकालने पर जो खर्च आएगा वह संबंधित खेत मालिक से जुर्माने के साथ वसूला जाएगा। यदि गिरने वाले की मौत होती है तो तब हत्या का केस चलेगा। मौत नहीं भी होती है तब भी लापरवाही के केस का सामना करना पड़ेगा।

असल में बीते वर्षों में खुले बोरवेलों में बच्चों के गिरने और उनकी मौत होने की कई घटनाएं सामने आईं। सरकार को रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ज्यादातर घटनाओं में बच्चों को बचाया नहीं जा सका। इस स्थिति से निपटने के लिए सोमवार को कैबिनेट की बैठक में सरकार 'खुले बोरवेल से होने वाली घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा विधेयक-2024' लेकर आई थी, जिसे मंजूरी मिल गई। अब यह विधानसभा में पेश होगा। पारित होने पर प्रदेश में लागू किया जाएगा।



**आगे भी अच्छे और कड़े निर्णय लेंगे : सीएम**

**बैठक** के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वनोपज संग्रहण करने वाले परिवारों का ध्यान रखा है। हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं। जरूरत के अनुरूप आगे भी अच्छे और कड़े निर्णय लेंगे।

### दो अन्य विधेयकों को भी मंजूरी

सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बैठक विधानसभा में हुई। मंत्रियों के वेतन तथा भत्ता संशोधन विधेयक-2024 व निजी विवि (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक-2024 को भी मंजूरी दी गई।

### मंत्रालय भवन-1 पर खर्च होंगे 107 करोड़

मंत्रालय के भवन-1 को नए सिरे से संवारा जाएगा। उसमें आग से सुरक्षा करने वाले आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इस पर 107.27 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूरी मिल गई।

### वनोपज से प्राप्त लाभ का 10% गांवों पर

वनोपज से लाभ का 10% हिस्सा गांवों में अधोसंरचनात्मक विकास पर खर्च होगा। राशि वहां खर्च होगी, जहां के ग्रामीण वनोपज संग्रहित करते हैं। योजनाओं का जिम्मा लघु वनोपज संघ के पास होगा।

**मानसून सत्र** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री ने दी लिखित जानकारी

# सूबे में बेरोजगार 25.82 लाख, सिर्फ 2.32 लाख को मिले ऑफर लेटर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में रोजगार पोर्टल पर कुल 25 लाख 82 हजार 759 बेरोजगार पंजीकृत हैं। बेरोजगारों की सबसे ज्यादा संख्या भोपाल जिले में 1.72 लाख है। 2021 से 2024 के बीच रोजगार कार्यालयों के माध्यम से निजी क्षेत्र में 2 लाख 32 हजार 295 आवेदकों को ऑफर लेटर दिए गए हैं। इस प्रकार प्रदेश में 23 लाख 50 हजार 464 पंजीकृत लोगों को रोजगार नहीं मिल सका। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने सोमवार को विधानसभा में विधायक बाला बच्चन को लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। प्रश्न में जिलेवार और वर्षवार जानकारी मांगी गई थी जो उपलब्ध कराई गई है।

**खेल प्रशिक्षण के लिए स्थायी कोच नहीं:** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने विधायक आतिफ अकील को लिखित उत्तर में बताया कि खेलों के प्रशिक्षण के लिए वर्तमान में प्रदेश में कोई स्थायी कोच नहीं हैं। अकादमियों के लिए उच्च तकनीकी विशेषज्ञों के ए से ई श्रेणी के 104 पद, प्रशिक्षक सह प्रशासक-2, मुख्य प्रशिक्षक सह प्रशासक-1, सहायक प्रशिक्षक सह प्रशासक-5, सहायक प्रशिक्षक-12 एवं खिलाड़ी प्रशिक्षक के 45 पद स्वीकृत हैं, जो खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं।



सदन शुरू होने से पहले सोमवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सीएम डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित मंत्री, सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रदेश में स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल पंजीकृत बेरोजगार | 25,82,759 |
| पुरुष | 15,90387 |
| महिला | 9,92189 |
| ट्रांसजेंडर | 183 |

### चार प्रमुख शहरों में बेरोजगार

| | |
|---|---|
| भोपाल | 172037 |
| ग्वालियर | 109253 |
| इंदौर | 87417 |
| जबलपुर | 91306 |

### आय बढ़ने से बढ़ी मजदूरों की समस्या

**विधायक** राजेश कुमार शुक्ला ने पूछा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पलायन एवं अन्य कारणों के कारण खेतिहर मजदूर मिलना समस्या का रूप ले रहा है। इसके लिए सरकार ने क्या प्रयास किए हैं। किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंषाना ने लिखित जवाब दिया कि पलायन के प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि लोगों की आय बढ़ने से मजदूर मिलने की समस्या धीरे-धीरे प्रदेश में बढ़ रही है। इससे निपटने के लिए विभाग कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा दे रहा है। सरकार द्वारा कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। विभाग द्वारा कृषि उपकरणों के वितरण को लगातार बढ़ावा देने से प्रदेश में यंत्र उत्पादन को मजबूती मिल रही है और यंत्र निर्माताओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है।

### 50.38 लाख किसानों ने लिया तकनीक का लाभ

**किसान कल्याण** मंत्री ने राजेश कुमार शुक्ला के एक अन्य सवाल के जवाब में लिखित जवाब देते हुए बताया कि प्रदेश में डिजिटल प्रौद्योगिकी और नवीनतम कृषि तकनीक को अपनाने से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 50.38 लाख किसान अभी तक लाभान्वित हुए हैं। सरकार द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकी अंतर्गत कृषि यंत्रों एवं सिंचाई यंत्रों को ऑनलाइन डीबीटी पोर्टल के माध्यम से किसानों को प्रदाय करने की सुविधा दे रही है। फार्म गेट एप्लीकेशन द्वारा मंडी के माध्यम से किसान मंडी में पंजीकृत व्यापारियों के साथ मोल भाव के बाद सौदा तय होने पर किसान की सहमति प्राप्त कर व्यापारी सीधे किसान के गांव/खेत से उपज उठा लेता है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन को राज्य के लैंड रिकॉर्ड से लिंक करने से त्रुटि रहित बीमा पॉलिसी जारी हो पा रही हैं एवं सैटेलाइट आधारित रिमोट सेंसिंग तकनीक का प्रभावी उपयोग करने से फसलों की स्थिति का त्वरित एवं सटीक आकलन होने लगा है।

## नर्सिंग घोटाला और पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस का प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन




कांग्रेस विधायक विधानसभा में एप्रिन पहनकर पहुंचे थे। एप्रिन पर नर्सिंग घोटाला लिखे कागज चिपके थे। इन कागजों को सुरक्षाकर्मियों ने विधायकों के सदन में प्रवेश से पहले निकाल लिया।

**भोपाल @ पत्रिका.** नर्सिंग घोटाला, पेपर लीक कांड आदि को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को सदन से सड़क तक प्रदर्शन किया। विधानसभा में विधायक एप्रिन पहनकर पहुंचे तो भोपाल में उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री विश्वास सारंग के बंगले का घेराव करने का प्रयास किया। वे बंगले की ओर बढ़े तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस पर हुज्जत भी हुई। पुलिस ने लाठियां भांजते हुए कांग्रेसियों को दौड़ाया। वाटर केनन का इस्तेमाल किया।

भोपाल जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, अनोखी मानसिंह पटेल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है।

### कहां क्या हुआ

**बैतूल:** जिले के सभी आठ ब्लॉक में प्रदर्शन होना था, लेकिन बैतूल और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में कांग्रेसी जमा नहीं हुए।

**छिंदवाड़ा:** शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

**खरगोन:** कलेक्ट्रेट के गेट पर कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। घोटाले के लिए मंत्री सारंग को जिम्मेदार बताते हुए बर्खास्त करने की मांग की।

**उज्जैन:** कांग्रेसी पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुतला फूंका और नारेबाजी की।

**सतना:** पैदल मार्च करते हुए कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसडीएम को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा।

## भोजशाला सर्वे : कोर्ट में आज रिपोर्ट पेश करेगी एएसआइ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**धार.** संरक्षित इमारत भोजशाला में 98 दिन के वैज्ञानिक सर्वे की विस्तृत रिपोर्ट इंदौर हाईकोर्ट में मंगलवार को पेश की जानी है। इसमें एएसआइ सर्वे की पूरी जानकारी कोर्ट के समक्ष रखेगी। अब तक सर्वे के दौरान मिले अवशेषों और भोजशाला से इतिहास से जुड़ी कई अहम जानकारियां एएसआई ने रिकॉर्ड की है। जिसे सीलबंद रिपोर्ट के माध्यम से हाईकोर्ट के सामने रखा जाएगा। रिपोर्ट के सामने आने के बाद 4 जुलाई को मामले में इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई होना है। इसी दिन जैन गुरुकुल होने के प्रमाणों को लेकर दायर याचिका पर भी सुनवाई होगी।

## अब आंख पर पट्टी बांधकर नहीं बल्कि खोलकर होगा न्याय : सीएम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** एक जुलाई से देशभर में नई कानून व्यवस्था लागू हो गई है। नई कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश में भारतीय न्याय पद्धति और अवधारणा तथा पंच परमेश्वर की परंपरा के आधार पर न्याय व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी बधाई के पात्र हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगभग चार सौ घंटे के परिश्रम व विभिन्न बैठकों तथा व्यापक विचार-विमर्श के बाद नए कानूनों के प्रारूपों को अंतिम रूप दिया है।

मुख्यमंत्री मोहन ने कहा कि अब भारतीय दंड संहिता को हमारी न्याय परम्परा से जोड़ते हुए न्याय संहिता कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेज तो दंड देने के अधिकारी थे, लेकिन अब हमारी व्यवस्था न्याय की परम्परा को स्थापित करेगी। इसमें आंख पर पट्टी बांधकर नहीं, बल्कि अब आंख खोलकर न्याय होगा।

**शिवपुरी का मामला :** दोषी अधिकारी, कर्मचारियों से होनी है वसूली

## मंत्री सारंग ने स्वीकारा- जिला सहकारी बैंक में हुआ 84.43 करोड़ का घोटाला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने विधानसभा में स्वीकारा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शिवपुरी में 84.43 करोड़ का घोटाला हुआ है। दोषी अधिकारी, कर्मचारियों से राशि की वसूली होनी है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक देवेन्द्र जैन ने मामला उठाया।

विधायक जैन के सवाल पर मंत्री सारंग ने सदन को बताया कि दोषी अधिकारी, कर्मचारियों से राशि वसूलने के लिए संपत्ति चिह्नित की जा चुकी है, लेकिन कोर्ट से स्टे मिलने के कारण नीलामी प्रक्रिया स्थगित है। मप्र राज्य सहकारी अधिकरण में प्रकरण की आगामी तारीख 10 जुलाई नियत है। विधायक के सवाल पर मंत्री सारंग ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शिवपुरी में वर्तमान में 99,837 खाताधारकों के 291.66 करोड़ रुपए जमा हैं। घोटाले के बाद अब तक 13,468 खाताधारकों को 32.69 करोड़ का भुगतान किया गया है। शासन द्वारा खातेदारों को भुगतान हेतु कोई आवंटन नहीं दिया जाता है।

मंत्री के जवाब पर विधायक जैन ने कहा, आरोपियों की प्रॉपर्टी बेचने पर स्टे है तो यह दसों साल चलेगा। सरकार बैंक को कुछ अनुदान दे, जिससे गरीबों का भला हो सके। उनकी जमा पूंजी न मिलने से कई गरीब बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहे। बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे। गलती बैंक की है। खातेधारकों का क्या अपराध है। विधायक ने स्पीकर की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आप मंत्री को निर्देश दें कि बैंक को कुछ अनुदान देकर कम से कम उनका आधा पैसा जो जमा हैं, वह तो खाताधारकों को मिले। विधायक जैन बार-बार आग्रह करते रहे कि गरीबों का पैसा वापस दिलाया जाए, लेकिन मंत्री कोर्ट और स्थगन की बात करते रहे। उन्होंने दोहराया कि 10 जुलाई को सुनवाई के बाद जो भी निर्णय आएगा, सरकार उस पर कार्यवाही करेगी।

### सबसे बड़ा जवाब

सदन में सवाल 194 का सबसे बड़ा जवाब पांच बंडलों में लाया गया। इसमें 10 हजार से ज्यादा पेज हैं। दरअसल, विधायक दिलीप सिंह परिहार ने पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल से राज्य कर्मचारी बीमा सेवाओं संबंधी अनियमितताओं के संबंध में श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा जांच, टेंडर, शिकायतें, निराकरण, रिपोर्ट आदि की जानकारी मय दस्तावेज के मांगी गई थीं।



अभी है 47 लाख हेक्टेयर

## 2026 तक 65 लाख हेक्टेयर होगी प्रदेश की सिंचाई क्षमता

### मंत्री तुलसी सिलावट ने अफसरों को दिए निर्देश



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने जोर दिया जा रहा है। अगले दो वर्षों के भीतर 18 लाख हेक्टेयर नए रकबे में सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं। असल में मप्र में नहरों के बांधों व नहरों के विस्तार का काम चल रहा है। ऐसे पूर्व से प्रचलित कामों को अगले दो वर्षों में पूरा करने और किसानों को सिंचाई सुविधा से सम्पन्न बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतरराज्यीय नदी लिंक परियोजना को लेकर रविवार भोपाल में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंचाई बढ़ाने को लेकर जानकारी दी। सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में बताया कि वर्तमान में 47 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है। खुली नहरों के बजाय बंद नहरों से किसानों को पानी देने पर काम चल रहा है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। 2026 तक यह क्षमता बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर कर देंगे। किसी भी किसान को पानी की कमी से नहीं जूझने दिया जाएगा।

मंत्री ने आरोप लगाए कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब 6 से 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी, किसान परेशान होते थे। अनाज की पैदावर प्रभावित होती थी, भाजपा की सरकार ने इस दिशा में तेजी से काम किया है, आगे भी काम करेंगे, बदलाव दिखेगा।

**बढ़ रही रुचि** जबलपुर और आसपास के छात्र प्रदेश से बाहर जाने को मजबूर

# योग-नैचुरोपैथी से पढ़ाई के लिए एक ही कॉलेज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** शहर में योग और नैचुरोपैथी से चिकित्सा की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। प्राकृतिक चिकित्सा के लिए लोग उत्तराखंड से लेकर केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में जा रहे हैं। लेकिन यहां के युवाओं के लिए इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के ज्यादा अवसर नहीं हैं। वजह कॉलेज नहीं होना है।

मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी से संबद्ध भोपाल के संत हृदय राम कॉलेज में ही योग और नैचुरोपैथी से यूजी-पीजी कोर्स संचालित है। यह कॉलेज भी महिलाओं के लिए है।

भोपाल के गर्ल्स कॉलेज में बीएनवाइएस और एमडी की पांच-पांच सीट हैं। योग-नैचुरोपैथी से यूजी-पीजी करने के लिए छात्रों के पास प्रदेश से पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### हरित क्षेत्र-प्राकृतिक औषधियों का भंडार



जबलपुर के साथ शहडोल अमरकंटक, मंडला, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम के साथ ही प्रदेश के कई और जिलों के सघन वन क्षेत्र में प्राकृतिक औषधियों का भंडार है। विशेषज्ञों के अनुसार यहां योग और नैचुरोपैथी के बड़े केन्द्र स्थापित होने की भरपूर संभावना है। इसके बावजूद यहां आधुनिक शिक्षा की दिशा में प्रयास ही नहीं हो रहे हैं। नतीजतन इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने की रुचि रखने वाले युवाओं के पास बीएचयू बनारस, अखिल भारतीय चिकित्सक परिषद दिल्ली, भारती विद्यापीठ महाराष्ट्र, स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान कर्नाटक जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं हैं।

योग-नैचुरोपैथी के कॉलेज शुरू करने के प्रस्ताव आए हैं। इस दिशा में काम करेंगे, जिससे प्राकृतिक चिकित्सक की इन विधाओं में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाले युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

**डॉ. पुष्पराज बघेल,** रजिस्ट्रार, मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी

**बारिश के कारण नहीं दिया जा सका वॉटर सैल्यूट**

# मुंबई उड़ान पहले दिन ही फुल, 183 यात्री आए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** जबलपुर-मुंबई के बीच मंगलवार से नई उड़ान शुरू हुई। पहले ही दिन यह फ्लाइट फुल आई और फुल रवाना हुई। मुंबई एयरपोर्ट से फ्लाइट निर्धारित समय पर जबलपुर एयरपोर्ट पहुंची। बारिश के चलते पहली बार उतरी फ्लाइट को वॉटर सैल्यूट नहीं दिया गया। इंडिगो द्वारा मुंबई-जबलपुर-मुंबई रूट पर एयरबस 350 का संचालन किया जा रहा है। 186 फ्लायर्स क्षमता वाले इस विमान में मुंबई से 183 फ्लायर्स जबलपुर आए। जबलपुर से 180 फ्लायर्स मुंबई गए।



### किराये की बात

मुंबई जाने और मुंबई से आने वाले फ्लायर्स ने फ्लाइट की घोषणा होने के साथ ही बुकिंग करानी शुरू कर दी थी। इस विमान में यात्रा करने के लिए फ्लायर्स को पांच से छह हजार रुपए किराया चुकाना पड़ा है।

### समय बचा

व्यापारी ऋषि अग्रवाल ने बताया कि उनकी दो रिश्तेदार लंदन में रहती हैं। दोनों को जबलपुर आना था। उन्होंने लंदन से मुंबई की फ्लाइट बुक कराई थी। मुंबई फ्लाइट शुरू होने से उनका समय बच गया।

### शनिवार को दो उड़ान

इस रूट पर स्पाइस जेट द्वारा साप्ताहिक उड़ान संचालित की जा रही है। यह सप्ताह में एक दिन शनिवार को है। स्पाइस जेट का विमान सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरकर दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचता है। आधे घंटे यहां रुकने के बाद विमान दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरकर चार बजकर 20 मिनट पर मुंबई एयरपोर्ट पहुंचता है। दो उड़ान के चलते फ्लायर्स को कम फेयर लग रहा है।

**26 जुलाई से होगा पेरिस ओलंपिक का आगाज :** स्टार शटलर सिंधु ने युवाओं को सीख देते हुए कहा... विफलताओं से घबराएं नहीं, हर खिलाड़ी का दिन होता है

# 'जो हो गया उसे छोड़ो...गलतियों से सीखो, मजबूत होकर वापसी करो'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक का आगाज 26 जुलाई से होने वाला है, दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू इस बार लगातार तीसरी बार ओलंपिक का हिस्सा होंगी। लेकिन, सिंधु की पेरिस यात्रा कठिन रही है क्योंकि चोट के कारण लंबी छुट्टी से वापस आने के बाद वह पिछले साल कोई भी खिताब जीतने में विफल रहीं। उन्होंने अपने दक्षिण कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ मलेशिया के हाफ़िज़ हाशिम को नियुक्त किया था। छह महीने बाद ही वह उनसे अलग हो गईं। वर्तमान में, सिंधु जर्मनी के सारब्रुकन में हरमन-न्यूबर्गर में प्रशिक्षण ले रही हैं।

### लगातार तीसरी बार ओलंपिक में स्थान

**निराशाजनक** नतीजों की श्रृंखला के कारण सिंधू विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से भी बाहर हो गईं। उन्होंने धीरे-धीरे गति पकड़ी और रेस टू पेरिस रैंकिंग सूची में 12वें स्थान पर रहने के बाद लगातार तीसरे ओलंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया। पेरिस ओलंपिक गेम्स के लिए टिकट हासिल करने के बाद, सिंधू ने लगभग एक साल में अपना पहला फाइनल खेला जब वह पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स के शिखर मुकाबले में पहुंची जहां वह चीन की वांग झी यी से खिताब हार गईं।



### कई बार सर्वश्रेष्ठ प्रयास भी विफल हो जाते हैं

**सिंधू** ने युवाओं से चुनौतियों का सामना करने की सीख देते हुए कहा कि गलतियों से सीखना, जो हुआ उसे छोड़ना और मजबूत होकर वापस आना" महत्वपूर्ण है। विफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। ऐसे मैच होते हैं जहां कभी-कभी आप आगे रह सकते हैं और कभी-कभी आप हार भी सकते हैं। मलेशियाई मास्टर्स में मेरे साथ ऐसा हुआ था। ऐसा नहीं है कि मैं अच्छी स्थिति में नहीं थी, लेकिन मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ खेला और कभी-कभी आप नेतृत्व कर रहे होते हैं और ऐसा होता है और यह ठीक है, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। मेरे लिए जब मैं कोई मैच हार जाती हूं या जब आपके सामने कोई और प्रतियोगिता आने वाली होती है, तो मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी गलतियों से सीखें और मजबूत होकर वापस आएं।

**विश्व स्तर पर हरकोई एक-दूजे को जानता है** सिंधू ने कहा, विश्व स्तर पर हर कोई एक-दूसरे के खेल को जानता है। मैच के दिन, जो अच्छा खेलता है वह विजेता होता है। इसलिए, मलेशिया मास्टर्स में मैं 11-3 से आगे थी, यह सिर्फ उन 11 अंकों की बात है और मैं चैंपियनशिप जीत सकती थी लेकिन मुझे लगा कि यह मेरा दिन नहीं था।

**महिला क्रिकेट टेस्ट:** स्नेह प्लेयर ऑफ द मैच

# भारत ने द. अफ्रीका को 10 विकेट से दी करारी शिकस्त



जीत के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनातीं भारतीय महिला टीम।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** शेफाली वर्मा के पहली पारी में बनाए गए दोहरे शतक और स्नेह राणा की करिश्माई गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने सोमवार को यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम को 10 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए छह विकेट पर 603 रन बना पहली पारी घोषित की। इसके बाद टीम ने स्नेह राणा की फिरकी के दम पर द.अफ्रीका की पहली पार को 266 पर समेट फॉलोऑन खेलने को मजबूर किया। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान लौरा वोल्वाड्‌र्स (122) और पूर्व कप्तान सुने लुस (109) की शतकीय पारियों के बाद नादिने डि क्लर्क की 61 रन की पारी के दम पर 373 रन बनाकर भारत को 37 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को भारत की शुभा सतीश (नाबाद 13 रन) और शेफाली (नाबाद 24 रन) ने बिना विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया।

***स्नेह राणा टेस्ट में दस विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय:*** प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार पाने वाली स्नेह राणा ने मैच में कुल 10 विकेट (पहली पारी में 8 व दूसरी पारी में 2 विकेट) झटके। इसके साथ ही वह टेस्ट में झूलन गोस्वामी के बाद 10 विकेट चटकाने वाली दूसरी भारतीय गेंदबाज बन गई। झूलन ने टेस्ट में यह कारनामा 2006 में टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ किया था।

**आज का पोल**

**क्या जिम्बाब्वे दौरे पर जाने वाली युवा टीम इंडिया जीत का डंका बजा पाएगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। X @PatrikaNews

सोमवार का जवाब

हां 42% नहीं 58%

***पिछला सवाल:*** क्या रोहित, विराट और जडेजा का टी-20 से संन्यास लेने का फैसला सही है?

**नए कोच और कप्तान का जल्द ऐलान:** जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण होंगे कोच

# टीम इंडिया नए युग की दहलीज पर, हमारे पास खिलाड़ियों की लंबी कतार: शाह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ब्रिजटाउन.** टी20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया बदलाव के दौर से गुजरेगी। बीसीसीआई ने बताया है कि भारतीय टीम के नए कोच और नए कप्तान का ऐलान जल्द ही किया जाएगा। कोच और टी20 में नया कप्तान कौन होगा, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा, रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास के साथ, भारत एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है। शाह बदलाव को लेकर आश्वस्त हैं, उन्होंने भारत की बेंच की ताकत और गहराई पर बात की। उन्होंने कहा, "तीन महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने के साथ बदलाव पहले ही हो चुका है। हमारे पास सबसे बड़ी बेंच स्ट्रेंथ है। वहीं शाह ने कहा कि जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण टीम के कोच होंगे।

### मुख्य कोच: गंभीर व रमन प्रबल दावेदार

**क्रिकेट** सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है। टी20 विश्व कप 2024 खत्म होने के साथ ही टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का भी कार्यकाल खत्म हो चुका है। भारतीय क्रिकेट टीम इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए एक नए मुख्य कोच का स्वागत करने के लिए तैयार है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय महिला कोच डब्ल्यू.वी. रमन इस भूमिका के लिए प्रबल दावेदार हैं। श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया को नया मिल जाएगा। श्रीलंका दौरा 27 जुलाई से शुरू होगा।




***वीवीएस लक्ष्मण:*** टीम इंडिया के भरोसेमंद बल्लेबाज रहे वैरी वैरी स्पेशल लक्ष्मण जिम्बाब्वे दौरे जाने वाली युवा टीम इंडिया के कोच नियुक्त किए जाने वाले हैं। वे भी मुख्य कोच की दौड़ में हैं।

***हार्दिक पांड्या:*** हार्दिक पांड्या कप्तान बनने के दावेदारों की रेस में सबसे आगे हैं। उनके पास टी-20 इंटरनेशनल में 100 मैचों का अनुभव है। वे मंझे हुए ऑलराउंडर हैं।

***जसप्रीत बुमराह:*** भारतीय टीम में तुरुप का इक्का 70 मैचों में 89 विकेट ले चुके हैं। 2 मुकाबलों में ही भारतीय टीम की कप्तानी की है और दोनों ही जीते हैं।

***ऋषभ पंत:*** जीत का जज्बा पंत को कप्तानों की रेस का दावेदार बनाता है। एक्सीडेंट के बाद 18 माह तक वापसी को जूझे। आइपीएल में कप्तानी का अनुभव है।

***सूर्यकुमार यादव:*** अपने दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया केकैप्टन बनने की दावेदारी ठोंक रहे हैं। 68 मैचों में 167.74 के स्ट्राइक रेट से 2340 रन बना चुके हैं।

### हार्दिक ने स्वयं को साबित किया

**शाह** ने कहा, मैं चाहता हूं कि भारत सभी खिताब जीते। जिस तरह से यह टीम आगे बढ़ रही है, हमारा लक्ष्य विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है। टीम का मार्गदर्शन करने के लिए सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।"संभावित कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या के भविष्य के बारे में सवालों का जवाब देते हुए, शाह ने विश्व कप में पांड्या के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, कप्तानी पर फैसला चयनकर्ता करेंगे। हार्दिक ने खुद को साबित किया है।

### बारबाडोस में तूफान: फंसी टीम इंडिया

**वहीं** तूफान बेरिल के कारण टीम इंडिया सोमवार को बारबाडोस में फंसी रही। तूफान के कारण एयरपोर्ट व अन्य कार्यालय बंद कर दिए गए। बीसीसीआई सचिव जय शाह स्वयं भी टीम के साथ हैं। शाह ने कहा, एयरपोर्ट बंद होने से कोई भी योजना कारगर नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया का नया कोच 27 जुलाई से टीम के साथ श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से अपने कार्यकाल की शुरुआत करेगा। विश्व कप में भारत की जीत ने आइसीसी खिताबों के 11 साल के सूखे समाप्त कर दिया।

**सोशल मीडिया**

### ट्रॉफी संग टीम, विराट की पोस्ट को मिले सर्वाधिक लाइक



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद दिग्गज भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर ट्रॉफी के साथ भारतीय क्रिकेट टीम की तस्वीर साझा की। यह अब इंस्टाग्राम पर भारत की सबसे पसंदीदा तस्वीर बन गई है। टीम के साथ जश्न मानते हुए विराट कोहली की इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर 1 करोड़ 91 लाख से अधिक लाइक मिले हैं। यह फरवरी 2023 में बॉलीवुड कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी संबंधी पोस्ट को मिले 1 करोड़ 62 लाख से कहीं अधिक हैं।

**भालाफेंक**

### सिलवाल को स्वर्ण



साहिल सिलवाल

**पंचकूला@ पत्रिका.** साहिल सिलवाल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यहां रविवार को पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सिलवाल ने 2024 एथलेटिक्स सीजन में पहली बार 80 मीटर का आंकड़ा पार किया और 81.81 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, जबकि विक्रांत मलिक ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ 81.74 मीटर के साथ रजत पदक जीता। किशोर जेना को 80.84 मीटर के साथ कांस्य पदक मिला।

**विश्व विजेता टीम इंडिया का जलवा कायम:** 6 भारतीय खिलाड़ी टीम में शामिल, विराट कोहली नहीं

# आइसीसी ने चुनी 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट', रोहित शर्मा कप्तान

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** बारबाडोस में हुए आइसीसी टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत का डंका हर जगह बज रहा है। विश्व चैंपियन भारतीय टीम के 6 खिलाड़ियों को आइसीसी ने टी20 विश्व कप के लिए चुनी अपनी टीम में जगह दी है। आइसीसी ने विश्व विजेता कप्तान रोहित शर्मा को कप्तान नियुक्त किया है, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मैन ऑफ द फाइनल रहे विराट कोहली को टीम में जगह नहीं मिली। भारत, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्ट इंडीज के अलावा द.अफ्रीका के 1 खिलाड़ी को 12वां प्लेयर चुना गया।



***टीम ऑफ द टूर्नामेंट:*** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्य कुमार, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह- भारत, गुरबाज, राशिद खान, फ़जलहक फ़ारूकी- अफगानिस्तान, निकोलस पूरन-वेस्टइंडीज, मार्कस स्टोइनिस- ऑस्ट्रेलिया, 12वां खिलाड़ी : एनरिक नॉर्टजे - दक्षिण अफ्रीका।

**आइओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा...**

# एशियन गेम्स में योग को शामिल करना महत्त्वपूर्ण उपलब्धि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने एशियन गेम्स के कार्यक्रम में योग को शामिल करने के उनके प्रस्ताव पर सहमति जताने के लिए एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) को धन्यवाद दिया है।

***स्वाभाविक कदम:*** "मुझे खुशी है कि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने योग को वह मान्यता देने के भारत के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की। प्रस्ताव अब खेल समिति के माध्यम से पुष्टि के लिए महासभा में जाएगा।" पीटी उषा ने कहा कि प्रतिस्पर्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदम था। उन्होंने इसे महत्त्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

**शतरंज:** फाइनल में स्पेन के लटासा को हराया

# विश्वनाथन आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

**लियोन (स्पेन)@ पत्रिका.** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराया और 10वीं बार लियोन मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। 54 वर्षीय आनंद ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक हैं। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था।


विश्वनाथन आनंद।

इससे पहले शुरुआती सेमीफाइनल में टोपालोव के खिलाफ विश्वनाथ आनंद ने तीसरे गेम में जीत दर्ज की जबकि तीन गेम बराबरी पर छूटे।

**टेनिस:** विम्बलडन में पांच साल बाद ओसाका की जीत से वापसी

# कड़े संघर्ष के बाद अल्कारेज दूसरे दौर में पहुंचे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को सोमवार को विम्बलडन के पहले दौर के पुरुष एकल मैच में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि अल्कारेज ने दो घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में एस्टोनिया के मार्क लाजल को 7-6, 7-5, 6-2 से हराया और दूसरे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज ने कहा कि उसने मुझे थोड़ा आश्चर्यचकित कर दिया था क्योंकि मैंने उसे बहुत अधिक खेलते हुए नहीं देखा था।


कार्लोस अल्कारेज

***नाओमी ओसाका भी आगे बढ़ीं:*** पांच साल तक विम्बलडन से दूर रहने के बाद पूर्व विश्व नंबर-एक जापान की नाओमी ओसाका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

***सबालेंका हटीं:*** बेलारूस की महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने कंधे की चोट के कारण सोमवार को विम्बलडन से अपना नाम वापस ले लिया।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7032...



**बाएं से दाएं...** 1. आय-व्यय का पूर्वानुमान (3), 3. बांटना, वितरण करना (4), 6. लेखनी, कान तक के बाल (3), 8. पक्षाघात (3), 9. सिंह, शेर (2-2), 10. महाशय, महोदय (3), 11. वानप्रस्थी, तपस्वी (4), 14. भेंट, पेशगी, अग्रिम भुगतान (4), 17. जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व (5), 20. खाली होना, बीतना (3), 21. नाड़ी, नस (2), 22. आशय, स्वार्थ (4), 24. वात्सल्य, मोह, आत्मीयता (3), 25. कार्य, काज (2), 27. ईसाई सेविका (2), 28. आश्चर्य, विस्मय (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. विद्रोह, विप्लव (4), 2. भिड़ंत (4), 3. सामान्य, फलों का राजा (2), 4. खिसकना, सरकाना (3), 5. चोरी के लिए दीवार में बनाया गया छेद (3), 7. शर्माना, लज्जित होना (3), 10. भूमि (3), 12. राजी करना (3), 13. आना-जाना (5), 15. जमीन/खेत नापने की लोहे की डोरी (3), 16. निशा, रजनी (2), 17. तांबे, जस्ते, निकिल के योग से बनी धातु (4), 18. मूल्य, कीमत (2), 19. प्रथा, परंपरा (2), 23. रेखा (3), 26. रोग (2)

हल 7031



## SUDOKU 6767...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 8 | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| | | 1 | | | 5 | | 2 | |
| | | | 8 | 4 | | | | |
| 5 | | 7 | | | | | | 6 |
| 2 | | 5 | | | | | 9 | |
| | | 4 | | | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 6 | | | 1 | | |

हल 6766

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 3 | 1 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**यूरो कप 2024** // स्लोवाकिया को बड़ा उलटफेर करने से रोका, स्टॉपेज टाइम में चमके दोनों, दागे विजयी गोल

# जूड बेलिंघम और हैरी केन के गोल से क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी).** जूड बेलिंघम के स्टॉपेज टाइम में किए गोल की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को यहां स्लोवाकिया को 2-1 से हराया और यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इवान शरांज के 25वें मिनट में किए गोल से स्लोवाकिया ने बढ़त बना ली और इंग्लैंड के खिलाफ स्टापेज टाइम तक बढ़त बनाए रखने में कामयाब रही। ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड सबसे बड़े उलटफेर का शिकार न हो जाए, लेकिन जूड ने स्टापेज टाइम में बराबरी का और हैरी केन ने विजयी गोल दाग 1966 के बाद पहले बड़े खिताबी जीत की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।



जीत के बाद केन और जूड।

### स्पेन ने जार्जिया को 4-1 से दी मात, अंतिम-8 में जर्मनी से भिड़ंत

**कोलोन (जर्मनी) @ पत्रिका.** शुरुआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने यूरो कप 2024 के राउंड ऑफ 16 में जॉर्जिया को 4-1 हराया और क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल दाग जार्जिया को बढ़त दिला दी। लेकिन मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर रॉड्री ने मध्यांतर से छह मिनट पहले और फेबियन रुइज ने 51वें मिनट में गोल कर स्पेन को मुकाबले में लौटाया। निको विलियम्स ने 75वें और डानी ओल्मो ने 83वें मिनट में स्पेन के लिए गोल किए। स्पेन अब यूरो शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर-फाइनल में मेजबान जर्मनी से भिड़ेगा।

***कोपा अमरीका: क्वार्टरफाइनल में इक्वाडोर***

**ग्लेनडेल.** इक्वाडोर ने रविवार रात को स्टापेज टाइम में पेनल्टी शॉट का बचाव कर मैक्सिको से गोल रहित ड्रॉ खेला और कोपा अमरीका के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब इक्वाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप-ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको अपने पिछले पांच कोपा अमरीका मुकाबले में चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। टीम को दो साल पहले कतर में विश्व कप के पहले दौर से बाहर होना पड़ा था।

**पत्रिका पोल**

Q ऑस्ट्रेलिया में वीजा फीस दोगुनी करने से क्या भारत से 'ब्रेन-ड्रेन' पर अंकुश लग पाएगा ?

**कल का सवाल था**

क्या ब्रिटेन में भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एक बार फिर पीएम की रेस जीतने में कामयाब रहेंगे?

**जवाब**

63% हां — 37% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### तेलंगाना — केसीआर की याचिका खारिज

**हैदराबाद @ पत्रिका.** तेलंगाना हाईकोर्ट ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। केसीआर की ओर से पेश याचिका में बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित जस्टिस एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाया गया था।

### प. बंगाल — एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या

**कोलकाता @ पत्रिका.** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान तारकेश्वर इलाके के नेता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना का कारण मृतक द्वारा पचास हजार रुपए का कर्जा ना चुका पाना सामने आया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### रूस — मॉस्को में हिंदू मंदिर बनाने की उठी मांग

**मॉस्को @पत्रिका.** रूस में निवास कर रहे भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस माह होने वाली रूस यात्रा से पूर्व मॉस्को में हिंदू मंदिर बनवाने की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह मंशा रूस में भारतीय व्यापार गठबंधन और भारतीय सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय केंद्र 'सीता' के अध्यक्ष सैमी कोटवानी ने जाहिर की है।

**अफसोस:** पदोन्नति के लिए प्रचार को बताया दुखद

## आश्चर्य! कुछ जज सिर्फ एक घंटे कोर्ट में बैठते हैं: जस्टिस गवई

**कोलकाता @ पत्रिका.** न्यायिक व्यवस्था और कार्यप्रणाली के बारे में खरी-खरी बोलने के लिए चर्चित सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने हाईकोर्ट जजों की समय की पाबंदी और कुछ अन्य मुद्दों पर फिर बेबाक टिप्पणी की है। जस्टिस गवई ने आश्चर्य जताया कि कुछ हाईकोर्टों में कुछ जज अदालत में समय पर नहीं बैठते हैं। अदालत का समय सुबह 10.30 बजे और लंच का समय डेढ़ बजे है, लेकिन कुछ जज 11:30 बजे कोर्ट में बैठते हैं और 12:30 बजे उठ जाते हैं। यह बात और भी ज यादा चौंकाती है कि कुछ जज लंच के बाद कोर्ट में बैठते ही नहीं। पिछले दिनों यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि जजों को अध्ययनशील, विनम्र, कर्तव्यनिष्ठ, धैर्यवान, समयनिष्ठ, न्यायप्रिय, निष्पक्ष व निडर होने के साथ निजी व राजनीतिक पक्षपातपूर्ण प्रभावों के प्रति उदासीन होना चाहिए। जस्टिस गवई ने हाईकोर्ट जजों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए प्रचार करने के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि कुछ हाईकोर्ट जज सुप्रीम कोर्ट में अपनी पदोन्नति के लिए प्रचार के इस हद तक चले जाते हैं कि अन्य सीनियर जजों की तुलना में वही सबसे उपयुक्त पात्र हैं। इसे दुखद स्थिति बताते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि जजों का ऐसा प्रचार न्यायिक अनुशासन के सिद्धांत के लिए नुकसानदायक है। जजों से न्यायिक अनुशासन बनाए रखने की उम्मीद की जाती है।

## इंदौर: 51 लाख पेड़ लगाने के कीर्तिमान की तैयारी



**इंदौर** में 7 से 14 जुलाई के बीच एक सप्ताह के समय में 51 लाख पौधे लगाए जाने का कीर्तिमान बनाए जाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसके लिए शहर में ट्रकों में भरकर पेड़ मंगाए जा रहे हैं।

**कर्नाटक: विधायक बोले-** शिवकुमार ने पार्टी को खड़ा किया

## डीके को सीएम बनाने की मांग, सिद्धू बोले आलाकमान की मानूंगा



**बेंगलूरु @ पत्रिका.** कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही सियासी उठापटक में चन्नगिरि के पार्टी विधायक शिवगंगा बसवराज ने एक बार फिर उप मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग रखी है।बेल्लारी के कोट्टूर में सोमवार को बसवराज ने पत्रकारों से कहा कि शिवकुमार ने राज्य में पार्टी को शून्य से खड़ा किया है और उनकी बदौलत ही लोकसभा में पार्टी को एक से बढ़कर नौ सीट मिली है।

### चर्चा का विषय नहीं: सिद्धारामैया...

इस बीच मुख्यमंत्री सिद्धारामैया ने कहा कि नेतृत्व के बारे में वे कांग्रेस आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है। वोक्कालिगा संत चंद्रशेखर स्वामी के डीके को सीएम बनाने के बयान के बारे में पूछने पर सिद्धारामैया ने कहा कि संत क्या कहते हैं उस पर वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है और उसका एक आलाकमान है। आलाकमान जो भी निर्णय लेगा, वह उसके अनुसार चलेंगे।

**फ्रांस:** दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली को चुनावी बढ़त मिलने से खफा लोग सड़कों पर उतरे



**पेरिस@ पत्रिका.** फ्रांस में पहले दौर के मतदान में धुर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली की बढ़त के बाद रिपब्लिक प्लाजा में विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग। रविवार को हुए पहले चरण के चुनावों के बाद कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन को संसद में बहुमत से कम सीटें मिलेगी।

**बदलाव:** कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी का नया फॉर्मेट

# रिपोर्ट कार्ड में टाइम-मनी मैनेजमेंट के साथ होगा फ्यूचर प्लान का जिक्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली .** कक्षा एक से 12 तक के बच्चों के रिपोर्ट कार्ड जल्दी ही पूरी तरह नए रंग-रूप में दिखेंगे। नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अब सिर्फ नंबर और ग्रेड के आधार पर रिपोर्ट कार्ड तैयार नहीं होंगे। सबसे पहले यह बदलाव कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्रों के लिए करने की तैयारी है। कक्षा 9 से 12 तक के लिए एनसीईआरटी के एक विभाग 'परख' के द्वारा नया मॉडल हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) जारी किया गया है। इस समग्र प्रगति कार्ड का फोकस अब नंबरों के बजाए समग्र विकास पर होगा। इस बदलाव के तहत, अब रिपोर्ट कार्ड में स्टूडेंट, टीचर्स, पेरेंट्स और साथ पढ़ाई करने वाले बच्चों के फीडबैक भी रिपोर्ट कार्ड में शामिल किए जाएंगे।

नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन की सलाह पर यह नए समग्र रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है। हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड का फोकस इस बात पर रहेगा कि पूरे साल में बच्चों ने आखिर क्या और कितना सीखा।



### सभी कक्षाओं के लिए आएंगे समग्र कार्ड

- **कक्षा एक से दो :** फाउंडेशन स्टेज
- **कक्षा 3 से पांच :** प्रिपरेटरी स्टेज
- **कक्षा 6 से 8 :** मिडिल स्टेज

### समय प्रबंधन से लेकर पैसा प्रबंधन का कौशल

**समग्र** प्रगति कार्ड में कई खंड शामिल हैं, जैसे 'समय प्रबंधन', 'पैसा प्रबंधन' 'स्कूल के बाद की योजना' और अन्य जीवन कौशल जैसे मापदंडों पर खुद का मूल्यांकन। 'स्कूल के बाद की योजनाएं' खंड में छात्रों को अपने 'जीवन के अगले बड़े कदम' के बारे में सोचने-बात करने की जरूरत होगी।

***माता-पिता, दोस्त और शिक्षक की भी रिपोर्ट कार्ड में दिखेगी झलक...*** छात्रों को अपने माता-पिता, शिक्षकों और साथियों के साथ चर्चा करने और अपनी सामर्थ्य या क्षमताओं का विवरण देने वाला एक खंड भरना होगा। यह उन्हें स्कूल के बाद की योजनाओं को साकार करने में मदद करेगा। इससे उन्हें संभावित चुनौतियों और इन योजनाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुधारों की भी पहचान करने में मदद मिलेगी।

### कब से होगा लागू?

**नए** रिपोर्ट कार्ड का उपयोग मौजूदा 2024-25 शैक्षणिक सत्र में नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, इस सेशन में शिक्षकों को इसको लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी। राज्यों के पास एनसीईआरटी के इस समग्र विकास रिपोर्ट कार्ड को लागू करने या इसमें कुछ बदलाव करने की छूट होगी। जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों ने 2024-25 शैक्षणिक सत्र से कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए एचपीसी लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

### भावी कदम और कौशल पर भी नजर

**इसमें** छात्रों की 'उपलब्धियों की रूपरेखा' तैयार करने के लिए उनके 'कदमों और कौशल' को ट्रैक करने का भी प्रावधान है। इसमें उन्होंने प्रवेश परीक्षा, कॉलेज आवेदन और नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी देना होगा। शैक्षणिक कौशल जैसे 'स्वतंत्र कार्य/अनुसंधान में संलग्न होना', जीवन कौशल जैसे 'पैसे और बजट का मूल्य समझना' और 'स्वयं और दूसरों का तनाव प्रबंधन करना' भी शामिल है।

**प्रवासियों पर सख्ती**

## आस्ट्रेलिया ने दोगुनी से ज्यादा बढ़ाई छात्र वीजा की फीस

**कैनबरा @ पत्रिका.** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने देश में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए सोमवार से अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा शुल्क की राशि दोगुनी से ज यादा बढ़ा दी। बढ़ोतरी के बाद अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए वीजा शुल्क 710 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (472 डॉलर) से बढ़कर 1600 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (1065 डॉलर) हो गई हैं। इस कदम का असर भारतीय छात्रों पर पड़ने की आशंका हैं। भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा समूह है। ऑस्ट्रेलिया की एंथनी अल्बनीज सरकार ने सरकार ने इस नियम को 1 जुलाई से प्रभावी बनाया हैं। इसके साथ ही अस्थायी वीजा धारकों के छात्रा वीजा आवेदन करने पर भी रोक लगाई गई हैं।

**सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई नई याचिका**

## नीट-यूजी : अब किसी 'टॉपर' के नहीं आए 100 फीसदी अंक

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी री-एग्जाम 2024 का रिजल्ट घोषित कर दिया हैं। नीट री-एग्जाम 2024 के 813 उम्मीदवारों में से किसी के भी 720 में 720 अंक नहीं आए। संशोधित रिजल्ट के बाद नीट यूजी 2024 में टॉपर्स की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई है। गौरतलब है कि 4 जून को नीट परीक्षा परिणाम में बताया गया था कि इस साल नीट यूजी में कुल 67 छात्रों ने एआइआर 1 हासिल की। इन सभी उम्मीदवारों ने नीट परीक्षा 2024 में 720 अंक और 99.99 पर्सेंटाइल हासिल किया था। लेकिन 1563 बच्चों को ग्रेस मार्क्स के विवाद के बाद एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने 1563 बच्चों से ग्रेस मार्क्स वापस ले लिए हैं। उनके लिए 23 जून को री-एग्जाम का आयोजन किया हैं। अब जब नीट यूजी री-एग्जाम का रिजल्ट आया तो दोबारा परीक्षा देने वाले किसी भी कैंडिडेट्स को 720 में से 720 अंक नहीं मिले हैं।

### नई याचिका: रद्द नहीं हो परीक्षा

नीट यूजी विवाद से संबंधित नवीनतम घटनाक्रम में एक और रिट याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा रद्द करने का बजाए छात्रों की ओएमआर शीट का ही पुनर्मूल्यांकन किया जाए। रद्द करना मौलिक अधिकारों का हनन होगा।

**कुवैत बंधक विमान**

## ब्रिटिश सरकार और एयरवेज पर पीड़ितों ने ठोका मुकदमा

**लंदन @ पत्रिका.** वर्ष 1990 में कुवैत में बंधक बनाए गए ब्रिटिश एयरवेज विमान के यात्रियों ने ब्रिटेन सरकार व एयरलाइन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना इराक के तत्कालीन नेता सद्दाम हुसैन द्वारा देश पर आक्रमण करने के कुछ ही घंटों बाद हुई थी। कुआलालंपुर जा रहे विमान पर सवार इन लोगों को इराक उतार लिया गया। चार महीने तक 367 यात्री और क्रू मेम्बर बंधक रहे, सेना ने उनका उपयोग पश्चिमी हमलों के खिलाफ मानव ढाल के रूप में किया। अब 94 पीड़ितों ने लंदन के हाईकोर्ट में ब्रिटिश सरकार व ब्रिटिश एयरवेज पर उन्हें 'जानबूझकर खतरे में डालने' का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया हैं।

**अमरीका:** सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को बड़ी राहत

## राष्ट्रपति के कार्यों के लिए नहीं चल सकता मुकदमा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**वाशिंगटन .** अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। शीर्ष कोर्ट से फैसले से यह संभावना खत्म हो गई है कि ट्रंप पर नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले चुनावी परिणाम बदलने की साजिश रचने के मामले में मुकदमा चलाया जा सकेगा। कोर्ट के फैसले को ट्रंप की जीत माना जा रहा हैं।

जजों ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि पद पर रहते हुए किए गए आधिकारिक कार्यों के लिए पूर्व राष्ट्रपति मुकदमे से पूर्ण छूट के हकदार होते हैं, लेकिन अनौपचारिक कार्यों के लिए छूट नहीं है। इसका मतलब है कि ट्रंप के खिलाफ अमरीकी चुनाव में हस्तक्षेप का मामला अब निचली अदालत यानी ट्रायल कोर्ट में वापस जाएगा, जो फिर तय करेगी कि इस फैसले को कैसे लागू किया जाए। इस मामले में सुनवाई प्रतिरक्षा दावे पर फैसला आने तक स्थगित कर दी गई थी, और अब इसमें और देरी होने की संभावना है। माना जा रहा है कि ट्रायल कोर्ट इस मामले में सुनवाई राष्ट्रपति चुनाव के बाद ही करेगा।

### क्या है आरोप

**अभियोजकों** का आरोप है कि ट्रंप ने 2020 के चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश की। अधिकारियों पर दबाव डाला और सत्ता में बने रहने के प्रयास में 6 जनवरी 2021 को कैपिटल दंगे का फायदा उठाने की कोशिश की।

**तेलंगाना :** शिक्षा व्यवस्था में सुधार की कवायद

## 10 विद्यार्थियों पर 1 शिक्षक करने के लिए तबादले शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हैदराबाद .** तेलंगाना सरकार ने हर सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर शिक्षकों का स्थानांतरण और उनकी नियुक्ति शुरू कर दी है।

राज्य सरकार का लक्ष्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए हर 10 छात्रों पर एक शिक्षक का अनुपात हासिल करना हैं। स्कूल शिक्षा आयुक्त और निदेशक ए श्रीदेवसेना ने कहा कि स्वीकृत शिक्षक पदों को तदनुसार भरा जाएगा। हाल में, राज्य सरकार ने 18,942 शिक्षकों को पदोन्नत किया है। पिछली भारत राष्ट्र समिति सरकार ने 19 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक, 20-60 विद्यार्थियों पर दो व 61-90 विद्यार्थियों पर तीन शिक्षक लगाए थे। मौजूदा सरकार की योजना 1-10 विद्यार्थियों वाले स्कूल में एक शिक्षक, 11-40 विद्यार्थियों की संख्या वाले स्कूल में दो शिक्षक और 41-60 छात्रों की संख्या वाले स्कूल में तीन शिक्षक की हैं।

**बारिश:** कहीं सड़क पर मगरमच्छ, तो कहीं सीवरेज से उफनते पानी में फंसी कार

**देशभर** में मानसून की बारिश के बीच व्यवस्था की पोल खोलते विचित्र नजारे दिखाई दे रहे हैं। महाराष्ट्र के रत्नागिरी की सड़कों पर बारिश के बीच टहलते मगरमच्छ, ने दहशत फैला दी। उधर, हरियाणा के फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी में एक महिला की कार सीवरेज से निकलते पानी में जा फंसी। महिला जैसे-तैसे खिड़की से निकली।



रत्नागिरी



फरीदाबाद

## ट्रेंडिंग न्यूज



### एससीओ बैठक में जाएंगे शी जिनपिंग

**कजाकिस्तान** में हो रहे एससीओ के 24वें शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शिरकत करेंगे। वहीं, क्रेमलिन ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लीदिमीर पुतिन भी बैठक में जा सकते हैं।

### दक्षिण अफ्रीका: कैबिनेट की घोषणा

**दक्षिण** अफ्रीका में चुनाव के एक महीने बाद राष्ट्रीय एकता गठबंधन सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने नए मंत्रिमंडल के गठन की घोषणा की है। रामफोसा ने रविवार देर रात राष्ट्रीय एकता सरकार में 32 मंत्री पदों की घोषणा की।



### भारतवंशी संपत छठी बार चुने गए

**अमरीका** में भारतीय मूल के डॉ. संपत शिवांगी को छठवीं बार फिर रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधि चुना गया है। वे 13 जुलाई से 19 जुलाई तक विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में होने वाली रिपब्लिकन कन्वेन्शन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे।



# भारतीय हर माह विदेश में खर्च रहे ₹12.5 अरब

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय लोग विदेश यात्रा पर पहले से ज्यादा खर्च कर रहे हैं। पिछले पांच सालों में भारतीयों ने विदेश यात्रा पर होने वाला खर्च 3.5 गुना बढ़ा दिया हैं। वर्ष 2023-24 में हर माह लगभग 12,500 करोड़ रूपए खर्च किए गए जबकि पांच साल पहले 2018-19 में यह औसत 3,300 करोड़ रुपए प्रति माह था। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों में कही गई है। इसमें बताया गया हैं कि लाखों भारतीय अब पहले से कहीं अधिक संख्या में विदेश यात्रा करने का विकल्प चुन रहे हैं।

**लाखों भारतीय अब पहले से कहीं अधिक संख्या में कर रहे विदेश यात्रा**



रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीयों ने आरबीआई की लिब्रेलाइज्ड रिमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत विदेश यात्रा के लिए 2023-24 में कुल 17 अरब डॉलर निकाले। यह पिछले वर्ष के 13.66 अरब डॉलर की तुलना में 24.4 प्रतिशत अधिक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना वायरस महामारी के बाद यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने से विदेश यात्रा की प्रवृत्ति ने तेजी पकड़ी हैं।

### भारतीयों ने विदेश भेजी अधिक धनराशि

**विदेश** यात्रा ज्यादा करने के साथ ही भारतीयों ने विदेश में अधिक धनराशि भेजी है। भारतीय निवासियों ने विदेशों में रहने वाले परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा जैसे उद्देश्यों के लिए भी अधिक धनराशि विदेश भेजी। कुल मिलाकर एलआरएस नियम के तहत कुल बाहरी धन प्रेषण ने 2023-24 में 31.73 बिलियन डॉलर का एक और नया उच्च स्तर स्थापित किया। जबकि पिछले वर्ष यह 27.14 बिलियन डॉलर था।

**इजरायल :** सैन्य भर्ती के फरमान पर फूटा गुस्सा



**यरूशलम @पत्रिका.** इजरायल में एक विरोध रैली के दौरान पुलिस से भिड़ते अति-रुढ़िवादी (अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स) यहूदी लोग। पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि अति-रूढ़िवादी पुरुषों को सेना में भर्ती किया जाए। यह एक ऐतिहासिक फैसला है जो इजरायल में उस पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर देगा, जिसके तहत उन्हें अनिवार्य सैन्य सेवा में भर्ती होने से छूट मिलती रही है।

'स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''